सुप्रभात

रांची, सोमवार

21.04.2025

* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | बैसाख, कृष्ण पक्ष, अष्टमी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 276 | 12




ट्रंप के खिलाफ पूरे अमेरिका में प्रदर्शन

**न्यूज डायरी**

### केंद्रीय गृह सचिव 25 को रांची आयेंगे, करेंगे बैठक

रांची। केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन 25 अप्रैल को झारखंड के दौरे पर आएंगे। वे रांची में आला अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इस दौरान गृह सचिव मादक पदार्थों के अवैध व्यापार को रोकने के लिए किए गए विशेष कार्य या पहल सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा करेंगे। गृह विभाग ने इसके लिए आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी हैं। बैठक में पुलिस मुख्यालय की तरफ से भी प्रजेंटेशन दिया जाना है।

### मुर्शिदाबाद हिंसा पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**नयी दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ कानून के विरोध में हुई हिंसा के मामले पर सुप्रीम कोर्ट 21 अप्रैल को सुनवाई करेगा। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली दो सदस्य पीठ मामले पर सुनवाई करेगी। हिंसा में तीन लोगों की मौत हो गयी थी जबकि बड़ी संख्या में लोगों को बेघर होना पड़ा है।

### मुर्मू, मोदी और सीएम हेमंत ने ईस्टर की दी शुभकामनाएं

**नयी दिल्ली/रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी और झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन समेत कई नेताओं ने त्याग और करुणा के प्रतीक ईसा मसीह के पुनरुत्थान दिवस की सबको शुभकामनाएं दी है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, सभी को ईस्टर की शुभकामनाएं। वहीं सीएम हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर रविवार को पोस्ट कर सभी की हैप्पी ईस्टर कहकर बधाई दी है।

## कार्यक्रम में 1200 से अधिक वरिष्ठ अधिकारी होंगे शामिल

# झारखंड के दो उपायुक्तों को आज मिलेगा पीएम पुरस्कार

**आज सिविल सर्विस डे**

- गुमला जिले के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी समेत देश भर के चुनिंदा आइएएस अधिकारियों को स्पीकर के रूप में किया गया आमंत्रित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के दो भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को आज नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित सिविल सेवा दिवस के अवसर पर पीएम पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। इनमें सरायकेला-खरसावां के डीसी रविशंकर शुक्ला और गुमला के डीसी कर्ण सत्यार्थी हैं।

**गुमला डीसी सत्र को भी करेंगे संबोधित** : इस समारोह में गुमला जिले के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी समेत देश भर के चुनिंदा आइएएस अधिकारियों को स्पीकर के रूप में आमंत्रित किया गया है। श्री सत्यार्थी सिविल सर्विसेज चैलेंज एंड प्रोस्पेक्ट्स विषय पर अपने विचार रखेंगे। उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जिलों के समग्र विकास के लिए सार्वजनिक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार भी प्राप्त होगा। श्री सत्यार्थी, 2016 बैच के आईएएस अधिकारी हैं, जो सिविल सेवा सुधारः चुनौतियां और अवसर विषय पर सत्र को संबोधित करेंगे। यह सत्र केंद्रीय सचिव टीवी सोमनाथन की अध्यक्षता में आयोजित होगा।

### सिविल सर्विसेज चैलेंज एंड प्रोस्पेक्ट्स विषय पर डीसी करेंगे संबोधित



बताते चलें कि कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय की ओर से सत्यार्थी को दो अलग-अलग पत्रों के माध्यम से औपचारिक आमंत्रण भेजा गया है। एक पीएम पुरस्कार के लिए और दूसरा पूर्ण सत्र के वक्ता के रूप में। इस कार्यक्रम में केंद्र और राज्य सरकारों के 1,200 से अधिक वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे, जिनमें केंद्रीय मंत्रालयों के सचिव, सरकारी संगठनों के प्रमुख और मुख्य सचिव शामिल हैं। इस संबंध में कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि यह एक सम्मान है कि मुझे झारखंड के संदर्भ में नौकरशाही की चुनौतियों और अवसरों को प्रस्तुत करने का मौका मिला है, वो भी केंद्रीय सचिव के समक्ष। यह आयोजन युवा प्रशासनिक अधिकारियों की सार्वजनिक सेवा सुधारों और विकास पहलों में योगदान को रेखांकित करता है।

### सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया प्रखंड को देश का सर्वोच्च प्रशासनिक सम्मान, डीसी रविशंकर शुक्ला ग्रहण करेंगे पुरस्कार

**एजेंसी**




सरायकेला। सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया प्रखंड को प्रधानमंत्री उत्कृष्ट सार्वजनिक प्रशासन पुरस्कार 2024 के लिए आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम श्रेणी में चयनित किया गया है। यह पुरस्कार 21 अप्रैल को नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित सिविल सेवा दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से प्रदान किया जाएगा। इस सम्मान के तहत देशभर के 500 आकांक्षी प्रखंडों में से सर्वश्रेष्ठ पांच प्रदर्शनकारी प्रखंडों को चुना गया है, जिसमें गम्हरिया प्रखंड ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह पुरस्कार सरायकेला-खरसावां के उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला की ओर से प्राप्त किया जाएगा, जो प्रखंड की इस ऐतिहासिक उपलब्धि का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह सम्मान नीति आयोग की पहल पर सात जनवरी 2023 को शुरू किए गए आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश के 500 पिछड़े प्रखंडों में स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि और संबद्ध सेवाएं, मूलभूत ढांचा और सामाजिक विकास जैसे पांच प्रमुख क्षेत्रों में बेहतर शासन, सेवा वितरण और प्रमुख सूचकांकों की निगरानी के माध्यम से समग्र सामाजिक-आर्थिक प्रगति को तेज करना है।

## रांची में एयर शो का समापन, दिखी आत्मनिर्भर भारत की झलक

# सूर्य किरण एरोबेटिक टीम ने देश की रक्षा क्षमताओं का दिया परिचय : संजय सेठ

**एयर शो का करतब**

- सूर्य किरण एरोबेटिक टीम ने एयर शो में रांचीवासियों का दिल जीता
- पीएम मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में रक्षा क्षेत्र में आज भारत बन चुका है आत्मनिर्भर



रविवार को सभी नौ फाइटर विमानों ने दिखाया करतब

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची के नामकुम स्थित आर्मी ग्राउंड में आयोजित सूर्य किरण एरोबेटिक टीम के एयर शो ने दूसरे और अंतिम दिन न सिर्फ लोगों को रोमांचित किया, बल्कि देश की रक्षा क्षमताओं से भी लोगों को रूबरू कराया। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि सूर्य किरण टीम ने अद्भुत प्रदर्शन कर देशवासियों का दिल जीत लिया है। संजय सेठ ने कहा कि भारत की वायुसेना आज, पहले से कहीं ज्यादा ताकतवर और आधुनिक हो चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में आए व्यापक बदलावों से आज भारत रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन चुका है। सूर्य किरण टीम के प्रदर्शन ने इस आत्मनिर्भर भारत की छवि को और मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि इस शो ने आसमान में हमारी आन-बान-शान, तिरंगे को फहराकर दिखा दिया कि भारत किसी भी चुनौती का मुकाबला करने में सक्षम है।

### वायुसेना के जांबाज इंजीनियरों ने तकनीकी दक्षता का दिया परिचय

रक्षा राज्य मंत्री ने यह भी बताया कि शुक्रवार रात हुई तेज बारिश और ओलावृष्टि से सूर्य किरण टीम के तीन जहाज क्षतिग्रस्त हो गए थे, लेकिन हमारी वायुसेना के जांबाज इंजीनियरों ने दिन-रात मेहनत कर उन्हें फिर से उड़ान भरने लायक बना दिया। यह हमारी तकनीकी दक्षता और प्रतिबद्धता का जीवंत उदाहरण है। संजय सेठ ने इंजीनियरों की इस मेहनत को सलाम करते हुए कहा कि इसी जज्बे के कारण यह शो संभव हो पाया और दर्शकों को अद्वितीय अनुभव मिला।

### इस साल सितंबर में एक और भव्य एयर शो का किया जायेगा आयोजन

▶▶ इस आयोजन का उद्देश्य एमएसएमई सेक्टर को प्रोत्साहन देना होगा

रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि इस साल सितंबर में एक और भव्य एयर शो का आयोजन किया जाएगा, जिसका उद्देश्य एमएसएमई सेक्टर को प्रोत्साहन देना होगा। यह कार्यक्रम न केवल रक्षा क्षेत्र से जुड़े उद्योगों को बल देगा, बल्कि युवाओं में सैन्य सेवा को लेकर उत्साह भी बढ़ाएगा। उन्होंने सूर्य किरण टीम के सभी पायलटों और आयोजकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह कार्यक्रम रांची के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा।


जन शिकायतों का हो समाधान,
सरकार कर रही सर्वजन की राह आसान

खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा झारखण्ड के सभी जिलों के लिए जनहित में लोक शिकायत प्रबंधन प्रणाली (PGMS), कॉल सेंटर के माध्यम से लागू की गई है।

- PHH/AAY कार्ड बनवाने एवं नाम जुड़वाने से संबंधित
- सफेद कार्ड बनवाने, नाम जुड़वाने एवं रद्द करवाने से संबंधित
- ग्रीन कार्ड बनवाने, नाम जुड़वाने एवं रद्द करवाने से संबंधित
- राशन कार्ड की प्रविष्टियों में सुधार से संबंधित
- PHH/AAY राशन कार्ड रद्द करने से संबंधित
- धोती साड़ी योजना से संबंधित
- दाल-भात योजना से संबंधित
- नमक वितरण योजना से संबंधित
- चीनी वितरण योजना से संबंधित
- चना दाल वितरण योजना से संबंधित
- एक राष्ट्र एक राशन कार्ड योजना (ONORC) से संबंधित
- धान अधिप्राप्ति योजना से संबंधित
- पदाधिकारी के विरुद्ध शिकायत
- डीलर के विरुद्ध शिकायत
- DSD ट्रांसपोर्टर के विरुद्ध शिकायत
- डीलर द्वारा दर्ज की गई शिकायत
- राशन कार्डधारी को कम राशन मिलने से संबंधित
- राशन कार्ड धारी को राशन नहीं मिलने से संबंधित
- राशन कार्डविहीन अन्न का अभाव से संबंधित
- विभागीय NIC/आहार पोर्टल से संबंधित
- बायोमेट्रिक मशीन (e-pos) से संबंधित
- राशन उठाव हो जाने पर मोबाइल में SMS नहीं आने से संबंधित
- E-KYC से संबंधित
- खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले से संबंधित अन्य शिकायतें

राज्य के नागरिक उपरोक्त विषयों के संबंध में निम्न माध्यमों एवं निम्न नंबरों पर सोमवार से शनिवार (10am to 5pm) तक सम्पर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

TOLL FREE NO 1967 & 1800-212-5512

pgms.dfcajharkhand.in

SMS +91-896-958-3111

pgms@dfcajharkhand.in




हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR NO 350448 (Directorate of Food and Consumer Affairs) 25-26

खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड सरकार



Sreeleathers
World Class. Right Price.
SINCE 1952



सुरेश चन्द्र डे
संस्थापक – ''श्रीलेदर्स''
(21.04.1911 - 21.05.1990)

'श्री सुरेश चन्द्र डे' एक विशिष्ट व्यक्ति थे।

गुलामी की जंज़ीरें जिन्हें बाँध न सकी, जख़्मी हाथों से बहती निरंतर रक्त की धारा भी जिन्हें कर्त्तव्य पथ पर बढ़ने से रोक न सकी

ऐसे वीर महापुरूष, स्वतंत्रता सेनानी और जनसेवक को हमारा सहृदय नमन्।

For more designs & online orders visit
www.sreeleathersonline.com
sreeleathers"Since1952" sreeleathersSince1952
Scan the QR code

# सीजेआई पर निशिकांत दुबे की टिप्पणी को कांग्रेस ने बताया भाजपा की सोची समझी चाल



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीजेआई के खिलाफ भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के बयान को कांग्रेस ने देश की न्यायिक और संवैधानिक संस्थाओं पर हमला करार दिया है। रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन कर कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे का दिया गया बयान उनका व्यक्तिगत बयान नहीं हो सकता है।

**बीजेपी के शीर्ष नेता के इशारे पर दिया गया बयान : प्रदीप यादव :** झारखंड विधानसभा में विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनका मानना है कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय और मुख्य न्यायाधीश को लेकर भाजपा सांसद का बयान लोकतंत्र और उसके एक मजबूत स्तंभ न्यायपालिका पर सीधा प्रहार है। संवैधानिक संस्थाओं को डराने-धमकाने के लिए बीजेपी के शीर्षस्थ नेता के इशारे निशिकांत दुबे ने ऐसा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि निशिकांत दुबे जैसे नेता द्वारा सीजेआई और सुप्रीम कोर्ट के जज को टारगेट किया जा रहा है।

**सड़क से सदन तक लड़ेगी कांग्रेस :** कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का मानना है कि निशिकांत दुबे का सर्वोच्च न्यायालय और सीजेआई पर की गई टिप्पणी अपने वरिष्ठ नेताओं की सहमति से दी गई टिप्पणी है। देश में वैमनस्य फैलाने के लिए यह बयान दिया गया है।

**'निशिकांत का बयान उनके अल्पज्ञानी और बड़बोलेपन का परिचायक' :** कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय और सीजेआई को लेकर निशिकांत दुबे का बयान उनके अल्पज्ञान, बड़बोलेपन और लफुआगिरी का परिचायक है। उन्होंने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 13 यह इजाजत देता है कि अगर संविधान की मूल भावना के विपरीत कोई कानून बनता है तो सर्वोच्च न्यायालय उसकी समीक्षा कर सकता है।

**जरूरत पड़ी तो निशिकांत दुबे पर मुकदमा भी करेंगे :** झारखंड विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता और पोड़ैयाहाट से विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि कांग्रेस संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रही है। निशिकांत दुबे के इस बयान के खिलाफ वह सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ेंगे और जरूरत पड़ी तो मुकदमा भी करेंगे।

## 22 को होगी प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक : कमलेश

संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि बेलगामी अधिवेशन और कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में 40 दिनों तक चलने वाले संविधान बचाओ अभियान सहित अन्य बिंदुओं पर गहण समीक्षा के लिए प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक 22 अप्रैल को आहूत की गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश, जिला, विधानसभा स्तर पर संविधान बचाऔ रैली का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक में कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तैयार की जाएगी। संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष अनादि ब्रह्म, विधायक सुरेश पासवान, महासचिव राकेश सिन्हा, मीडिया विभाग के चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी, प्रवक्ता सोनाल शांति उर्फ रिंकू तिवारी, गजेन्द्र सिंह एवं राजन वर्मा भी मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रखंड कांग्रेस कमिटी के गठन हेतु प्रखंड अध्यक्ष से मांगा प्रस्ताव

रांची। संगठन सृजन वर्ष -2025 के तहत अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी कार्यसमिति के स्थायी आमंत्रित सदस्य, झारखंड प्रभारी के राजू के निर्देश पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सप्ताह के अंदर जिला के सभी प्रखंड अध्यक्षों से प्रखंड कांग्रेस कमिटी गठन हेतु प्रस्तवा का मांग किया है, जिसमें अध्यक्ष-1, उपाध्यक्ष-2, महासचिव-9 कुल -12 पदाधिकारी रहेंगे। ज्ञातव्य है कि उक्त कमिटी के गठन में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यकों का 50 प्रतिशत एवं युवा तथा महिलाओं की भागीदारी सुनिश्ति करना है। प्रस्ताव का अनुमोदन जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा करने के पश्चात प्रखंड में महीना के पांच तारीख को बैठक आयोजित कर सैकड़ों साथियों बीच में नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए प्रदेश मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने बताया कि संगठन सृजन-2025 संगठन निर्माण का वर्ष है, इसमें कार्यकताओं के सुविधा के लिए झारखंड कांग्रेस एप्प भी लॉन्च किया गया है, इस एप्प में प्रदेश कांग्रेस से लेकर पंचायत स्तर तक के नेता कार्यकर्ता अपने कार्यों का रिपोर्ट संगठन सशक्तिकरण के बारे में सुझाव और शिकायत दे सकते हैं। संगठन के कार्यकताओं से निरंतर संवाद और जुडाव बनाये रखने के लिए कनेक्ट केन्द्र की भी शुरूआत की गई है।

### एनएसयूआई प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

**रांची।** एनएसयूआई प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक रविवार को कांग्रेस भवन में हुई। इस बैठक में झारखंड प्रदेश के पदाधिकारीगण शामिल हुए। बैठक में झारखंड के तमाम विश्वविद्यालय एवं कॉलेज में अध्यनरत छात्र-छात्राओं की समस्याओं जैसे छात्र संघ चुनाव कराने, सभी कॉलेजों में प्रोफेसर की घोर अभाव, पाठ्यक्रम का सही समय पर पूरा नहीं होने एवं कॉलेज में शिक्षा का बेहतर माहौल स्थापित हो इसको लेकर मांग एवं संघर्ष करने को लेकर विचार विमर्श किया गया साथ ही मौके पर अध्यक्ष विनय उरांव ने संगठन की आगे रणनीति को स्पष्ट करते हुए कहा कि बहुत जल्द सभी जिलों में जिला कमेटी, विश्वविद्यालय कमेटी एवं कालेज कमेटी का सुचारू रूप से विस्तार किया जाएगा।

# राज्य के नगर निकायों में बनाये जायेंगे तीन लाख से ज्यादा पीएम आवास

### सभी आवासों का निर्माण वित्तीय वर्ष 2025-2026 की जनसंख्या के आधार पर अनुमानित है

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के 50 शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) में अगले पांच सालों में 3.16 लाख (3,16,706) आवास बनाए जाएंगे। यह आवास प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत बनाए जाएंगे। सभी आवासों का निर्माण वित्तीय वर्ष 2025-2026 की जनसंख्या के आधार पर अनुमानित है। नगर विकास विभाग ने अपनी रिपोर्ट में यह आकलन किया है कि चालू वित्तीय वर्ष में 50 यूएलबी की आबादी 75.70 लाख (75,70,168) से अधिक होगी, जो वर्ष 2011 की जनगणना 59.14 लाख (59,14,194) से 16.55 लाख अधिक है। इसी आधार पर विभाग ने आवासों की आवश्यकता करीब 4.96 लाख



अनुमानित किया है। वर्तमान में 2.02 लाख (2,01,879) आवास निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है। इसके अलावा अगले पांच साल में 3,16,706 आवास का निर्माण प्रस्तावित है। आवास निर्माण के उपरोक्त आंकड़े नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार की अध्यक्षता में बीते सात अप्रैल को हुई समीक्षा बैठक में आई है।

योजना का कार्यकाल 2024-2029 (पांच वर्ष) तक है बताते चलें कि केंद्र सरकार के द्वारा एक व्यापक मिशन प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)-2.0 शुरू किया गया है। योजना अंतर्गत आवास विहीन शहरी गरीबों को विभिन्न घटकों के माध्यम से पक्का आवास मुहैया कराना है। योजना का कार्यकाल 2024-2029 (पांच वर्ष) तक है। इससे पहले पीएमएवाई (शहरी) योजना की स्वीकृति जून 2015 में मिली थी, जिसकी अवधि 2025 तक है। पीएमएवाई योजना में 2,01,879 आवास निर्माण की स्वीकृति मिली थी। इसमें से 1,34,568 का निर्माण हो चुका है। 59,210 आवास की प्रगति पर है।

**रांची, जमशेदपुर और धनबाद में बनेंगे सर्वाधिक आवास**

प्रस्तावित योजना के तहत सबसे अधिक आवास धनबाद और रांची नगर निगम के अलावा जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र में बनेंगे। सबके कम आवास गढ़वा और बरहवा नगर पंचायत में बनाए जाएंगे। बता दें कि जिन शहरी स्थानीय निकायों में आवास निर्माण होना है, उसमें 9 नगर निगम, 17 नगर परिषद, 22 नगर पंचायत और 01 अधिसूचित क्षेत्र समिति (जमशेदपुर) के अलावा 01 कैंट क्षेत्र (रामगढ़) है।

# ध्रुवीकरण और भेदभाव ही है भाजपा और केन्द्र सरकार की मौलिक नीति : बंधु तिर्की

### अपनी उत्तेजना, विरोधाभासी बयानों और आधारहीन तर्कों से सरकार का बचाव नहीं कर सकते निशिकांत दुबे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री और झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि ध्रुवीकरण और सभी धर्म, जाति, समुदाय के लोगों के बीच भेदभाव को बढ़ावा देना ही भारतीय जनता पार्टी और केन्द्र सरकार की मौलिक नीति बनती जा रही है जो भाजपा और आरएसएस की विचारधारा है। श्री तिर्की ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय पर धार्मिक युद्ध भड़काने के सांसद निशिकांत दुबे के आरोप की तीखी आलोचना करते हुए श्री तिर्की में कहा कि अपने विरोधाभासी और आधारहीन बयानों, संवैधानिक प्रावधानों की गलत व्याख्या और भाषाई उत्तेजना के बलबूते श्री दुबे मोदी सरकार और भारतीय जनता पार्टी का न तो बचाव कर सकते हैं और ना ही वे भारतीय न्यायपालिका पर आक्रमण कर सकते हैं। श्री तिर्की ने कहा कि भारत का इतिहास और हमारा मौलिक स्वभाव, संवेदना, सहिष्णुता और परस्पर मैत्री का है, जहां सभी धर्म के लोगों के बीच में परस्पर सद्भाव है और एक-दूसरे के धर्म या धार्मिक परंपराओं को सम्मान के साथ देखना हमारी पहचान है।

उन्होंने कहा कि हमारा संविधान भी इसी भावना से प्रेरित है। संविधान सभा के सदस्यों ने कभी भी इस बात की कल्पना नहीं की होगी कि एक समय ऐसी स्थिति आ जायेगी जब सर्वोच्च न्यायालय द्वारा संविधान के पक्ष में कही गयी बातों और उसके आधार पर लिये गये निर्णय का सरकार, सरकार के सदस्यों और मूलतः कार्यपालिका के द्वारा ऐसी तीखी आलोचना की जायेगी जो हमारी लोकतांत्रिक जड़ों को कमजोर करने का काम करेगी। श्री तिर्की ने कहा कि भारत धर्मनिरपेक्ष देश है और संविधान से ऊपर कोई भी नहीं है। संविधान के अनुच्छेद 53 के अनुसार राष्ट्रपति को जो जिम्मेदारी सौपी गयी है उसका निर्वहन उन्हें करना है। वहीं दूसरी ओर सर्वोच्च न्यायालय भी वह संवैधानिक संस्थान है, जिसके ऊपर निष्पक्षता से हमारे संविधान के अनुपालन की जिम्मेदारी है। श्री तिर्की ने कहा कि इस मूल संवैधानिक भावना से उलट जिस प्रकार से उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने जिन शब्दों में सर्वोच्च न्यायालय की आलोचना की है और उसके बाद किरण रिजीजू, मनन मिश्रा, निशिकांत दुबे एवं अन्य कुछ एक मंत्रियों, सांसदों एवं नेताओं के द्वारा जैसे वक्तव्य दिये जा रहे हैं। उससे यह स्पष्ट है कि केन्द्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा उकसावे की कार्रवाई की जा रही है। इससे न केवल भारतीय लोकतंत्र की जड़े कमजोर होगी, बल्कि यह सर्वोच्च न्यायालय और हमारे संविधान को आघात पहुंचाने की कोशिश है, जो कभी भी सफल नहीं हो सकती।

### पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास

**रांची।** रविवार को वार्ड संख्या 49 अंतर्गत मिलन चौक से नीम चौक तक एवं पत्थर रोड से वारसी चौक होते हुए काली मंदिर से मिल्लत कॉलोनी स्टार टेंट हाउस एवं सरकारी कुआं से मस्जिद असरा तक बिटुमिनस पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास हटिया विधायक नवीन जयसवाल एवं वार्ड 49 की निवर्तमान पार्षद जमीला खातून के द्वारा किया गया। मौके पर हटिया विधायक ने लोगो को बताया कि ये योजना वार्ड की निवर्तमान पार्षद जमीला खातून के कार्यकाल में ही लाया गया था जो किसी कारण से पिछेल ढाई सालों से लंबित था,परंतु जमीला खातून के प्रयास से ये योजना आज वार्ड 49 की जनता को समर्पित किया गया।


**शपथ पत्र**

यह कि मेरे दो पुत्री का आधार कार्ड है जिसमे प्रथम पुत्री का आधार नंबर- 427798724621 और द्वितीय का 2084 8822 0612 है। जिसमें मेरे प्रथम पुत्री का नाम आदिति कुमारी (Aditi kumari) और द्वितीय पुत्री का नाम आयुषी कुमारी (Ayushi Kumari) है। एवं डाक घर बचत बैंक लातेहार में मेरे प्रथम पुत्री का जन्म तिथि 14/08/2009 हो गया है। आधार कार्ड में जन्म तिथि 14/08/2010 है जो की आधार कार्ड का जन्म तिथि सही है। द्वितीय पुत्री का दिनांक-28/05/2011 हो गया है। एवं आधार कार्ड में जन्म तिथि दिनांक-11/05/2013 है जो कि आधार कार्ड का जन्म तिथि सही है। यह कि डाक घर बचत बैंक लातेहार में मेरे प्रथम पुत्री का शाखा नंबर 5805904823 है और द्वितीय पुत्री का शाखा नंबर सं०-5805904809 है। भुल वश मेरे प्रथम पुत्री का नाम श्रेया राज (shreya raj) और द्वितीय पुत्री का नाम श्रावणी राज (Shravani Raj) हो गया था मैं अपने प्रथम पुत्री का नाम आदिति कुमारी (aditi kumari) और द्वितीय पुत्री का नाम आयुषी कुमारी (Ayushi Kumari) कराने के लिए मैं यह शपथ पत्र कर रहा हूँ।


# कांग्रेस में प्रदेश कमेटी से लेकर वार्ड कमेटी तक 50% पद होंगे आरक्षित, महिलाओं और युवाओं को भी मिलेगी जगह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राहुल गांधी की जिसकी जितनी हिस्सेदारी, उसकी उतनी भागीदारी के नारे को पार्टी के अंदर धरातल पर उतारने की रणनीति तैयार कर ली गई है। पार्टी ने 15 जुलाई तक गठित होने वाली प्रदेश कांग्रेस कमेटी और उससे पहले 12-12 पदाधिकारियों वाले प्रखंड कांग्रेस कमेटी, मंडल कांग्रेस कमेटी और पंचायत-वार्ड कांग्रेस कमेटी में भी 50% पद अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और माइनॉरिटी को दिए जाएंगे। इतना ही नहीं पार्टी ने इस बार अनारक्षित और आरक्षित दोनों वर्गों से 50% पदाधिकारी के पद युवाओं और महिलाओं को देने की योजना बनाई है।



**वंचित वर्ग को हिस्सेदारी मिलने से पार्टी मजबूत होगी : सतीश पॉल :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने कहा कि जिसकी जितनी हिस्सेदारी, उसकी उतनी भागीदारी के तहत वंचित वर्ग को अधिकार मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस बार युवाओं को भी मौका मिलेगा।

उन्होंने कहा कि जिस ओर युवा करवट लेता है, उस ओर जमाना चलता है। उन्होंने कहा कि नई समिति में हम आधी आबादी को भी पूरी भागीदारी देंगे।

**कांग्रेस के संविधान में ही आरक्षण का है प्रावधान : केशव महतो :** झारखंड में 15 जुलाई तक नई प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) का गठन होना है। उससे पहले ब्लॉक, मंडल, पंचायत और वार्ड स्तर तक कांग्रेस की 12 सदस्यीय कमेटी का गठन होना है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि हमारी पार्टी के संविधान में ही वंचित वर्गों को संगठन में भागीदारी सुनिश्ति करने के लिए आरक्षण का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संविधान के अनुच्छेद 6-ए के अनुसार, प्रदेश कांग्रेस समितियों के 50% सदस्य अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ वर्ग और अल्पसंख्यक के लिए आरक्षित होंगे। जिनमें से आधे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के सदस्य होंगे।

इसके अतिरिक्त आरक्षित श्रेणियों और अनारक्षित श्रेणियों दोनों में 50 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों के साथ-साथ युवा और महिलाओं के लिए भी 50% आरक्षण होगा। ऐसे में आनेवाले दिनों में जब वार्ड से लेकर पीसीसी तक समिति गठित होगी तो उसमें पार्टी संविधान में किए गए प्रावधान को हम हकीकत में बदलते देखेंगे।

# स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की ट्रांसफर पोस्टिंग करना मेरी जिम्मेदारी : इरफान अंसारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने रिम्स निदेशक को हटाए जाने के सवाल पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि स्वास्थ्य विभाग उनका अपना विभाग है। किसी भी पदाधिकारी की ट्रांसफर पोस्टिंग करना उनकी जिम्मेदारी है। उनके विभाग में कोई हस्तक्षेप करेगा तो वे बर्दाश्त नहीं करेंगे। मंत्री इरफान अंसारी ने बीजेपी पर आदिवासी, मुसलमान और ईसाईयों की जमीनों को बेचने की साजिश रचने का आरोप लगाया है।



**भाजपा के बयान पर पलटवार :** मालूम हो कि रिम्स निदेशक को हटाए जाने को लेकर विपक्ष के नेताओं के बयान तेजी से सामने आ रहे हैं। बीजेपी नेता ट्वीट करके और बयान देकर रिम्स निदेशक को हटाये जाने के बहाने विपक्ष मंत्री इरफान अंसारी पर हमलावर हैं। इधर, मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी जनता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उन्हें दी है। पदाधिकारी की ट्रांसफर पोस्टिंग करना उनकी जिम्मेदारी है। इसमें वे किसी का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं करेंगे। मंत्री इरफान अंसारी ने बीजेपी लीडर्स को ट्विटर वाला नेता बताया है।

**स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर करने के लिए कर रहे हैं काम**

स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुधारने और बेहतर करने की दिशा में काम कर रहे हैं। जो पदाधिकारी अच्छा काम करेगा वही रहेगा और जो गलत करेगा उसको हटा दिया जाएगा। किसको रखना है किसको नहीं रखता है, यह उनकी जिम्मेदारी हमारी है। उन्होंने बीजेपी नेता से पूछा कि वे कौन होते हैं यब सब बोलने वाले। भाजपा ने 18 साल के दौरान राज्य में व्यवस्था को चौपट करके रख दिया है और लोगों को सड़क में लाकर खड़ा कर दिया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि उनका सपना है कि प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था ठीक से काम करें।

# धर्मांतरित लोगों को नहीं लेने देंगे झारखंड में आरक्षण : चंपई

### चाकुलिया में झारखंड टाइगर की दहाड़, कहा-आदिवासियों के अस्तित्व की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाएंगे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/चाकुलिया।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन ने आदिवासी समाज के अस्तित्व एवं आत्म-सम्मान के लिए चल रहे आंदोलन को मुकाम तक पहुंचाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि जिस आदिवासी संस्कृति की रक्षा के लिए बाबा तिलका मांझी, वीर सिदो-कान्हू, पोटो हो, टाना भगत एवं भगवान बिरसा मुंडा ने बलिदान दिया, उसे हम यूंही मिटने नहीं देंगे। चाकुलिया टाउन हॉल में आयोजित आदिवासी महासम्मेलन में उन्होंने आदिवासी समाज को धर्मांतरण के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान करते हुए कहा कि अगर हम अभी भी नहीं चेते, तो भविष्य में हमारे जाहेरस्थानों, सरना स्थलों एवं देशाउली में पूजा करने वाला कोई नहीं बचेगा।

आदिवासी सांवता सुशार अखाड़ा एवं भारत जकात मांझी परगना महाल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि भारत के संविधान द्वारा आरक्षण का अधिकार आदिवासियों को दिया गया है। जो लोग हमारी परंपराओं तथा जीवन शैली को छोड़ चुके हैं, उन्हें इसमें अतिक्रमण का कोई अधिकार नहीं है। वहां मौजूद हजारों लोगों ने दोनों हाथ उठा कर, उनका पुरजोर समर्थन किया। आदिवासी समाज के मांझी परगना, पाहन, पड़हा राजा, मानकी-मुंडा आदि को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि आज संथाल परगना एवं छोटानागपुर क्षेत्र में धर्मांतरण इतनी तेजी से बढ़ रहा है, उसके पिछे एक बड़ा कारण आदिवासी समाज की पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था का ध्वस्त होना है। उन्होंने समाज के पारंपरिक ग्राम प्रधानों, अगुवाओं तथा धर्मगुरुओं को आगे आकर समाज को बचाने की इस लड़ाई में शामिल होने का आह्वान किया।



संथाल-परगना के हालात का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि साहिबगंज, राजमहल, दुमका एवं पाकुड़ जैसे स्थानों में भूमिपुत्रों की स्थिति दयनीय है। साहिबगंज की जिला परिषद अध्यक्ष का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आदिवासियों के लिए आरक्षित इस सीट से जीती इस महिला के पति मुस्लिम समुदाय से आते हैं। जब दूसरे समाज में शादी के बाद हमारे समाज में बेटियों का जीते-जी अंतिम संस्कार कर दिया जाता है, तो फिर ये लोग हमारे समाज के अधिकारों में अतिक्रमण कैसे कर रहे है? जब आदिवासी समाज में शादी के बाद बेटियों को पैतृक संपत्ति में कोई हिस्सा नहीं मिलता और उन्हें सारे अधिकार ससुराल में मिलते हैं, फिर एसपीटी एक्ट लागू रहने के बावजूद इन बांग्लादेशी घुसपैठियों को जमाई टोला बनाने के लिए जमीन उपलब्ध करवाने वाले कौन लोग हैं?

उन्होंने सरायकेला-खरसावां जिले के कपाली के बांधगोड़ा गांव का उदाहरण देते हुए बताया कि सीएनटी एक्ट लागू होने के बावजूद वहाँ भी आदिवासियों की डेढ़ सौ एकड़ से अधिक जमीन छीनी जा चुका है। इसे रोकना जरूरी है। पूर्व सीएम ने कहा कि राज्य की तथाकथित अबुआ सरकार जिस कांग्रेस के साथ गठबंधन में है, उसने हमेशा ही आदिवासियों को धोखा दिया है। 1961 में आदिवासी धर्म कोड हटवाने वाली तथा झारखंड आंदोलन के दौरान कई बार आदिवासियों पर गोली चलवाने वाली कांग्रेस ने, महान आदिवासी नेता कार्तिक उरांव द्वारा लाए गए डीलिस्टिंग बिल को 322 सांसदों तथा 26 राज्यसभा सांसदों द्वारा लिखित समर्थन के बावजूद, ठंडे बस्ते में डाल दिया था। कार्यक्रम से पहले पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने वीर सिदो-कान्हू तथा संथाली भाषा की ओलचिकी लिपि के आविष्कारक पंडित रघुनाथ मुर्मू की प्रतिमा को श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। तत्पश्चात उन्होंने चाकुलिया स्थित दिशोम जाहेर गढ़ में पूजा-अर्चना किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मांझी परगना, आदिवासी समाज के अगुवा, पारंपरिक ग्राम प्रधान तथा हजारों की संख्या में आम लोग उपस्थित थे।

सुप्रभात

सोमवार 21.04.2025

धनबाद, वर्ष 01, अंक 358

epaper.khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

### झारखंड बंगला भाषी उन्नयन समिति का 23 अप्रैल को राज्य स्तरीय बंगाली संस्कृति कार्यक्रम

## झारखंड के स्कूलों में बंगला भाषा के शिक्षकों की नियुक्ति और पढ़ाई शुरू करायी जाये: फूलचंद मंडल

**झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य और निरसा विधायक अरूप चटर्जी होंगे शामिल**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** रविवार को झारखंड बंगला भाषी उन्नयन समिति द्वारा पूर्व विधायक फूलचंद मंडल के बरवाअड्डा स्थित आवास में प्रेस वार्ता के दौरान पूर्व विधायक फूलचंद मंडल ने बताया कि बंगला झारखंड की मुख्य भाषा है, और उन्होंने राज्य सरकार से इस भाषा की गरिमा को बरकरार रखने के लिए स्कूलों में बांग्ला भाषा के शिक्षकों की नियुक्ति और पढ़ाई शुरू करवाई जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्कूलों में कई बच्चे बांग्ला भाषी है जो बंगला पढ़ना चाहते हैं। ज्ञात हो कुछ महीने पहले क्षेत्रीय और जनजातीय भाषा सर्वे के दौरान वास्तविक नामांकन पर बांग्ला भाषा की पुस्तक छपाई के लिए सभी विद्यालयों से प्रतिवेदन भी भेजा गया है। श्री मंडल ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप 40% से अधिक बंगला भाषी विद्यार्थी हैं। जिनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। झारखंड बांग्ला भाषी उन्नयन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष रीना मंडल ने बताया बांग्ला भाषा संस्कृति को संजोए रखने के लिए आगामी 23 अप्रैल को बरवाअड्डा दुर्गा मंदिर प्रांगण में राज्य स्तरीय बंगाली संस्कृति का कार्यक्रम किया जाएगा। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में लगभग 100 से ज्यादा प्रतिभागी भाग लेंगे। जिसमें बच्चे, महिलाएं, पुरुष और युवा शामिल है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय महासचिव सुप्रिय भट्टाचार्य होंगे और विशेष अतिथि के रूप में निरसा विधायक अरूप चटर्जी। इस भव्य कार्यक्रम में झारखंड के सभी जिले से गणमान्य लोग जुटेंगे। प्रेस वार्ता में पूर्व विधायक फूलचंद मंडल, तपन मंडल, वृंदावन मंडल, आशीष मंडल, सुमंतो मंडल, लगेन बाउरी, पार्थो सेनगुप्ता, रघुनाथ राय, शिबू चक्रवर्ती, मिथुन मंडल, बैद्यनाथ मंडल, सोनाली मंडल, नुना मंडल, मंजू मंडल, बिनोती मंडल, भादुरानी मंडल मौजूद रहे।

## मंडल कारा में जेल अदालत व जागरूकता शिविर आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**धनबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान मे रविवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश पर धनबाद जेल मे जेल अदालत व विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस बावत जानकारी देते हुए प्राधिकार के प्रभारी सचिव सह अवर न्यायाधिश राजीव कुमार सिंह ने बताया की जेल अदालत मे निपटारे के लिए दो केस चिन्हित किए गए थे, जिसका विचारण किया गया हालांकि आवश्यक अहर्ता पूरी नहीं करने के कारण उन्हें छोड़ा नहीं जा सका वहीं दूसरी ओर न्यायिक पदाधिकारी व लीगल एड डिफेंस काउंसिल की टीम द्वारा द्वारा बंदियों को विभिन्न कानूनो की जानकारी विधिक जागरूकता शिविर के माध्यंम से दी गई। मौके पर डॉक्टरों की टीम के द्वारा जेल में निरुद्ध बंदियों का स्वास्थ्य जांच किया गया। इस मौके पर और न्यायाधीश राजीव कुमार सिंह, एलएडीसीएस के चीफ कुमार बिमलेन्दु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक एलएडीसीएस नीरज गोयल, शैलेन्द्र झा, सुमन पाठक, कारा अधीक्षक, जेलर, डालसा सहायक, अरुण कुमार, सहायक अजय कुमार, नवीन कुमार, कारा विधि स्वयंसेवक विशाल कुमार सिंह उपस्थित थे।

### स्पीड न्यूज

### अरूप चटर्जी ने किया सड़क का उद्घाटन



**कुमारधुबी।** ग्रामीण कार्य विभाग (डी फिल्टर प्लांट एम एफ टी ) योजना अंतर्गत बिरला ढाल अग्रसेन भवन जामताडा रोड से पुराना फिल्टर प्लांट भाया खदान ( 1.25 किमी) सड़क का शिलान्यास रविवार को निरसा विधायक अरूप चटर्जी ने किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि प्रशांत बनर्जी, निरसा भाजपा मंडल अध्यक्ष बृहस्पति पासवान, जिला परिषद सदस्य दीपा रुईदास, स्थानीय मुखिया रिंकू देवी निरसा उत्तर पंचायत मुखिया सह निरसा प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष दिनेश सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

### मारवाड़ी महिला ने संकल्प लिया करो योग रहो निरोग




**कतरास।** मारवाड़ी महिला समिति द्वारा संचालित स्थाई योग केंद्र का एक साल पूरा होने की उपलक्ष्य में रविवार को कतरास सत्संग भवन में कार्यक्रम आयोजित की गयी। योग प्रायाणाम का अभ्यास किया गया।पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के योग शिक्षक चंद्रावती दीदी, संतोष कुमार, रीतू अग्रवाल को दुप्पटा ओढ़ा कर सम्मानित किया। संकल्प लिया कि योग से हम सभी शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ हो। समिति की पूर्व अध्यक्ष प्रियंका चौधरी,राखी रजनी, सीता खंडेलवाल, कंचन, पूनम, सुधा, मंजू, नूतन, मंजू, रीना, सुधा साव आदि महिलाओं ने भाग लिया।

### धनबाद में अवैध खनन व कोल तस्करी पर रोक नही

# आउट सोर्सिंग कंपनी की तर्ज पर कराये जा रहे हैं अवैध खनन

## टुंडो - खास टुंडो- प्रेम नगर में अवैध खदान पर कब होगी कारवाई

**मधुबन थाना के ब्राह्मणडीहा में हुई भराई**



### कोल तस्करों के पीठ पर किसका हाथ?





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कतरास।** रंग दारी और कोयले का अवैध खनन व कारोबार के लिए दो माह पूर्व चर्चे में आया मधुबन थाना व धमाबांध ओपी क्षेत्र इन दिनों फिर सुर्खियों में है। यहां बेखौफ होकर आउटसोर्सिंग कंपनीकी तर्ज पर अवैध खनन कराये जा रहे हैं। कहीं भूमिगत तो कहीं खुले में मशीन से कोयला निकाला जा रहा है। बीसी सीसीएल, स्थानीय प्रशासन, सीआई एसएफ की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं। इसी क्षेत्र में अन्य जगहों में बड़े पैमाने पर खनन हो रहा है।

**टुंडो टोला व प्रेम नगर के पास सारेआम हो रहा है खनन:** शुक्रवार को ब्राह्मणडीहा स्थित जंगल में अवैध मुहाने को गोबिंदपुर क्षेत्र की प्रबन्धकीय टीम ने सीआईएसएफ व पुलिस के सहयोग से बंद कराया। लेकिन सिनीडीह- टुंडो मार्ग में सुरेंद्र मार्केट से कुछ दूरी पर, सेनीडीह प्रेमनगर के पास, खास टुंडो टोला के बगल में खुलेआम कराये जा रहे कोयले का अवैध खनन को रोकने के लिए बीसीसीएल प्रबन्धन स्थानीय मधुबन पुलिस कब कदम उठायेगी। यह सवाल क्षेत्र के लोगों की जेहन में कौंध रहा है। ऐसा लोगों को सोचना भी लाजमी है। कारण यह कि बीसीसीएल प्रबन्धन भूमिगत खदानों को एक - एक कर बन्द करती जा रही है। वहीं बिना किसी सुरक्षा के अवैध ढंग से भूमिगत कोयला खनन किया जा रहा है और बेचा जा रहा है।इससे राष्ट्रीय संपत्ति की क्षति हो रही है। अवैध खनन स्थल परिक्षेत्र में बसी आबादी को जान माल पर खतरा की संभावना से इंकार नहीं किया जा सक ता है। बता दें खास टुंडो अवैध खनन स्थल बरोरा थाना क्षेत्र में पड़ता है। कम्पनी के आवास और घनी आबादी से एक सौ गज की दूरी पर कराया जा रहा है खनन सेनीडीह फोरलेन से टुंडो जाने वाले मार्ग में रेलवे पुल तक एक ओर बीसीसीएल का क्वाटर है। दूसरी ओर भी कई आवास है। उसके कुछ फासले पर भूमिगत खनन हो रहा है। खास टुंडो बस्ती में भी घनी आबादी है। इसी के बगल में अवैध खनन जोर शोर से चल रहा है। यही हाल प्रेम नगर की है। जमीन के अंदर से अंधाधुंध कटाई से भू-धसान की घटना से इंकार नही किया जा सकता है। हर रात में दर्जनों ट्रक कोयला लोड कर भेजा जाता है।

### दबंग धंधेबाज, मसलमैंन को किसका है आशीर्वाद

इन तीनों जगहों में अवैध खनन कराने वाले कई दबंग, जनता के नुमाइंदे व मसल मैन हैं, जिनको उनके आका का आशीर्वाद मिला हुआ है। निरोधी एजेंसी से भी गहरी छनती है। जिसके चलते सेनीडीह और खास टुंडो में अब तक छापामारी दल नहीं जा पाई। प्रेमनगर के पास ग्रामीणों के विरोध पर ही मुहाने की भराई हुई थी। लेकिन असर नहीं हुआ। लेकिन कुछ दिन के बाद पुनः चालू हो गया। इन जगहों खुले आम खनन कराया जा रहा है।

### टुंडो होल्ट के पास और सेनीडीह-टुंडो मार्ग के क्वाटर में मजदूर लिए हैं आश्रय

गिरीडीह व अन्य जिले से मजदूर लाकर खनन कराए जा रहे हैं। इनमें खास टुंडो में खनन करने वाले मजदूरों को बन्द टुंडो रेलवे होल्ट से कुछ फासले पर ठहराया गया है। जबकि सेनीडीह-टुंडो मार्ग में मन्दिर से कुछ फासले पर कम्पनी के ही एक आवास में ठहराया गया है।

### राजगंज में दिया जाता है पेपर

कोयला लोड कर ट्रकों को राजगंज भेजा जाता है। जहां वजन कराने के बाद व्यवसायियों के मन मुताबिक पेपर देकर गंतव्य को भेजा जाता है।बता दें जिला प्रशासन की टीम कई बार राजगंज में छापामारी कर कोल तस्करों पर प्राथमिकी दर्ज करा चुकी है। लेकिन ठोस परिणाम सामने नही आया। रात में राजगंज अवैध कोल लदी ट्रकें पहुंचती है।

### रेलवे कालोनी का रास्ता बंद किए जाने के विरोध में महिलाओं ने किया विरोध-प्रदर्शन



**धनबाद।** स्टेशन रोड स्थित रेलवे कॉलोनी आने जाने वाली सड़क को रेल प्रशासन आईडब्लू द्वारा बंद किए जाने के विरोध में रविवार को कॉलोनी की महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया। महिलाओं का कहना है कि सालों से इस रास्ते से वे आना जाना करते आ रही है। उनके कॉलोनी से चंद दुरी पर ही रेलवे स्टेशन भी है। इसी रास्ते से रेल कर्मी ड्यूटी भी जाते है। यह हमलोगो के लिए सबसे सुलभ रास्ता है। लेकिन विकल्प के तौर पर एक दूसरा रास्ता दिया गया है जोकि महिलाओ के लिये सुरक्षित नहीं है। शाम ढलते ही वह रास्ता नशेड़ियों का अड्डा बन जाता है। रास्ते में लाईट भी पर्याप्त नहीं जलती है। इधर कॉलोनी की महिलाओ के भारी विरोध के बाद रास्ते को बंद करने के कार्य पर रोक लगा दी गई है।

### एक नजर में

### झामुमो सिंदरी नगर कमेटी ने सिंदरी थाना प्रभारी संजय कुमार को किया सम्मानित



**सिंदरी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा सिंदरी नगर कमेटी ने सिंदरी थाना प्रभारी संजय कुमार को थाना परिसर में शॉल ओढ़ाकर और बुके देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का नेतृत्व पार्टी सिंदरी नगर अध्यक्ष परशुराम सिंह ने किया।इस अवसर पर धनबाद महानगर जिला सचिव रामू मंडल ने कहा कि ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी सिंदरी थाना प्रभारी संजय कुमार समाज के लिए प्रेरणा हैं। उनकी त्वरित कार्रवाई और आम जनता के प्रति सकारात्मक व्यवहार से लोगों में सुरक्षा की भावना बनी है। झामुमो ऐसे अधिकारियों का सम्मान करता रहेगा। संजय कुमार ने अपने उत्कृष्ट कार्य और कानून व्यवस्था बनाए रखने के प्रयास को समाज ने भी सराहा है। कार्यक्रम में सिंदरी नगर उपाध्यक्ष जगदीश हांसदा, मलय चंद्र महतो, वार्ड 53 अध्यक्ष नीतिश सिन्हा, पूर्व युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष रोहित मंडल, सुरेश मंडल शामिल थे।

### अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार न्यायिक सुरक्षा परिषद की बैठक हुई संपन्न



**जोड़ापोखर।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार न्यायिक सुरक्षा परिषद का बैठक प्रदेश महासचिव शमीम शाह के आवासीय कार्यालय फुशबंग्ला में रखा गया।बैठक के अध्यक्षता प्रदेश महासचिव शमीम शाह तथा संचालन वरिष्ठ जिला अध्यक्ष प्रवीण सिंह ने किया। बैठक अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार के पदाधिकारी को अपने संस्था के उद्देश्य के बारे में जानकारी दिया गया। जिसमें मुख्य रूप से महिला उत्पीड़न बाल उत्पीड़न दबे कुचले को न्याय दिलाना तथा समाज में छुपे भ्रष्ट लोगों को उजागर करना सरकारी तंत्र में भ्रष्ट अधिकारियों एवं उनके खिलाफ आवाज उठाना हमारा मुख्य उद्देश्य है जो पत्रकार के ऊपर हमला हुआ इसकी अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कड़ी निंदा करता है। इसमें उचित जांच कर कार्रवाई करें। बैठक पर शामिल प्रदेश महासचिव शमीम शाह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रवीण सिंह, सचिव संजीत सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा के सचिव मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद शहाबुद्दीन इदरीसी, अल्पसंख्यक जिला सचिव मोहम्मद कलाम, महिला प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष अनीता सिंह, भिखारी रामधारी, विनोद विश्वकर्मा, मोहम्मद मनीष, मोहम्मद इमरान आलम, शहजादी खातून, रेखा कुमारी, गिरिजा देवी इत्यादि लोग शामिल थे।

### जेईई मेंस की परीक्षा में रजनीश ट्यूटोरियल के दो छात्रों ने लहराया परचम



**सिंदरी।** सिंदरी के रजनीश ट्यूटोरियल के छात्र पीयूष कुमार शाह ने जेईई मेंस में 99 .33 प्रतिशत और छात्रा खदीजा नोमान ने 97 .26 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शिक्षण संस्थान सहित सिंदरी का नाम रौशन किया है। दोनों छात्रों ने अपनी सफलता का मुख्य कारण पूरे वर्ष लगातार मेहनत को दिया है। रजनीश ट्यूटोरियल के शिक्षक आदित्य सुमन ने कहा कि अब छात्रों को सिंदरी के माहौल में ही श्रेष्ठतम पढ़ाई प्राप्त हो रही है और इसके लिए बाहर जाने की कोई जरूरत नहीं है।बैंक ऑफ इंडिया के कैशियर सह पूर्व सैन्यकर्मी दीपक कुमार शाह और डिनोबली स्कूल की शिक्षिका रेखालिका शाह के पुत्र पीयूष ने जेईई मेंस में 99 .33 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। पीयूष ने बताया कि माता पिता ने इस सफलता के लिए लगातार प्रेरित किया। पीयूष ने कहा कि वह इंजीनियर बनकर देश की सेवा करना चाहते हैं। वहीं जेईई मेंस की परीक्षा में 97 .26 प्रतिशत प्राप्त करने वाली होनहार छात्रा खदीजा नोमान ने कहा कि पूरे वर्ष पढ़ाई के प्रति रुझान रखने से आप सफल हो सकते हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता सहित रजनीश ट्यूटोरियल के शिक्षक आदित्य सुमन को दिया है। खदीजा ने बताया कि शिक्षक आदित्य लगातार विषयों पर तरह तरह से प्रश्न तैयार कर उसे आसान बना देते हैं।

### लिंडसे क्लब एंड लाइब्रेरी ने शुरू की बंगला सिखाने की मुहिम



**धनबाद।** धनबाद लिन्डसे क्लब एवं पुस्तकालय ने एक अनोखा प्रयास और प्रयोग रविवार को अपने पुस्तकालय के प्रांगण में शुभारंभ किया है। जिसका शीर्षक है आवोल तावोल बांग्ला पढ़ो, बांग्ला लेखो। चुकि झारखंड के स्कूलो मे बंगला सिखाने का चलन बिल्कुल समाप्त हो चुका हे ,जिसके कारण बंगला साहित्य के अपार सम्भावनाओं से आज के युवा समुदाय वंचित रह गये।धनबाद मे एक बहुसंख्यक बंगाली समुदाय रहते है उसी बंगाली समुदाय के छोटे छोटे बच्चो को बंगाला सिखाने के एक मुहिम चलाया जा रहा हे। इसके इलावा बहुत सारे हिन्दी भाषी बच्चो ने भी बंगला सिखने का आग्रह जताया है। कार्यक्रम सम्पूर्ण रुप से नि:शुल्क किया गया। बंगाली समुदाय के ऐसे जानेमाने शिक्षक एवं शिक्षिका पढ़ा रहे है जो कि धनबाद के विभिन्न स्कुल एवं कॉलेज में कार्यरत रह चुके है। साथ ही स्कुल ऑफ आर्ट का उपयोगी आयोजन भी किया जा रहे हे जिसके तहत बहुत ही न्यूनतम शुल्क में हर बच्चो एवं युवाओं को अंकन सिखाने का आयोजन प्रत्येक रविवार सुबह 9 बजे से लिन्डसे क्लब पुस्तकालय के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा।

## सविमं सिंदरी के कर्मी स्व. रमेश बाउरी के दाह-संस्कार में नहीं शामिल हुआ स्कूल परिवार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सिंदरी।** सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल सिंदरी के चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी रमेश बाउरी का दाह संस्कार शनिवार को रात में ही दामोदर नदी के मोहलबनी श्मशान घाट पर हुआ। मुखाग्नि मृतक के 13 वर्गीय पुत्र विशेष बाउरी ने दिया।रमेश बाउरी की अंतिम यात्रा में उसके गांव राजा बस्ती बाउरी टोला के 31 से अधिक लोग शामिल हुए थे। परंतु सरस्वती विद्या मंदिर से ना तो प्रबंधकीय समिति, ना प्रशासनिक अधिकारी और ना ही स्कूल परिवार के एक व्यक्ति भी शामिल हुए। अंबेडकर युवा मंच के अध्यक्ष बुधन राम ने कहा कि रमेश विद्यालय परिवार का सदस्य था। बुधन राम ने कहा कि परंतु विद्यालय ने उसके अंतिम यात्रा से दूरी बनाकर अमानवीयता का परिचय दिया है।बताते चलें कि सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल सिंदरी के चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी रमेश बाउरी विगत 11 अप्रैल को स्कूल के प्राचार्य के आवास में पेड़ काटने के दौरान फिसल कर चोटिल हो गए थे। स्कूल प्रबंधन ने केन्द्र सरकार की योजना इ एस आई सी के तहत धनबाद के असर्फी अस्पताल में इलाज कराया। शुक्रवार की देर रात रमेश बाउरी की मौत के बाद पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों ने स्कूल गेट पर शव रखकर मुआवजा राशि, नियोजन और एकमात्र पुत्र की निःशुल्क शिक्षा की माँग की थी। प्रशासन की मध्यस्थता के बाद परिजन और स्कूल प्रबंधन के बीच निर्णय में केन्द्र सरकार की योजना इ एस आई सी की राशि, कर्मचारी द्वारा जमा पीएफ और ग्रेच्यूटी की राशि, पत्नी ममता बाउरी को तत्काल नियोजन और पुत्र को बारहवीं कक्षा तक निःशुल्क शिक्षा पर समझौता हुआ। इसके साथ स्कूल प्रबंधन ने मृतक के दाह संस्कार के लिए 40 हजार रुपए दिया।

## धनबाद के डॉक्टर बी के सिन्हा को मिला डॉक्टरेट की उपाधि



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद के डॉक्टर बी के सिन्हा को डॉक्टरेट की उपाधि मिली। डॉक्टर विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि जॉर्जिया डिजिटल यूनिवर्सिटी दिलवारी के रेडिशन होटल में आयोजित कार्यक्रम में डॉक्टरेट की उपाधि दी गई। यह उपाधि जॉर्जिया डिजिटल यूनिवर्सिटी के द्वारा 22 मार्च 2025 को दिया गया। वही उन्होंने बताया कि स्किन से जुड़ी कोई भी समस्या अगर होती है तो उसका बेहतर इलाज किया जाता है। फंगल इन्फेक्शन, पिंपल्स, सफेद दाग, डार्क स्पॉट, छाइया, बालों का झड़ना इत्यादि विभिन्न स्किन से जुड़े रोगा का इलाज किया जाता है।

## चेंबर आफ कामर्स की ओर से वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

# मांग के पूरा होने पर देश आर्थिक तौर से होगा मजबूत : सांसद

खबर मन्त्र संवाददाता




**धनबाद।** वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर रविवार को शहर के न्यू टाउन हॉल में फेडरेशन ऑफ धनबाद जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद ढूलू महतो शामिल हुए। सांसद ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन की मांग देश के 140 करोड़ जनता की मांग है। इस मामले को वे संसद में भी उठाएंगे। इस मांग के पूरा होने से देश आर्थिक तौर से मजबूत होगा।समय और पैसे दोनो की बचत होगी। देश विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा.वन नेशन वन इलेक्शन के मुद्दे पर विपक्ष के विरोध के सवाल पर सांसद ने कहा कि विपक्ष के पास आज कोई मुद्दा नहीं है कोई वीजन नहीं है कोई लक्ष्य नहीं है।प्रधानमंत्री के द्वारा उठाये गए हरेक अच्छे कामों का विरोध करना ही विपक्ष का काम रह गया है। विधायक राज सिन्हा ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर आयोजित यह संगोष्ठी कार्यक्रम काफी सफल रहा।सभी ने इस महत्वपूर्ण विषय पर अपनी राय दी और बिल्कुल ही देश में यह लागू भी होना चाहिए।इस संगोष्ठी में चिकित्सक,,व्यापारी, अधिवक्ता, शिक्षाविद,कई एनजी ओ के प्रतिनिधि कई सामाजिक राजनीतिक संगठनों के लोगों ने हिस्सा लिया।सभी ने एक देश एक चुनाव को देश में लागू कराने पर जोर दिया।

जिला चेम्बर के महासचिव ने बताया कि यह संगोष्ठी पूरी तरफ सफल रहा और अब लोग पोस्टकार्ड के जरिये भी अपनी बात को राष्ट्रपति तक पहुंचाएंगे।कार्यक्रम में मुख्य रूप से झरिया विधायक रागिनी सिंह, जिप अध्यक्ष शारदा सिंह, आईआईटी आईएसएम के डिप्टी डायरेक्टर प्रो. धीरज कुमार उपस्थित हुए।

## वन नेशन वन इलेक्शन पर ज्ञान बांट रहा जिला चेंबर ऑफ कामर्स

वन नेशन, वन इलेक्शन विषय आयोजित संगोष्ठी पर कांग्रेसी नेता सह बैंक मोड़ चैम्बर के पूर्व अध्यक्ष प्रभात सुरुलिया ने तंज कसा है। उन्होंने कहा ज़िला चैंबर ऑफ कॉमर्स जो खुदका चुनाव समय पर नहीं कर पाता है, हिसाब किताब का ऑडिटेड बैलेंस शीट नहीं दे पाता है, वो आज वन नेशन वन इलेक्शन जैसे गंभी मुद्दे पर एक पार्टी से जुड़े लोगों की भीड़ बुला कर ज्ञान बाँट रहा है। इतना गंभीर विषय जिसपे संसद के दोनों सदन के नेताओं की ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमिटी चर्चा कर रही है, उस जे.पी.सी के सदस्य देश के बड़े बड़े महानुभाव है, सुप्रीम कोर्ट के लॉयर्स हैं, लेकिन धनबाद के जिला चैंबर को ईसपे चर्चा करनी। व्यापारियों से जुड़े मुद्दों पर तो इस चैंबर को सांप सूंघ जाता है।देश मे इतना इंफ्रास्ट्रक्चर है ही नहीं की एक साथ चुनाव करवा सके जब हर चुनाव कई चरणों मे दो तीन महीने मे होता है तो पुरे देश राज्यों का एक साथ चुनाव तो साल भर मे भी नहीं हो पायेगा ऐसे मे लगातार साल भर अचार सहिंता व्यापारी आम आदमी झेलेगा क्या?

## एक नजर में

### बाघमारा थाना को मिलेगा स्मार्ट भवन

**कतरास।** बाघमारा थाना को स्मार्ट भवन बनाने की दिशा में कारवाई शुरू हो गयी है। बाघमारा अंचल के अमीन लक्ष्मण प्रसाद मेहता ने इसके लिए जमीन की मापी किया।बताते हैं कि पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड रांची के अभियंता के सूचनानुसार बाघमारा थाना परिसर में उपलब्ध भूमि का अंचल अमीन द्वारा मापी करवा कर उक्त भूमि का खाता नम्बर, प्लॉट नम्बर उपलब्ध कराने के लिए भू मापी करायी गयी।

### री एडमिशन एवं फीस बढ़ोतरी के विरोध में अनिश्चितकालीन धरना 13 वें दिन भी जारी

**मैथन।** डीएवी स्कूल निरसा द्वारा री एडमिशन एवं फीस बढ़ोतरी के विरोध में अभिभावकों का चल रहा अनिश्चितकालीन धरना रविवार को 13 वें दिन भी जारी रहा। अभिभावकों का कहना है कि जब तक स्कूल प्रबंधन री एडमिशन एवं फीस बढ़ोतरी कम नहीं करती आंदोलन जारी रहेगा।शनिवार को झारखंड राज्य अभिभावक संघ के अध्यक्ष पप्पू सिंह एवं महासचिव मनोज मिश्रा अभिभावकों के धरना स्थल पर पहुंचकर अभिभावकों का मनोबल बढ़ाया तथा उनकी लड़ाई में हर तरह से सहयोग करने की बात कही थी।झारखंड राज्य अभिभावक संघ के पदाधिकारी इस मसले को लेकर जिला शिक्षा अधीक्षक से भी मिले थे तथा अभिभावकों की लड़ाई को जायज बताते हुए आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की थी।

### यमुनासार तालाब में घाट निर्माण कार्य का शिलान्यास



पुटकी। रविवार को 15 वें वित्त आयोग से लगभग चार लाख रुपये की लागत की मद से सियालगुदरी पंचायत अंतर्गत यमुनासार तालाब में घाट निर्माण कार्य का शिलान्यास जिला परिषद धनबाद की सदस्य कुमारी रूपा ने नारियल फोड़ कर किया। मौके पर कविता देवी, माला देवी, दिनेश साव, सुमन देवी, रोटा देवी, खुदन तुरी, शिकारी बाउरी आदि मौजूद थे ।

### मारवाड़ी युवा मंच, सरायढेला शाखा के नव-निर्वाचित कार्यकारिणी ने ली शपथ



**धनबाद।** रविवार को धनबाद क्लब में मारवाड़ी युवा मंच, सरायढेला शाखा का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नव-निर्वाचित कार्यकारिणी ने समाज सेवा की शपथ ली। साथ ही मंच ने आगामी कई प्रमुख कार्यक्रमों की घोषणा की जो डी सी डी ए के सहयोग से पूरे वर्ष संचालित किए जाएंगे।महिलाओं के लिए गर्भाशय ग्रीवा वैक्सीन, एकल डोज स्वास्थ्य शिविर जिसमें दंत चिकित्सा, नेत्र जांच और सामान्य जांच शामिल हैं। गरीब विद्यार्थियों हेतु छात्रवृत्ति योजना जिसमें किताबें, यूनिफॉर्म एवं फीस शामिल, अमृत धारा, रक्तदान शिविर, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सेवा क्षेत्र में निरंतर सक्रिय भागीदारी,समारोह का समापन मंच के सदस्यों द्वारा एकजुटता, समर्पण और समाज सेवा की शपथ के साथ हुआ। ज्ञात हो कि सत्र 2025 -26 के लिए नव-निर्वाचित पदाधिकारीगण में अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाला, सचिव विकास अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शंभु अग्रवाल, उपाध्यक्ष विशाल सावरिया,कार्यकारिणी सदस्य, डॉ उर्मी, खुशबू भाभी, नेहा अग्रवाला, सुमन अग्रवाला, नेहा केजरीवाल, प्रियंका चौधरी, निशा अग्रवाल, नीलिमा अग्रवाला, पायल, मोनिका, रिशु, शिल्पा, आयुषी, एकता, नेहा, गुंजन, प्रिया, स्वाति, मेघा गोयल, पूजा सिंघल बने है। कार्यक्रम में डीडीसी सदात अनवर, जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल प्रांतीय उपाध्यक्ष, झारखंड, मारवाड़ी युवा मंच, विवेक लिल्हा एवं बजरंग अग्रवाल, पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष, प्रवीण काजरियाल, पूर्व अध्यक्ष प्रियंका चौधरी, निर्वाचन पदाधिकारी, नीरज अग्रवाल, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।

### ग्रामीण विकास विभाग विशेष प्रमंडल, जिले की 11 सड़कों का कराएगा निर्माण

**धनबाद।** जिले के ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों की सूरत जल्द बदलने वाली है। ग्रामीण विकास विभाग विशेष प्रमंडल की ओर से छह करोड़ की लागत से बाघमारा, गोविंदपुर तथा निरसा प्रखंड के 11 सड़कों का निर्माण कराया जायेगा।इसके लिए विभाग ने कवादय शुरू कर दी है। सड़कों के निर्माण की लंबे समय से मांग की जा रही थी। जनप्रतिनिधियों ने भी सड़क निर्माण की मांग की थी। सड़कों का निर्माण दो से तीन महीनों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। जिन सड़को का निर्माण होगा, उसमे बाघमारा प्रखंड की नौ सड़कें हैं तथा निरसा तथा गोविंदपुर प्रखंड की एक-एक सड़क शामिल है। बाघमारा प्रखंड में बौआकल पंचायत में बड़की बौआ मोड़ से महादेव मंदिर तक 72 लाख की लागत से सड़क का निर्माण किया जाना है। बाघमारा प्रखंड में ही हीरक रोड से जमुनियाटांड़ तक पीसीसी सड़क बनाने में 80 लाख रुपए खर्च करने की योजना है। इसी प्रखंड के लोहपिट्टी हीरक रोड से आमटांड़ जमुनिया नदी तक पीसीसी सड़क के निर्माण पर 81 लाख रुपए का खर्च करना है। बाघमारा के लिए बौआ कला उत्तर पंचायत के शिवपुरम में सड़क तथा कलवर्ट के लिए 55 लाख रुपए की योजना तैयार की गई है। बागदाहा पंचायत के बरवाडीह हरि मंदिर से मायरा कुल्ही तक सड़क तथा नाली बनाने के लिए एक करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है।

## ईसाई धर्मावलंबियों ने धूम धाम से मनाया ईस्टर संडे



धनबाद। ईसाई धर्मावलंबियों ने रविवार को ईस्टर संडे धूमधाम के साथ मनाया गया। संत अंथोनी चर्च में सुबह प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभा के अंत में एक दूसरे को गले मिलकर तथा हाथ मिलाकर हैप्पी ईस्टर कहते हुए शुभकामनाएं दीं। फादर अमातुस कुजूर ने अपने संदेश में कहा कि- आज प्रभु यीशु के पुनरुत्थान का पर्व सारी दुनिया मना रही है। पुनरुत्थान का शाब्दिक अर्थ है पुनः उत्थान अर्थात फिर से उठना। प्रभु यीशु को क्रूस मृत्यु दिए जाने के पश्चात उन्हें एक कब्र में उनके मृत शरीर को एक कब्र में रखा जाता है लेकिन वहां से मृत्यु को अपने ऊपर अधिकार न करने देते हुए मृतकों में से जी उठते हैं। सांसारिक रूप से हम यह कह सकते हैं कि हम जब भी कभी गिरते हैं, हमें ठोकर लगती है अथवा बीमार पड़ते हैं तो हम स्वयं को हमेशा वापस फिर से उठाना चाहते हैं और हम उठ खड़े होते हैं। मृत्यु शब्द से यहां तात्पर्य सिर्फ शारीरिक मृत्यु नहीं है बल्कि हर वह एक गलत काम है जो हम अपने जीवन में हम करते हैं और बार-बार उसमें से ऊपर उठने की कोशिश करते हैं। जिस प्रकार प्रभु यीशु ने अपनी मृत्यु पर विजय पाई और फिर से जी उठे ठीक उसी प्रकार हमें भी अपने हर एक दिन किए जाने वाली उन गलतियों और पापों से ऊपर उठना है और फिर से एक नये जीवन को प्राप्त करना है। यदि हम ऐसा करते हैं तभी प्रभु यीशु द्वारा हमारे लिए क्रूस पर दी गई मृत्यु सफल साबित होती है।

## अंधेरे का सामना कर रहे लोगों ने आंदोलन का निर्णय लिया

**महुदा।** मुरलीडीह 20/21 पिट्स कोलियरी सहित अन्य कोलयरियों की सुरक्षा हेतु सीआईएसएफ की मांग को लेकर संयुक्त मोर्चा 21 अप्रैलको संयुक्त मोर्चा पश्चिमी झरिया क्षेत्र के क्षेत्रीय कार्यालय मूनीडीह के मुख्य द्वार पर एक दिवसीय धरना देगा।संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधियों ने प्रबंधन को पत्र देकर कहा है कि मुरलीडीह 20/21 पिट्स कोलयरी एवं आसपास के क्षेत्रो में लगातार चोरी की घटना हो रही है, जिससे कंपनी को लाखों का नुकसान हो रहा है। लगातार दो-दो बार चोरों ने तांबा का क्वायल निकालने के प्रयास में ट्रांसफार्मर को क्षतिग्रस्त कर दिया। 23 मार्च की रात को मुरलीडीह 20/21 पिट्स के ट्रांसफार्मर को अपराधियों के द्वारा क्षतिग्रस्त किये जाने के बाद से अब तक पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूबा हुआ है। इससे पूर्व रात 9 बजे से सुबह 5 बजे तक सीआईएसएफ की नियुक्ति रहती थी। तब तक चोरी की घटना भी नहीं होती थी। संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों में जमसं के जीपी सिंह, विद्या प्रकाश पांडेय, बदरूद्दीन अंसारी, पीएन तिवारी, मोइनुद्दीन अंसारी, देबेन गयाली का पत्र में हस्ताक्षर शामिल है।

# डीवीसी मैथन में सीआईएसएफ यूनिट का अग्नि सुरक्षा सप्ताह का भव्य समापन

खबर मन्त्र संवाददाता



**मैथन।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की डीवीसी मैथन इकाई का सीआईएसएफ फायर स्टेशन में रविवार को अग्नि सुरक्षा सप्ताह का समापन हुआ। समापन समारोह के अवसर पर डीवीसी के कार्यपालक निदेशक सह मैथन परियोजना प्रमुख सुमन प्रसाद सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।समापन समारोह में सीआईएसएफ के अग्निशमन दस्ते द्वारा आग लगने की आपात स्थिति से निपटने, बचाव कार्य करने और विभिन्न अग्निशमन उपकरणों के संचालन का सजीव एवं रोमांचक प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में आग बुझाने के आधुनिक तरीकों और उपकरणों का प्रभावी उपयोग दिखाया गया, जिसकी उपस्थित लोगों ने भरपूर सराहना की।

मौके पर मुख्य अतिथि सुमन प्रसाद सिंह ने अग्नि सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केवल अग्निशमन विभाग की ही जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। उन्होंने सप्ताह भर चली गतिविधियों, जैसे मॉक ड्रिल, जागरूकता अभियान और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की सफलता के लिए सीआईएसएफ इकाई की सराहना की। उन्होंने इस वर्ष की थीम ₹यूनाइट टू इग्नाइट ए फायर सेफ इंडिया₹ का उल्लेख करते हुए एकजुट होकर अग्नि सुरक्षा संस्कृति को मजबूत करने पर बल दिया। वहीं सीआईएसएफ के सहायक कमांडेंट एस प्रतीक ने कहा कि अग्नि सुरक्षा सप्ताह पूरे देश भर में मनाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य जनमानस में अग्नि से बचाव और सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना है। उन्होंने सभी से अग्नि सुरक्षा के प्रति सदैव सतर्क रहने तथा नियमों का निष्ठापूर्वक पालन करने का आग्रह किया।सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं, जैसे कि निबंध लेखन, चित्रकला और प्रश्नोत्तरी के विजेताओं को मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।इस अवसर पर सीआईएसएफ के उप कमांडेंट अनिल कुमार, डीवीसी के डीजीएम (स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ संघमित्रा नंदी, सहायक कमांडेंट (अग्नि) यूके सिन्हा, सहायक कमांडेंट एस प्रतीक, इंस्पेक्टर ददन सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मृत्यु



**पुटकी।** मुनीडीह ओपी क्षेत्र के रूपेश चौक के पास शनिवार की देर करीब नौ बजे हुई सड़क दुर्घटना में घायल बारडूभी बस्ती निवासी उमा कांत सिंह के 32 वर्षीय पुत्र सकलदेव सिंह की देर रात इलाज के दौरान धनबाद के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई ।मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया । रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव आते ही पूरा बारडूभी बस्ती में शोक की लहर छा गई । मृतक मुनीडीह में संचालित खदान में संवेदक पर मुंशी का काम करता था।अंतिम संस्कार दामोदर नदी के कपाल घाट पर किया गया।मृतक अपने पीछे अपनी पत्नी, एक चार वर्षीय बेटा ,एक तीन वर्षीय पुत्री, माँ, पिता के साथ पूरा भरा परिवार अपने पीछे छोड़ गया। स्थानीय लोगों के साथ जनप्रतिनिधि ने प्रशासन से घटना की जाँच कर दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की।मुनीडीह पुलिस हुए घटना की जाँच में जुट गई।आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाला रही है।बताते चले कि शनिवार की देर रात करीब नौ बजे मृतक अपनी बाइक से अपना घर बारडूभी बस्ती जा रहा था तभी रूपेश चौक के पास एक अज्ञात बाइक के साथ आपस में टक्कर हो गई थी जिसमे मृतक सकलदेव सिंह को गंभीर चोट लगी थी । और दूसरा अज्ञात बाइक चालक बाइक सहित घटना स्थल से फरार हो गया था । मौके पर मुनीडीह की पुलिस एसआई परशुराम चौधरी एएसआई प्रदीप कुमार पांडेय पहुँच आस पास लोगो की मदद से मुनीडीह स्तिथ बीसीसीएल अस्पताल लाया गया जहाँ हालत गंभीर देख धनबाद ले जाया गया था।

## भाजपा विधायक सीपी सिंह के दिमागी दिवालियापन को दर्शाता है मुस्लिम समुदाय को जिहादी कहना : अहमद रजा नूरी

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिरिडीह।** जिला कांग्रेस कमिटी गिरिडीह के अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष अहमद रजा नूरी ने कहा कि रांची विधायक सी पी सिंह के द्वारा मुस्लिम समुदाय को जिहादी शब्द से संबोधित किए जाने का निंदा करता हूं। इस प्रकार के भाषा का प्रयोग भाजपा विधायक सी पी सिंह का दिमागी दिवालियापन दशार्ता है। ऐसा प्रतीत होता है कि वह अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं और सामान्य व्यक्ति की तरह भी वह आचरण नहीं करते हैं। मेरा सी पी सिंह को सलाह होगी कि अपना दिमाग का इलाज कांके में कराएं। यह उनका आचरण बिल्कुल स्तरहीन है और ऐसा स्तरहीन व्यक्ति का प्रतिनिधि बने रहना किसी भी विधानसभा क्षेत्र के लिए बहुत शर्मनाक बात है। विधायक सी पी सिंह को अक्सर देखा जाता है कि ये एक विशेष समुदाय मुस्लिम के प्रति नफरत की भाषा का प्रयोग करते है। इस तरह का कृत किसी भी सभ्य समाज, जिला, राज्य एवं देश के लिए बेहतर नहीं हैं।

राजनीति में वाद विवाद चलता रहता है, इसका मतलब यह नहीं है कि अगर आपका किसी मंत्री से मतभेद हो तो आप उसके पूरे समाज के ऊपर (जेहादी ) अशोभनीय शब्दों का प्रयोग करें। यह बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, क्योंकि यह झारखंड है जंगल राज नहीं है की आप जो बोल दिए और मुस्लिम समुदाय बर्दाश्त कर लेगा, इस घटना से मुस्लिम समाज में काफी आक्रोश है। भाजपा विधायक सी पी को पूरे मुस्लिम समाज से माफी मांगना चाहिए।

## इनर व्हील क्लब ऑफ धनबाद माइलस्टोन की सदस्याओं ने की वृद्धजनों की सेवा



**धनबाद।** इनर व्हील क्लब धनबाद, माइलस्टोन के बैनर तले क्लब के सदस्यों के द्वारा रविवार को संबलपुर के सहयोगी नगर स्थित वृद्धजनों के आश्रयस्थल ओल्ड एज होम का दौरा किया गया। संस्था ने सभी वृद्धजनों के लिए कपड़े, राशन, फल, सब्जी आदि भेंट किए गए। यह कार्यक्रम क्लब की सदस्य कविता गुप्ता, सरिता गुप्ता एवं ममता गुप्ता के सौजन्य से किया गया। इस अवसर पर वृद्ध जनो के लिए नाश्ते की भी व्यवस्था की गई। मौके पर इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष रश्मि सहाय, सचिव ऋतु श्रीवास्तव एवं कोषाध्यक्ष रेणु कौशल मौजूद रहीं।

## न्यायाधीश ने लोदना रक्षा काली धाम में की पूजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश संजय प्रसाद रविवार को अपने दो दिवसीय दौरे पर कोयला राजधानी धनबाद पहुंचे। श्री प्रसाद सबसे पहले बीसीसीएल के लोदना क्षेत्र स्थित मां रक्षा काली धाम मंदिर पहुंचे। वहां विधिवत पूजा अर्चना की। इस दौरान पत्रकारों से कहा कि 70 साल पहले जिस हालत में लोदना कोलियरी थी आज भी उसी तरह है। आज भी लोगों की जिंदगी वही है कुछ खास बदलाव नहीं हुआ है आज भी वही सड़के वही गलियां वही माइंस देखने को मिल रही है यहां के लोगों की जिंदगी में कोई भी वैसा बदलाव नहीं आया है जैसा अपेक्षा थी। बता दे कि हाई कोर्ट के जस्टिस संजय प्रसाद का लोदना से पुराना लगाव रहा है जस्टिस संजय प्रसाद ने 1970 में भागा के सरकारी स्कूल स्वतंत्रता भारत स्कूल से मैट्रिक पास किया था वही मीडिया से बात करते हुए हाई कोर्ट के जस्टिस संजय प्रसाद ने कहा कि पहले की तरह आज भी कोई बदलाव नहीं हुआ है जिस तरह से बदलाव होना चाहिए और इसके लिए सरकार और आमजन जिम्मेवार है। वहीं पुनर्वास पर उन्होंने कहा कि सरकार पुनर्वास को लेकर गंभीर रहे और अग्नि प्रभावित क्षेत्र में रह रहे है लोगों को अति शीघ्र पुनर्वास नीति के तहत समुचित व्यवस्था देकर उन्हें विस्थापित करें।

# गुरु नानक कॉलेज धनबाद की प्रस्तुति 'मेला बैसाखी दा'

खबर मन्त्र संवाददाता





**धनबाद।** बैसाखी पर्व मनाते हुए गुरु नानक कॉलेज, धनबाद द्वारा कॉलेज कैंपस भूदा अवस्थित एस जे एस ग्रेवाल ऑडिटोरियम में एक सांस्कृतिक संध्या 'मेला बैसाखी दा' का आयोजन किया गया।

यह रंगारंग और ऊजार्वान कार्यक्रम के अंतर्गत कॉलेज के सांस्कृतिक विभाग के सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने गीतों और नृत्यों के असाधारण प्रदर्शन के माध्यम से पंजाब की विविध परंपराओं और संस्कृति को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम में कुल 14 लोकगीतों और नृत्य की प्रस्तुतियाँ हुईं। कार्यक्रम की शुरूआत गुरुनानक कॉलेज, धनबाद के प्राचार्य डॉ. संजय प्रसाद के स्वागत भाषण से हुई। कॉलेज के अध्यक्ष सरदार आर.एस. चाहल ने ऐसी समृद्ध संस्कृति का जश्न मनाने और उससे जुड़ने के लिए ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की प्रासंगिकता के बारे में अपने विचार साझा किए। उक्त उत्सव के सुअवसर पर गुरु नानक कॉलेज की प्रतिष्ठित वार्षिक पत्रिका का चौथा संस्करण 'बैसाखी-2025' का विमोचन किया गया। इस अवसर पर गुरु नानक कॉलेज के उन छात्र-छात्राओं को विशेष सम्मान से नवाजा गया जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन द्वारा कालेज का नाम रोशन किया।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र का संचालन डॉ मीना मालखंडी ने किया और कल्चरल सत्र का संचालन मिसेज निष्ठा सूद ने किया एवं गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी, बड़ा गुरुद्वारा, धनबाद के अध्यक्ष सह कॉलेज शासी निकाय के सचिव सरदार डी.एस. ग्रेवाल ने औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन किया और कॉलेज के छात्रों और उनके प्रशिक्षकों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी, बड़ा गुरुद्वारा, धनबाद की ओर से सरदार मंजीत सिंह सलूजा, सरदार तेजपाल सिंह, सरदार मंजीत सिंह, सरदार गुरचरण सिंह मांजा, सरदार राजेंदर सिंह एवं सरदार सतेंदर सिंह मेहता उपस्थित थें। कॉलेज शासी निकाय के सम्मानित सदस्य (अकादमिक ) एवं कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रो. पी. शेखर के साथ साथ शक्ति मंदिर, धनबाद के मानिंद सदस्य की उपस्थिति रही। गुरु गोबिंद सिंह स्टडी सर्किल, धनबाद के सदस्यगण, बिनोद बिहारी महतो कोयलाँचल विश्वविद्यालय, धनबाद के भूतपूर्व छात्रकल्याण संकायाध्यक्ष, डॉ देबजानी बिस्वास एवं डॉ एस. के. सिन्हा, बांग्ला विभाग की अवकाशप्राप्त प्राध्यापिका, डॉ शमीर्ला बनर्जी उपस्थित थी।

गुरु नानक कॉलेज धनबाद के समस्त शिक्षकगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मी, कॉलेज पूर्ववर्ती छात्र संगठन के सदस्यगण, एन एस एस वॉलिंटियर्स, एन सी सी वॉलिंटियर्स, एवं धनबाद शहर के सिख समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# 21,000 राशन कार्डधारियों का ई-केवाईसी लंबित

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड में अब भी 21,000 राशन कार्डधारियों का ई-केवाईसी लंबित है, जिसमें आदिम जनजाति समुदाय के लगभग 30 सदस्य भी शामिल हैं। विभाग द्वारा ई-केवाईसी की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई है, लेकिन कार्य में धीमी गति चिंता का विषय बनी हुई है। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह एमओ राकेश सहाय ने इस संबंध में सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को पत्र जारी करते हुए निर्देश दिया है कि ई-केवाईसी कार्य में लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बीडीओ ने कहा कि वे ई-केवाईसी और धोती-साड़ी वितरण में फिसड्डी रहे 10 डीलरों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु वरीय पदाधिकारी को पत्र भेजेंगे। उन्होंने

## बीडीओ ने दिए सख्त निर्देश



बीडीओ राकेश सहाय

स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि डीलर उन लाभुकों की विस्तृत सूची 48 घंटे के भीतर प्रस्तुत करें, जिनका ई-केवाईसी नहीं हो पाया है। सूची में लाभुक का नाम, पिता का नाम, राशन कार्ड संख्या के साथ यह कारण भी स्पष्ट रूप से लिखना होगा कि ई-केवाईसी क्यों नहीं हुआ - जैसे कि पलायन, मृत्यु, शादी के बाद ससुराल जाना, या बाहर निवास। बीडीओ ने इसे सख्त हिदायत मानते हुए सभी डीलरों को निर्देशित किया कि वे अपने स्तर से बचे हुए लाभुकों का ई-केवाईसी शीघ्र पूरा करें, ताकि किसी को अनावश्यक रूप से राशन लाभ से वंचित न होना पड़े। इस संदर्भ में मंगलवार शाम 4:00 बजे सभी डीलरों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें ई-केवाईसी की प्रगति पर चर्चा की जाएगी।

# विधिक जागरूकता व स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा मंडल कारा परिसर में रविवार को एक विशेष कार्यक्रम के तहत जेल अदालत, विधिक जागरूकता शिविर एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

यह आयोजन नालसा एवं झालसा के तत्वावधान में तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा अध्यक्ष नलिन कुमार के निदेर्शानुसार संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव निभा रंजना लकड़ा, एसडीओ संजय कुमार तथा प्रभारी जेल सुप्रीटेंडेंट की उपस्थिति में बंदियों को उनके विधिक अधिकारों की जानकारी दी गई।



जेल अदालत में उपस्थित लोग

सचिव निभा लकड़ा ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर बंदियों को निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने की व्यवस्था है। उन्होंने यह भी बताया कि यदि कोई बंदी उच्च न्यायालय में अपील या जमानत हेतु आवेदन करना चाहता है तो वह प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकार को भेज सकता है। इस अवसर पर लगभग 240 महिला एवं पुरुष कैदियों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें ब्लड प्रेशर, शुगर, आंखों सहित सामान्य स्वास्थ्य की जांच की गई और आवश्यकतानुसार दवाइयां भी दी गईं। सचिव ने जेल में मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता, महिला एवं पुरुष वार्ड की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। मौके पर एलएडीसीएस के प्रमुख प्रविंद साहू, डिप्टी प्रमुख अनिता रंजन, सहायक सुधीर तिवारी, उत्तम भारती, सदर अस्पताल गढ़वा की मेडिकल टीम सहित न्यायालय कर्मी प्रमोद कुमार दूबे, राजेश कुमार समेत कई अधिकारी उपस्थित थे।

## कीमती पेड़ो का कटाई, सीओ ने दो वहनाओ को किया जप्त

**रानेश्वर।** प्रखंड के दक्षिणजोल पंचायत के धतका गांव में कीमती पेड़ो का अवैध रूप से कटाई करने का मामला प्रकाश में आया है। पेड़ो का अवैध कटाई का सूचना स्थानीय लोगो ने रानेश्वर अंचल सीओ शादाँ नुसरत को दिया। रविवार को सीओ ने स्थल पहुचकर मामले का जांच किया। सीओ ने बताया कि लकड़ी माफिया द्वारा विशाल पेड़ो का कटाई किया गया है। माफिया द्वारा क्रेन के माध्यम से कीमती पेड़ो के बट को 12 चक्का ट्रक में लादकर ले जाने के फिराक में था। कीमती लकड़ी कटाई करने वाले माफिया यूपी एवं पलामू के डालटनगंज से संबंधित है। बिना परमिशन के पेड़ो का कटाई किया जा रहा है।

# सदर अस्पताल में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



जागरूक करते पीएलवी


खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तत्वावधान में सदर अस्पताल गढ़वा में एक विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पीएलवी की तीन सदस्यीय टीम ने आयुष्मान कार्ड बनवा रहे लाभार्थियों के साथ संवाद कर उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं और कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। पीएलवी अरविंद तिवारी ने असंगठित मजदूरों के लिए श्रमाधान निबंधन, सड़क सुरक्षा और सरकार की लोक-कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं पीएलवी तृप्ता भानु ने विक्टिम कंपेंसेशन योजना, घरेलू हिंसा से जुड़े मामलों में मध्यस्थता के माध्यम से समाधान की प्रक्रिया और जिला मध्यस्थता केंद्र की भूमिका पर चर्चा की। जबकि पीएलवी सुनीता पांडेय ने मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना, टोल फ्री कानूनी सहायता नंबर 15100, एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के उपयोग के बारे में जागरूक किया। मौके पर एचआरआईटी हॉस्पिटल को-ऑर्डिनेटर रितिक कुमार, उदय साह, रंजू देवी, रमेश सोनी, राजकुमार भुईयां, संजीदा बीबी आदि उपस्थित थे।

# जलमीनार की सिंटेक्स फटने से पेयजल संकट

खबर मन्त्र संवाददाता

**केतार।** थाना क्षेत्र अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुकुंदपुर के पास स्थित जलमीनार पर लगे सिंटेक्स के फट जाने से इलाके में पेयजल संकट गहरा गया है। यह जलमीनार 15वें वित्त आयोग के तहत स्थापित किया गया था, लेकिन इसकी लगातार दो बार विफलता ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय निवासी नगीना वियार, नागेंद्र चंद्रवंशी, सोनू चंद्रवंशी, अनिल वियार और भरदूल वियार ने बताया कि सितंबर में पहली बार सिंटेक्स फटने की घटना हुई थी और अगर उस समय कोई व्यक्ति आसपास मौजूद होता, तो गंभीर रूप से घायल हो सकता था। जनवरी में दूसरा सिंटेक्स लगाया गया, लेकिन दो माह बाद



जलमीनार

वह भी फट गया। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र के अन्य पेयजल स्रोत भी खराब पड़े हैं। जैसे पंचायत भवन के पास, भरदूल वियार के घर के पास और सूर्य नारायण मंदिर परिसर के चापाकल काम नहीं कर रहे हैं। ऐसे में गांव में पीने के पानी की भारी किल्लत हो गई है। लोगों ने आरोप लगाया कि 14वें वित्त आयोग से स्थापित जलमीनार निर्माण में भारी अनियमितता बरती गई है, और मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए। साथ ही शीघ्र नया सिंटेक्स लगवाने और खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत की भी मांग की गई है। ग्रामीणों की चिंता और आक्रोश को देखते हुए प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप की उम्मीद की जा रही है ताकि क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था बहाल की जा सके।

# तुलसी भवन में ‘हिंदी रचनाधर्मिता कार्यशाला युवा रचनाकार सम्पन्न’

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** प्रत्येक वर्ष की भाँति सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन तुलसी भवन द्वारा संस्थान के मुख्य सभागार में हिन्दी रचनाधर्मिता पर आधारित एकदिवसीय कार्यशाला 'युवा रचनाकार' आयोजित की गई । जिसकी अध्यक्षता संस्थान के न्यासी सुभाष चन्द्र मुनका एवं संचालन पुनम महानंद ने की। जबकि स्वागत सह विषय प्रवेश मानद महासचिव डॉ० प्रसेनजित तिवारी तथा सत्र के अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रसन्न वदन मेहता ने किया। मुख्य अतिथि के रुप में सोना देवी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रभाकर सिंह एवं कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता राँची विश्वविद्यालय के पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ० जंग बहादुर पाण्डेय मंचासीन रहे। कार्यक्रम का आरंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं माधवी उपाध्याय के सस्वर सरस्वती वंदना से हुई। इस अवसर पर नगर के 25 विद्यालयों से 176 छात्र-छात्राएँ, उनके 46 शिक्षकगण तथा नगर के ख्यातिलब्ध साहित्यकारों ने भाग लिया।

## बीएसएल में कैपिटल रिपेयर पश्चात सिंटर मशीन 01 का परिचालन आरम्भ

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के सिंटर मशीन-1 का कैपिटल रिपेयर लगभग एक पखवाड़े पूर्व शुरू किया गया था। कैपिटल रिपेयर के बाद इसका परिचालन शुरू हुआ। मौके पर मुख्य महाप्रबंधक अनुरक्षण एस गुप्ता मुख्य महाप्रबंधक गुणवत्ता एम लाल मुख्य महाप्रबंधक रेफ्रैक्टरीज एन श्रीकांत मुख्य महाप्रबंधक यूटिलिटीज एसआर सिंह मुख्य महाप्रबंधक मैकेनिकल पी कुमार मुख्य महाप्रबंधक एस एंड एफएस बीके सरतापे सहित प्लांट के अन्य वरीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। प्लांट के मुख्य महाप्रबंधक श्री चौधरी ने कहा कि कैपिटल रिपेयर से सिंटर मशीन की उत्पादकता और गुणवत्ता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# चन्द्रपुरा में पूर्व विधायक ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बोकारो जिला के पेटरवार प्रखंड के सदमाकला पंचायत चन्द्रपुरा गांव में 63 केवीए क्षमता के नए विधुत ट्रांसफार्मर का उद्घाटन गोमिया के पूर्व विधायक डॉ लम्बोदर महतो ने फीता काटकर किया। ट्रांसफार्मर उद्घाटन के अवसर पर पूर्व विधायक डॉ महतो ने कहा कि गोमिया विधानसभा क्षेत्र में जनहित कार्यो को धरातल पर उतारना मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी।

ज्ञात हो कि, चन्द्रपुरा में बीते सप्ताह ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण लोगों को काफी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा था।

## मुर्शिदाबाद में हो रहे सांप्रदायिक हिंसा को ले कर भारतीय जनता पार्टी की युवा इकाई ने की प्रेस वार्ता

# सोची समझी साजिश के तहत बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिसा भड़काई गयी : रविंद्र तिवारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** (भाजयुमो) के गोड्डा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सौरभ सुमन की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता कर मुर्शिदाबाद में वक्फ बिल एमेंडमेंट के विरोध मे मुस्लिम समाज के द्वारा दंगा भड़का दिया गया एवं हिंदू परिवारों को चिन्हित कर उनके घर,दुकान,गाड़ी एवं हिंदू को घर घुस कर मारा पीटा गया जिसमे 3 लोगों की जान भी चली गई और इन सब का कारण है बांग्लादेश से आए अवैध रूप से भारत मे रह रहे लोगों को जिम्मेदार ठहराते हुए,युवा अध्यक्ष बोलते है कि सब कुछ के बाद भी पश्चिम बंगाल में टीएमसी की सरकार में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी न केवल मोन धारे हुए है बल्कि बंगाल की पुलिसिया तंत्र को भी अपने मतलब के लिए शांत रहने को बोल चुकी है,ये पूर्णतः देश विरोधी और समाज को आपस मे लड़ा कर वोट बैंक की राजनीति कर रही है ताकि उन्हें एक मुश्त मुस्लिम वोट मिल सके आगे वहां पर मौजूद भाजयुमे के संथाल परगना प्रभारी रविंद्र तिवारी ने कहा कि ये सब केवल टीएमसी सरकार में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सोची समझी साजिश है जो आगामी विधानसभा चुनाव मे उन्हें फायदा मिल सके,अगर बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठ को इसी तरह ममता बनर्जी अपने शरण मे जगह देती रही तो वो दिन दूर नहीं जब हिंदू अपने मां,बेटी वो घर बचाने मे असमर्थ हो जाएंगे और अंत अपने जान से भी हाथ धो बैठेंगे,इसी का असर अब झारखंड मे इंडी गठबंधन की सरकार मे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर भी चढ़ चुका है,जहां भाजपा चुनाव से पहले बोलती आ रही बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठ झारखंड के लिए



भी बहुत खतरनाक है झारखंड के अस्तित्व पर खतरा है सबसे पहले इसका असर पाकुड़ से होते हुए पूरे संथाल परगना पर पड़ने लगा यहां की डेमोग्राफी तेज रफ्तार से बदल रही है मुस्लिम घुसपैठ लगातार बढ़ रही ही यहां के मूल निवासी संथाल,पहाड़िया को एक मुश्त निशाना बना कर उनके जमीनों पर आवेध कब्जा किया जा रहा है,बेटियों को फसा कर शादी किया जा रहा है, अपने नाम बदल कर फर्जी नाम के साथ गोरख धंधा चल रहा है,लगातार गाय का तस्करी कर बांग्लादेश कटाई के लिए भेजा जा रहा ओर हेमंत सोरेन सरकार बिल्कुल चुप बैठी है ,ना उन्हें झारखंड मे बढ़ते क्राइम रेट की पड़ी जहां आए दिन झारखंड मे खुले आम हत्या हो रही है,युवा सरकारी नौकरी के अभाव में बेरोजगार घूम रहे है,तिवारी जी का कहना ये सरकार तो राज्य के विकाश की भी विरोधी है गोड्डा जैसे जगह मे आजादी के 70 वर्षो बाद रेलवे आई ओर हेमंत सोरेन ने केंद्र सरकार के साथ समझौते के तहत राज्य के 50 प्रतिशत फीसदी पैसे देने से इनकार कर दिया परन्तु मोदी सरकार ने विकास न रुके इस लिए पूरा पैसे लगा कर रेल का पूरा प्रोजेक्ट पूरा कर रही है,युवा मोर्चा का कहना है कि अगर यही हाल रहा तो झारखंड गर्ग मे जाता चला जाएगा और अवैध बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठ पूरा कानून ही अपने हाथ में ना ले ले जैसे कश्मीर मे कश्मीरी पंडितों की हत्याएं हुई ओर उन्हें अपना घर ओर राज्य छोड़ कर भागना पड़ा था उसी तरह झारखंड के आदिवासी और अन्य हिन्दू समाज के लोगों को भागना ना पड़े और इसी को बचाने की प्रण लेते हुए युवा मोर्चा के कार्यकर्ता गोड्डा के हर क्षेत्र मे जा कर संदिकत लोगों को चिन्हित कर उनकी सूची बना कर लोकल पुलिस को देंगे साथ ही राज्य के महामहिम राज्यपाल महोदय एवं देश की महामहिम राष्ट्रपति महोदया को भी देंगे। मौके पर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राजेश भगत भी मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### ऑटो पलटने से महिला गंभीर रूप से घायल

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर टाउनशिप मुख्य पथ पर देवी धाम के समीप रविवार को एक ऑटो के पलटने से उस पर सवार महिला सिंदुरिया निवासी वीरेंद्र अगरिया की पत्नी ललिता देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें तत्काल भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कर प्राथमिक उपचार दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ललिता देवी भवनाथपुर के साप्ताहिक बाजार जा रही थीं। इसी दौरान एक बाइक को बचाने की कोशिश में ऑटो चालक ने नियंत्रण खो दिया और वाहन देवी धाम के पास पलट गया। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही भवनाथपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। घायल महिला की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा नियमों के सख्त पालन और ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने की मांग की है।

### बरडीहा में 11 हजार राशन कार्डधारियों का ई-केवाईसी लंबित

**मझिआंव/बरडीहा।** बरडीहा प्रखंड में अब भी 11,000 राशन कार्डधारियों का ई-केवाईसी पूरा नहीं हो पाया है। इतना ही नहीं, आदिम जनजाति समुदाय के लगभग 30 सदस्यों का भी ई-केवाईसी अब तक नहीं हुआ है। इस गंभीर लापरवाही को लेकर प्रखंड प्रशासन सख्त रुख अपनाते नजर आ रहा है। बीडीओ सह सीओ राकेश कुमार सहाय ने जानकारी देते हुए बताया कि 10 सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले डीलरों के खिलाफ कार्रवाई के लिए गढ़वा उपायुक्त को पत्र भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे सभी डीलरों से उनके क्षेत्र के उन राशन कार्डधारियों की विस्तृत सूची मांगी गई है, जिनका ई-केवाईसी नहीं हुआ है। सूची में लाभुक का नाम, पिता का नाम, राशन कार्ड संख्या, गांव का नाम और ई-केवाईसी नहीं होने का कारण स्पष्ट रूप से बताना अनिवार्य किया गया है। बीडीओ श्री सहाय ने बताया कि मंगलवार को शाम 4 बजे प्रखंड कार्यालय में बरडीहा प्रखंड के सभी राशन डीलरों की बैठक बुलाई गई है, जिसमें ई-केवाईसी की प्रगति की समीक्षा की जाएगी और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। प्रखंड प्रशासन ने साफ किया है कि लापरवाही बरतने वाले डीलरों को बख्शा नहीं जाएगा।

### ‘कॉफी विद एसडीएम’ कार्यक्रम में पंचायती राज प्रतिनिधियों को किया गया आमंत्रित

**गढ़वा।** गढ़वा अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार द्वारा संचालित लोकप्रिय साप्ताहिक कार्यक्रम ‘कॉफी विद एसडीएम’ का आगामी संस्करण इस बार विशेष रूप से पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों के लिए आयोजित किया जाएगा। यह संवाद कार्यक्रम बुधवार, 23 अप्रैल को सुबह 11 बजे सदर अनुमंडल कार्यालय में आयोजित होगा। एसडीओ संजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया जाता है, जिसकी पूर्व संध्या पर यह विशेष संवाद कार्यक्रम रखा गया है। इसमें त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था से जुड़े जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख, बीडीसी सदस्य, मुखिया आदि को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि गढ़वा क्षेत्र की समृद्धि और विकास के लिए समन्वित प्रयास की आवश्यकता है, और पंचायती राज संस्थाएं इस विकास प्रक्रिया का अहम हिस्सा हैं। इसलिए उनके अनुभव, सुझाव और समस्याएं जानना जरूरी है, ताकि प्रशासनिक स्तर पर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके। यह संवाद कार्यक्रम एक घंटे का अनौपचारिक आयोजन होगा, जिसमें जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित समस्याएं साझा कर सकेंगे। साथ ही, गढ़वा में पंचायती राज संस्थाओं को और अधिक सशक्त बनाने को लेकर भी खुलकर विचार-विमर्श किया जाएगा। एसडीओ ने सभी जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया है कि वे इस संवाद कार्यक्रम में भाग लेकर प्रशासनिक प्रक्रिया को और प्रभावी एवं जनोन्मुखी बनाने में योगदान दें।

## खबर एक नजर में

### अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त

**बेरमो।** बोकारो जिला उपायुक्त के निर्देश पर खनन विभाग द्वारा 19 अप्रैल को जिला के हद में दांतू -खेतको मार्ग पर छापेमारी अभियान चलाया गया। छापामारी में सोनहर के समीप अवैध रूप से बालू खनिज का उत्खनन कर प्रेषण करते एक ट्रैक्टर को पकड़ा गया। उक्त जानकारी देते हुए जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार सिंह ने बताया कि विभागीय स्तर पर अवैध बालू लदा ट्रेक्टर को विधिवत रूप से जप्त कर पेटरवार थाना को सुपुर्द कर दिया गया। साथ हीं विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि छापामारी अभियान के तहत खेतको-जारंगडीह पुल का भी निरीक्षण किया गया। उक्त अभियान में खान निरीक्षक सीताराम टुडू, पेटरवार थाना प्रभारी राजू कुमार मुंडा सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे।

### भोक्ता परब झारखंड की संस्कृति का अभिन्न अंग : मंत्री

**बेरमो।** बोकारो जिला के हद में कसमार प्रखंड के हिसीम पहाड़ स्थित महादेव बेड़ा (शिवालय) में भोक्ता परब संपन्न हो गया। जानकारी के अनुसार बीते 18 अप्रैल की देर रात तक मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। जबकि रात को महिला छऊ नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन राज्य के पेयजल व स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर मंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भगता परब झारखंड की संस्कृति का अभिन्न अंग है और इसका सामाजिक, सांस्कृतिक व धार्मिक महत्व काफी अधिक है। उन्होंने महादेवबेड़ा में पानी व बिजली की सुविधा उपलब्ध कराने तथा हिसीम पहाड़ के मुख्य पथ को पीडब्ल्यूडी में तब्दील कर इसका चौड़ीकरण कराने की बात कही। मौके पर पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो, जिप उपाध्यक्ष बबीता कुमारी व जेएलकेएम नेत्री पूजा कुमारी भी पहुंचे तथा मंदिर में मत्था टेककर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।मौके पर पूजा समिति के संयोजक दिलीप कुमार हेंब्रम, फणींद्र मुंडा, आनंद कुमार महतो, दिलीप कुमार महतो, सुनील कुमार महतो, सोमर महतो, अध्यक्ष बसंत कुमार, सचिव नितेश करमाली, कोषाध्यक्ष रवींद्र कुमार महतो, बीस सूत्री सदस्य कुलदीप करमाली, संरक्षक संतोष कुमार, अशोक कुमार, राजेश टुडू, कमलेश महतो, तारा चंद महतो, प्रमोद कुमार, प्रकाश महतो, विकास कुमार महतो, वीरेंद्र कुमार, चंडी चरण, संजीत, सुशील कुमार, रवींद्र कुमार, संदीप कुमार, निताय कुमार, मिथलेश कुमार, नितेश टुडू, श्यामसुंदर कुमार, लालदेव महतो आदि उपस्थित थे।

### मंत्री ने किया प्रस्तावित टीआरडब्लू स्थल का निरीक्षण

**बेरमो।** झारखंड सरकार के मंत्री जलापूर्ति एवं मध निषेध योगेंद्र प्रसाद ने 19 अप्रैल को बोकारो जिला के कथारा स्थित झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड कार्यालय परिसर का दौरा किया। इस क्रम में मंत्री यहां प्रस्तावित ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग वर्कशॉप (टीआरडब्लु) स्थल का निरीक्षण किया तथा उपस्थित विभागीय अधिकारियों को वर्कशॉप निर्माण कार्य के लिए आवश्यक कागजी प्रक्रिया तेज करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने बताया कि उनके प्रयास से यहां टीआरडब्लु का निर्माण किया जाएगा, जिससे बेरमो तथा गोमिया विधानसभा क्षेत्र के रहिवासियों को विद्युत आपूर्ति की परेशानी से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने बताया कि यहां विद्युत निगम लिमिटेड का 3 एकड़ जमीन आवंटित है, जिसमें चार दीवारी निर्माण के लिए एक करोड़ 77 लाख रुपए का निविदा निकाला गया है। उन्होंने बताया कि यहां अगले 1 साल के भीतर ट्रांसफार्मर रिपेयर वर्कशॉप चालू करने की योजना है।

### सीएमयू के महामंत्री राघवन रघुनंदन ने आइएसएम को दिए एक करोड़ रुपये

**बेरमो।** आईआईटी (आईएसएम) धनबाद में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की छात्राओं के लिए जी.वी राघवन शताब्दी स्मृति छात्रवृत्ति योजना की शुरूआत की गई है। गिरिडीह के राघवन परिवारत ने इस योजना के लिए 1 करोड़ रुपए की निधि प्रदान की है। यह छात्रवृत्ति खनन इंजीनियरिंग, अनुप्रयुक्त भू-विज्ञान, अनुप्रयुक्त भू-भौतिकी और पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में प्रवेश पाने वाली छात्राओं को दी जाएगी। प्रति वर्ष चार से पांच छात्राओं को इस स्कॉलरशिप का लाभ मिलेगा। छात्रवृत्ति की राशि एक करोड़ रुपए के ब्याज से प्रदान की जाएगी। सुकुमार मिश्रा ने वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में भाग लिया। गोल्डन जुबली लेक्चर थियेटर में आयोजित उद्घाटन समारोह में कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष पी.एम. प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। आइटी आइएसएम के निदेशक सुकुमार मिश्रा ने वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में भाग लिया। राघवन परिवार के आर.वी. रघुनंदन ने बताया कि यह एक स्थायी योजना है। उनके पिता गोपाल वीर राघवन 1946 में तमिलनाडु से गिरिडीह आए थे। वे माइका व्यवसायी थे और ट्रेड यूनियन के माध्यम से मजदूरों के अधिकारों के लिए संघर्ष करते थे। वे बच्चियों की शिक्षा के लिए हमेशा प्रयासरत रहे। यह पहल इंजीनियरिंग क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने में मददगार साबित होगी। साथ ही यह कक्ळ करट धनबाद की समावेशी और न्यायसंगत शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को भी दशार्ती है। उन्हीं के पुत्र हिंद मजदूर सभा से संबंद्ध कोल फील्ड मजदूर यूनियन के महामंत्री आर वी रघुनंदन एवं पुत्रवधू प्रभा रघुनंदन गिरिडीह के विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़कर समाजसेवा का काम करते हैं। इधर, राघवन परिवार द्वारा छात्राओं की छात्रवृत्ति के लिए एक करोड़ रुपए दिए जाने से आम लोगों में काफी खुशी है और लोगों ने उन्हें बधाई दी है। इस अवसर पर सीएमयू के ढ़ोरी क्षेत्रीय सचिव आर उनेश व अध्यक्ष राजू भूखिया आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### तेनुघाट जेल में जेल अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट।** माननीय सर्वोच्च न्यायालय, झारखंड उच्च न्यायालय एवं प्रधान जिला जज बोकारो के निर्देश पर तेनुघाट जेल में जेल अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर का तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के एसीजेएम मनोज कुमार प्रजापति एवं प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी राज कुमार पांडेय के संयुक्त नेतृत्व में रविवार 20 अप्रैल को आयोजित किया गया। साथ ही जेल में बंदियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। कानूनी जागरूकता शिविर को संबोधित करते हुए एसीजेएम मनोज प्रजापति ने बताया कि जेल अदालत के साथ-साथ मेडिकल कैंप भी लगाया जा रहा है। जिससे आप सभी को दोनों का फायदा प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि अगर कहीं कोई मारपीट होता है तो पीड़ित का मेडिकल कराया जाता है। जिसका मेडिकल रिपोर्ट डॉक्टर द्वारा न्यायालय में प्रस्तुत किया जाता है। उसी के आधार पर न्याय में आपको सहायता मिलती है। बंदियों को कानूनी जानकारियां देते हुए बताया कि अगर आपके खिलाफ थाना में मामला दर्ज किया जाता है और आपको थाना से नोटिस जारी किया जाता है तो आप थाना में जाकर अपनी बात रख सकते हैं। ताकि आपकी बातों को सुनकर मामले की जांच पड़ताल की जा सके। उन्होंने बंदियों को प्रदान किए जाने वाले विभिन्न विधिक सहायता के बारे में बताते हुए कहा कि नालसा नई दिल्ली एवं झालसा रांची द्वारा जेल में बंद बंदियों के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर चलाए जा रहे हैं। जिनके माध्यम से उन बंदियों को उचित विधिक सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि इसी के तहत प्रत्येक महीने जेल अदालत का आयोजन किया जाता है। वहीं प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी राज कुमार पांडेय ने बताया कि आज न्यायालय में अगर आपका मुकदमा है तो आपको मुफ्त अधिवक्ता, कानूनी सलाह दिया जाता है। उन्होंने कहा कि वैसे बंदी जो स्वयं के खर्च पर अपना अधिवक्ता रख पाने में असमर्थ हैं, उनके लिए सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के तहत अधिवक्ताओं की प्रतिनियुक्ति की गई है।

# न्याय बनाम विधायिका

यह भारतीय संविधानिक व्यवस्था में पहली बार हुआ है कि राज्यपाल के दस्तखत के बगैर सुप्रीम कोर्ट के आदेश से कोई विधेयक कानून बना और तमिलनाडु के सभी 10 लंबित विधेयकों को मंजूरी मिल गई। बेंच ने कहा कि राज्यपाल के पास पूर्ण या आंशिक वीटो का अधिकार नहीं है। वह विधानसभा से पास बिल को नहीं लटका सकता है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति को भी बताया है कि अगर राज्य का बिल उनके पास आता है तो उनको अनिवार्य रूप से सुप्रीम कोर्ट से मशविरा करना होगा और वे भी बिल को तीन महीने से ज्यादा नहीं रोक सकती हैं। इस तरह से न्यायाधीशों ने जो वस्तुतः राष्ट्रपति को एक आदेश जारी किया और एक परिदृश्य देश के सामने प्रस्तुत किया है, उससे यही लग रहा है कि न्यायालय में ही सबकी शक्ति निहित हो गई है। विधायिका और कार्यपालिका के अधिकार गौण हो गए हैं। सवाल यह भी उठ रहे हैं कि क्या संविधान में न्यायपालिका को दिए गए अधिकारों की क्या न्यायालय ही गलत कानूनी व्याख्या कर रहा है।कुल मिलाकर राष्ट्रपति में संपूर्ण राष्ट्र की शक्ति निहित है, अर्थात विधायिका, कार्यपालिका और न्यायालय तीनों की शक्ति राष्ट्रपति पद में निहित है। पर यहां व्यवहार में क्या हो रहा है जिस राष्ट्रपति को विधायिका चुनती है, और यह विधायिका किसी भी लोकतंत्र शासन प्रणाली में उस लोक के एक-एक चुने हुए जन प्रतिनिधि से बनती है, उस विधायिका की शक्ति को ही न्यायालय आज खुद से संचालित करते हुए देखा जा रहा है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नाराजगी जताई है। उन्हें कहना पड़ा है कि अदालतें राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकतीं। हम ऐसे हालात नहीं बना सकते जहां अदालतें राष्ट्रपति को निर्देश दें। अब भले ही अनुच्छेद 142 भारत के सुप्रीम कोर्ट को यह अधिकार देता हो।

## आज का राशिफल

मेष : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9

वृष : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गो का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9

मिथुन : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8

कर्क : राजकीय कार्यो से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यो में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9

सिंह : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9

कन्या : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

तुला : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

वृश्चिक : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8

धनु : आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9

मकर : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8

कुंभ : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7

मीन : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# बहस में न्यायालय और उप राष्ट्रपति की चिंता

**भारत** के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने यह कहकर एक नई बहस को जन्म दिया है कि देश ने ऐसे लोकतंत्र की कल्पना नहीं की थी, जहां जज कानून बनाएंगे, कार्यपालिका का काम भी खुद ही करेंगे और सुपर संसद की तरह काम करेंगे। अनुच्छेद-142 न्यायपालिका के लिए न्यूक्लियर मिसाइल बन गया है, लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को दरकिनार करने के लिए इसका उपयोग किया जा रहा है। उप राष्ट्रपति धनखड़ कानून के गहरे जानकार हैं। राजस्थान उच्च न्यायालय से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक में प्रैक्टिस कर चुके हैं। उप राष्ट्रपति बनने से पहले प. बंगाल जैसे चुनौतीपूर्ण राज्य में उप राज्यपाल रह चुके हैं। उस दौरान उन्होंने संविधान का भी गहरा अध्ययन किया और राज्यपाल से लेकर राष्ट्रपति के अधिकारों को समझा और समझाया। ऐसे विद्वान उप राष्ट्रपति यदि न्यायपालिका पर ही कोई प्रश्न खड़ा कर रहे हैं तो उसके निहितार्थ समझने होंगे।

देश के संविधान के अनुसार राष्ट्रपति और सुप्रीम कोर्ट के अलग-अलग कार्य निर्धारित हैं ! यदि नियमों की बात की जाए तो भारत में विधायिका का काम कानून बनाना है, कार्यपालिका उन कानूनों को लागू करती है और न्यायपालिका कानून की व्याख्या करती है और विवादों का निपटारा करती है। इन तीनों के ऊपर है भारत का राष्ट्रपति, इसलिए ही वह (राष्ट्रपति) संघ का प्रमुख है और विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका की शक्तियां राष्ट्रपति में ही निहित बताई गई हैं। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति का अधिकार राष्ट्रपति के पास है। वह न्यायालय के सम्मान में ही सुप्रीम कोर्ट के कोलेजियम की सिफारिश पर ही न्यायाधीशों की नियुक्ति करते हैं। राष्ट्रपति के पास यह शक्ति भी है कि वह किस न्यायाधीश को उसके पद से हटाएं अथवा नहीं, यानी कि न्यायाधीशों को उनके पद से समय पूर्व या किसी भी अन्य कारण से हटाने का अधिकार भी राष्ट्रपति अपने पास रखते हैं। जब देश में किस भी मामले में कानून संबंधी सवाल खड़े होते हैं तब भी राष्ट्रपति के पास यह अधिकार सुरक्षति हैं कि वह तय करेंगे कि देश को किस ओर ले जाना है, इसके लिए राष्ट्रपति अदालत को निर्देशित भी कर सकते हैं।

इतना सब होने के साथ ही सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए मृत्युदंड के फैसले में सिर्फ राष्ट्रपति अपनी शक्ति का उपयोग कर अपराधी को क्षमादान दे सकते हैं। फिर राष्ट्रपति के पास तीनों सेनाओं का सुप्रीम कमांडर होने की भी शक्ति है। इस तरह देखें तो भारत के राष्ट्रपति की अपार शक्तियां हैं, जिन्हें किसी भी न्यायालय की सीमा में नहीं बांधा जा सकता, क्योंकि वह उससे भी ऊपर है। भारतीय संविधान कहता है कि राष्ट्रपति देश का सबसे बड़ा पद है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट न्यायपालिका की सबसे बड़ी इकाई होने के नाते देश के राष्ट्रपति को सलाह दे सकता है, लेकिन राष्ट्रपति सुप्रीम कोर्ट की सलाह को मानेंगे अथवा नहीं, यह राष्ट्रपति के विवेक पर छोड़ दिया गया है। यानी कि न्यायालय द्वारा दी गई किसी भी सलाह को मानना राष्ट्रपति के लिए स्पष्ट रूप से बाध्यकारी नहीं है।





-डॉ मयंक

> वे सही कह रहे हैं, कि भारत में राष्ट्रपति संविधान की रक्षा, संरक्षण एवं बचाव की शपथ लेते हैं, जबकि मंत्री, उपराष्ट्रपति, सांसदों और न्यायाधीशों सहित अन्य लोग संविधान का पालन करने की शपथ लेते हैं। ह्यहम ऐसी स्थिति नहीं बना सकते जहां आप भारत के राष्ट्रपति को निर्देश दें और वह भी किस आधार पर संविधान के तहत आपके पास एकमात्र अधिकार अनुच्छेद 145(3) के तहत संविधान की व्याख्या करने का है।

जिस विधायिका और कार्यपालिका के माध्यम से चुने हुए जनता के प्रतिनिधि जनतंत्र को संचालित करने का काम करते हैं, आज न्यायालय उस पर ही कई तरह से अंकुश लगाने का काम कर रहा है। वास्तव में इसी का यह सबसे बड़ा उदाहरण है जिसमें कि सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में राष्ट्रपति और राज्यपालों को बिलों को मंजूरी देने की समयसीमा तय कर दी।

वस्तुतः इसी पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नाराजगी जताई है। उन्हें कहना पड़ा है कि अदालतें राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकतीं। हम ऐसे हालात नहीं बना सकते जहां अदालतें राष्ट्रपति को निर्देश दें। अब भले ही अनुच्छेद 142 भारत के सुप्रीम कोर्ट को यह अधिकार देता हो कि वह पूर्ण न्याय (कम्पलीट जस्टिस) करने के लिए कोई भी आदेश, निर्देश या फैसला दे सकता है, चाहे वह किसी भी मामले में हो। पर उसे भी यह सदैव याद रखना चाहिए कि लोकतंत्र में चुनी हुई सरकार सबसे अहम है और सभी संस्थाओं को अपनी-अपनी सीमाओं में रहकर काम करना चाहिए। कोई भी संस्था संविधान से ऊपर नहीं है।

उपराष्ट्रपति धनखड़ आज जो राष्ट्रपति द्वारा विधेयकों पर निर्णय लिये जाने के वास्ते समयसीमा निर्धारित करने संबंधी उच्चतम न्यायालय के फैसले पर चिंता जता रहे है, वह वाकई गंभीर है। क्योंकि भारत ने ऐसे लोकतंत्र की कल्पना नहीं की थी, जहां न्यायाधीश कानून बनाएंगे। आश्चर्य है, राष्ट्रपति को समयबद्ध तरीके से फैसला करने के लिए कहा जा रहा है और यदि ऐसा नहीं होता है, तो संबंधित विधेयक कानून बन जाता है। धनखड़ पूछ रहे हैं, हम कहां जा रहे हैं देश में ये क्या हो रहा है हमारे पास ऐसे न्यायाधीश हैं जो कानून बनाएंगे, जो कार्यपालिका का कार्य स्वयं संभालेंगे, जो ह्यसुपर संसदह्ण के रूप में कार्य करेंगे और उनकी कोई जवाबदेही नहीं होगी, क्योंकि देश का कानून उन पर लागू नहीं होता!

वे सही कह रहे हैं, कि भारत में राष्ट्रपति संविधान की रक्षा, संरक्षण एवं बचाव की शपथ लेते हैं, जबकि मंत्री, उपराष्ट्रपति, सांसदों और न्यायाधीशों सहित अन्य लोग संविधान का पालन करने की शपथ लेते हैं। ह्यहम ऐसी स्थिति नहीं बना सकते जहां आप भारत के राष्ट्रपति को निर्देश दें और वह भी किस आधार पर संविधान के तहत आपके पास एकमात्र अधिकार अनुच्छेद 145(3) के तहत संविधान की व्याख्या करने का है उसके आधार पर।

फिर भी इसके लिए पांच या उससे अधिक न्यायाधीशों की आवश्यकता होती है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया है कि जब अनुच्छेद 145(3) तय हुआ था, तब सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या आठ थी, उसमें भी इस प्रकार के निर्णय के लिए पांच या उससे भी अधिक न्यायाधीशों की आवश्यकता होती है, पर अब तो 30 से ऊपर हैं, तब फिर समझलीजिए कि यदि इस तरह का कोई निर्णय न्यायपालिका को लेना हो तो कितने जज होने चाहिए पर जो फैसला तमिलनाडु सरकार और राज्यपाल के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने लिया है, और उसमें जिस तरह से राष्ट्रपति की शक्तियों को छोटा कर दिखाने का प्रयास हुआ है, वह कहीं से भी उचित नहीं ठहराया जा सकेगा।

## लेटर टू एडिटर

### स्वदेशी तकनीक

**भारतीय** स्वदेशी तकनीक की वैश्विक मांग बढ़ रही है। वंदे भारत ट्रेन जैसे उदाहरण ने इसे साबित किया है; इस ट्रेन की मांग कई देशों, जैसे चिली, कनाडा और मलेशिया, में बढ़ी है। इसकी मुख्य वजह भारत में इसका कम मूल्य है—वहीं अन्य देशों में ऐसी ट्रेनें 160 से 180 करोड़ में बिकती हैं, जबकि भारत में ये 120 से 130 करोड़ में उपलब्ध हैं। भारतीय निर्माण की गति भी बेहतर है। यह सब ह्यमेक इन इंडियाह्ण के सपने को साकार कर रहा है।

**-अमृतलाल मारू, रांची**

### जंग नहीं समाधान

**इस्राइल** ने गाजा और दक्षिणी लेबनान पर बड़े हवाई हमले किए, जिसमें हिजबुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाया गया। जिसने ही चल रहे संघर्ष को जन्म दिया। हिजबुल्लाह ने जवाब में उत्तरी इस्राइल में रॉकेट दागे, जिसमें हाइफा जैसे शहर शामिल थे। वैसे जंग किसी भी समस्या का हल नहीं है।

**– रोहित शाह, हजारीबाग**

## ट्वीट

**झारखंड** भाजपा के सांसदों से उम्मीद है की वे हमारे इस जायज माँग को दिलवाने के लिए अपनी आवाज अवश्य बुलंद करेंगे।

झारखंड के विकास के लिए यह राशि नितांत आवश्यक है।

**– हेमंत सोरेन सीएम**

**उत्तम** चरित्र ही मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है, क्योंकि धन संपदा आदि वसुधा के समस्त वैभव नैतिकता, सुसंस्कार एवं अच्छे चरित्र के अभाव में बेकार है। **– स्वामी अवधेशानंद गिरी**

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन शुरू!

यदि आप किसी अद्वितीय प्रतिभाशाली बच्चे को जानते हैं जिसने पर्यावरण, बहादुरी, समाज सेवा, खेल, कला-संस्कृति या विज्ञान-प्रौद्योगिकी में उत्कृष्ट कार्य किया हो, तो उनका नाम जरूर नामांकित करें। -**अन्नपूर्णा देवी**

# मातृभाषा से अन्य भाषा तक भारतीयता ही विशिष्ट पहचान

**प्रशांत झा**

भाषाओं के माध्यम से एकता इस वर्ष के समारोह का मुख्य विषय है, जो भारत की सभ्यता की विशिष्ट पहचान है। अभी कुछ महीने पहले, 3 अक्टूबर, 2024 को, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने पाँच भाषाओं - मराठी, पाली, प्राकृत, असमिया और बांग्ला को शास्त्रीय भाषाओं का दर्जा देकर एक तरह का इतिहास रच दिया, इस प्रकार तमिल, संस्कृत, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और ओडिया जैसी पहले से मान्यता प्राप्त छह अन्य शास्त्रीय भाषाओं के दायरे का विस्तार किया। भारत की उत्कृष्ट भाषाई विरासत की गहन स्वीकृति के रूप में, यह घोषणा उन सभी लोगों के लिए अत्यंत गौरव की बात है जिनकी ये भाषाएं मातृभाषा है। लेकिन दक्षिण के राज्य तमिलनाडु से विरोध का स्वर आखिर क्यों?

भारत की विविध भाषाएँ भारतीयता की अभिव्यक्ति हैं और ये हमारी भारतीय ज्ञान प्रणाली का अभिन्न अंग हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अनुसार, सभी भारतीय भाषाएँ राष्ट्रीय भाषाएँ हैं और वे भारतीयता की आत्मा हैं और इसलिए सम्मान की पात्र हैं। भाषाई विविधता राष्ट्रीय एकता को मजबूत करती है और ह्यएक भारत श्रेष्ठ भारत के लक्ष्य को साकार करने में मदद करती है। इसलिए, प्रत्येक व्यक्ति को भाषाई गौरव को सम्मान की निशानी के रूप में धारण करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने वैश्विक मंच पर भी इसका उदाहरण दिया जब उन्होंने जोर देकर कहा, मैं संयुक्त राष्ट्र में भी गर्व के साथ भारत की भाषाएँ बोलता हूँ। यह कथन भारत की भाषाई विविधता को संरक्षित करने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को स्पष्ट करता है और भाषाई गौरव के मूल्य को उजागर करता है।

भारत एक ऐसी भूमि है जहाँ न केवल अनेक भाषाएँ हैं, बल्कि एक दूसरे का सम्मान भी करती हैं। यह एक से अधिक भाषा के उत्कृष्ट इस्तेमाल का सटीक उदाहरण है। हमारी भाषाई विविधता एक

**भाषा**

समृद्ध, जटिल ताने-बाने का निर्माण करती है, जो हमारी राष्ट्रीय पहचान को एक साथ बुनती है और साथ ही देश की एकता को विविधता के बीच पोषित करती है। औपनिवेशिक शासन के दौरान इस सांस्कृतिक शक्ति को भारी नुकसान उठाना पड़ा। 2 फरवरी 1835 को, थॉमस बैबिंगटन मैकाले ने भारत के तत्कालीन गवर्नर जनरल को एक ज्ञापन प्रस्तुत किया, जिसे मैकालेज मिनट ऑन इंडियन एजुकेशन के रूप में जाना जाता है, जिसमें देशी भाषाओं पर अंग्रेजी को प्राथमिकता दी गई थी, जिसका उद्देश्य ब्रिटिश हितों के प्रति वफादार भारतीयों का एक वर्ग बनाना था, जो पीढ़ियों को उनकी सांस्कृतिक और भाषाई जड़ों से अलग कर रहा था। तब से, उपनिवेशवाद का दीर्घकालिक प्रभाव काफी लंबे समय तक रहा, जिसने हमारे सांस्कृतिक और भाषाई गौरव को गंभीर चोट पहुंचाई है।

भारत में भाषाई जनसांख्यिकी समृद्ध और विविध है, जिसमें से अस्सी प्रतिशत आबादी खुद को गैर-अंग्रेजी, मूल भाषा बोलने वालों के रूप में पहचानती है। गहन शिक्षा के मूल में मातृभाषा है। हमारी भाषाएं केवल संचार के उपकरण नहीं हैं - वे इतिहास, परंपराओं और लोककथाओं के भंडार हैं, जो पीढ़ियों के सामूहिक ज्ञान को संरक्षित करती हैं और एक अद्वितीय विश्वदृष्टि प्रदान करती हैं। रचनात्मकता और भावनात्मक बुद्धिमत्ता से भरपूर बच्चे तब फलते-फूलते हैं जब उनकी शिक्षा उनकी मूल भाषा में शुरू होती है। अपनी मातृभाषा में एक प्राइमर घर से कक्षा तक एक निर्बाध पुल का निर्माण करता है, उन्हें 'मातृ' भाषा से 'अन्य' भाषा तक का मार्गदर्शन - बोलने से लेखन, शब्दावली से शब्दार्थ और भाषा से विषय की समझ में परिवर्तन करता है। जैसा कि रवींद्रनाथ टैगोर ने मार्मिक रूप से कहा था, ₹एक बच्चा पाठ्यपुस्तकों से नहीं, बल्कि अपनी माँ से बोलना सीखता है।ह्व मातृभाषा में शिक्षा बुनियादी समझ से लेकर जटिल विचार तक स्वाभाविक प्रगति को बढ़ावा देती है।

भारत की भाषाई विविधता बौद्धिक और सांस्कृतिक संपदा का खजाना है। कश्मीर की बर्फ से ढकी चोटियों से लेकर कन्याकुमारी के धूप से सराबोर तटों तक और कच्छ के बंजर विस्तार से लेकर कोहिमा की हरी-भरी पहाड़ियों तक, हमारी भाषाएँ हमारे लोगों को अंदर से जोड़ती हैं।

बच्चों को उनकी मातृभाषा में पढ़ाना न केवल उनकी विरासत से जुड़ाव को बनाए रखता है बल्कि उन्हें भविष्य के लिए तैयार भी करता है। मातृभाषा में एक मजबूत नींव रखकर, हम बच्चों को अधिक आसानी और समझ के साथ अन्य भाषाओं और विषयों में महारत हासिल करने के लिए सशक्त बना सकते हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 ने इस दृष्टिकोण को पूरी तरह अपनाया है। अपनी भाषाई विरासत को पुनः प्राप्त करने की कोशिश करते हुए, एनईपी ने मातृभाषा को प्रारंभिक शिक्षा के केन्द्र में रखा है।

# आधुनिक जीवन में ध्यान की आवश्यकता

**गिरीश्वर मिश्र**

**ध्यान** किसी तरह का धार्मिक उपक्रम नहीं है। यह बाहर से हट कर अंदर के अनुभवों को सम्बोधित करने वाला वैचारिक (रिफलेक्टिव) प्रयास है। एकाग्रता तथा अवगत या सचेत होना ही इसका मुख्य आधार है जो वर्तमान में बने रहने और मन की शांति को रेखांकित करता है। दरअसल आँख, कान, नाक, त्वचा आदि हमारे सभी संग्राहक बाहर की दुनिया से लगातार उद्दीपक लाते रहते हैं और उस सारी सामग्री की हमारे मन को व्याख्या करनी पड़ती है। हमारी आँखों से एकत्रित सूचनाओं की बाहर की दुनिया से मिलने वाली सम्पूर्ण सूचनाओं के करीब दो तिहाई भाग की हिस्सेदारी होती है। ये सारी सूचनाएँ हमारे चेतन मन पर असर डालती हैं। तनाव के क्षणों में मन अंदर और बाहर से पैदा होने वाले विचारों से जूझता है। ये विचार ध्यान पाने के लिए आपस में प्रतिद्वंदिता करते हैं और एक-दूसरे से टकराते भी हैं । सूचनाओं की बढ़ती मात्रा से सूचना का अतिभार पैदा होता है। तब अवधान की एकाग्रता घटने लगती है। एक साथ भारी संख्या में आते विचारों की अव्यवस्थित भीड़ का तनाव के अनुभव से बड़ा गहरा रिश्ता है। कहते हैं ध्यान का कार्य एक ब्लैकबोर्ड पर चाक से की गई सारी लिखावट को डस्टर से साफ करने जैसा होता है। ध्यान मानसिक कोलाहल हटा कर संतुलन लाने का काम करता है। सूचना और संचार की शब्दावली में कहें तो ध्यान करने से हमारी चेतना की बैंडविड्थ बढ़ जाती है।

ध्यान कई प्रकार का होता है। इसे सिर्फ विचार या कल्पना मान लेना ठीक न होगा। ध्यान के अंतर्गत आदमी सजग और सचेत होकर अपने भीतर की ओर गहन स्तर पर केंद्रित होता है। इसे आंतरिक ध्यानाकर्षण भी कह सकते हैं। ध्यान को मुख्यतः दो भागों में रखा जाता है। एकाग्र ध्यान तथा सचेत ध्यान इसके दो मुख्य प्रकार पहचाने गए हैं। एकाग्र ध्यान करने में किसी एक विचार पर अवधान (अटेंशन) को केंद्रित किया जाता है। इसके अंतर्गत किसी मंत्र, शब्द या ध्वनि पर अवधान केंद्रित करना सम्मिलित है। एकाग्र होने से मन भटकता नहीं है। ध्यान के फलस्वरूप होने वाले मुख्य अनुभवों में आंतरिक एकाग्रता, प्रशांति और सहज भाव मुख्य होते हैं। ध्यान में वर्तमान का सम्पूर्ण अनुभव होता है। भावातीत ध्यान भी इसी तरह का है जो पश्चिम में बड़ा लोकप्रिय हुआ। सचेत ध्यान

**धर्म-कर्म**

(माइंडफुलनेस मेडिटेशन) में सभी आ रहे विचारों को स्वीकार किया जाता है और उनको नियंत्रित करने की कोई कोशिश नहीं की जाती है। बिना किसी निर्णय या भावनात्मक लगाव के उनको अनुभव किया जाता है। जेन ध्यान, विपश्यना, प्रेक्षा ध्यान, सहज ध्यान आदि कई प्रकार के ध्यान की परम्पराओं का विकास हुआ है।

वस्तुतः ध्यान से हमारी चेतना की दशा में बदलाव आता है। विस्तार में कहें तो देश और काल के अनुभव, वर्तमान की उन्मुखता, ग्रहणशीलता में वृद्धि और स्वयं को अतिक्रांत करने की वृत्ति जैसे बदलाव प्रमुखता से पाए गए हैं। कई अध्ययनों से पता चलता है कि ध्यान लगाने से जैविक शारीरिक स्तर पर अनेक परिवर्तन आते हैं। इनमें आक्सीजन की खपत में कमी, हृदय गति का धीमा होना तथा रक्तचाप कम प्रमुख हैं। ध्यान करने से मस्तिष्क में अल्फा तरंगें अधिक होती हैं।

ध्यान के लिए जरूरी है कि शांत स्थान पर आराम से स्थिर बैठने का अभ्यास किया जाए। तब श्वांस को सहज बना कर साक्षी भाव अपनाते हुए मन में आ-जा रहे विचारों की गुणवत्ता का परीक्षण किया जाता है। स्वीकार करने की मनोवृत्ति के साथ केंद्रित और अविचलित बने रहना ध्यान की बड़ी उपलब्धि होती है। कहते हैं कि ध्यान एक मानसिक झाड़ू जैसा होता है जो मन के सभी कोनों में सफाई कर देता है। ध्यान मन की स्थिति है जिसके लिए एकाग्रता का अभ्यास जरूरी होता है। वस्तुतः ध्यान हमारी चेतना का अंतरण है। यह एक व्यवस्थित और पद्धतिबद्ध प्रक्रिया है। अभ्यास के साथ शरीर, स्वांस, इंद्रियाँ और मन इन सभी पर हम क्रमशः केंद्रित होते चलते हैं। आमतौर पर योगासन, स्ट्रेचिंग, आराम (रिलैक्सेशन), श्वांसन अभ्यास के बाद ज्ञान मुद्रा के साथ सुखासन या पद्मासन में बैठ ध्यान किया जाता है। ऐसे में अहं को चेतना के केंद्र की ओर ले जाना सम्भव हो पाता है। शांति, आनंद, स्वतंत्रता ही हमारी मूल प्रकृति है। जीवन और मृत्यु, आगमन-प्रस्थान सरीखे होते हैं। आंतरिक विकास तथा आत्मा और स्व के प्रति जागरूकता ध्यान की श्रेष्ठ उपलब्धि है। ध्यान के सतत अभ्यास से तनाव का प्रतिरोध संभव होता है और मानसिक शांति की अवस्था में वृद्धि होती है। ध्यान से आनंद में वृद्धि तथा अनुभव में संतुष्टि, स्पष्टता और सजगता आती है। तब शरीर विश्रांत, मन केंद्रित और स्वास्थ्य अच्छा होता है। ध्यान का उपचारात्मक प्रभाव पड़ता है और अभ्यास करने वाला व्यक्ति आत्मनिर्भर और आंतरिक बल से सम्पन्न होता है।

ध्यान का अभ्यास करने के दौरान कई तरह की बाधाएँ आती हैं। ध्यान करने वाले को साक्षी भाव अपनाते हुए इन बाधाओं की उपेक्षा करनी चाहिए। चूँकि मन बड़ा चंचल होता है, ध्यान को लेकर अक्सर प्रतिरोध भी अनुभव किया जाता है जो निरंतर अभ्यास से नियंत्रित होता है। धीरे-धीरे ध्यान की अवधि और गहनता बढ़ाई जाती है। इसी जटिलता के कारण गुरु की आवश्यकता पड़ती है।

ध्यान समूहों और अन्य साधक जनों से सहायता ली जानी चाहिए। मन में स्वीकार की भावना के साथ अभ्यास लाभप्रद होता है। आधुनिक जीवन शैली जिस तरह सूचनाओं के प्रवाह से आक्रांत हो रही है उसमें हमारा अवधान न केवल खंडित हो रहा बल्कि उसकी अवधि संक्षिप्त और गहनता घट रही है। ऐसे में ध्यान का अभ्यास विद्यार्थियों, व्यवासाय में लगे लोगों सबके लिए महत्वपूर्ण होता जा रहा है। इसकी सहायता से हम जीवन की गुणवत्ता बढ़ा सकते हैं और देश व समाज को योगदान कर सकेंगे।

स्पीड न्यूज

## भुरकुंडा में सांसद के सौजन्य से कई बेटियों को मिला लहंगा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सांसद मनीष जायसवाल द्वारा भेजे गए लहंगा रविवार को भाजपा नेताओं ने रिवर साइड चीफ हाऊस पंचायत और चोरधरा पंचायत की जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर बहन-बेटियों के बीच वितरित किया। यह पहल न केवल सामाजिक सरोकारों की मिसाल बनी, बल्कि उपेक्षित वर्ग की महिलाओं के लिए सम्मान और स्नेह का प्रतीक भी साबित हुई। उपहार स्वरूप मिले लहंगे पाकर लाभान्वित परिवारों के चेहरों पर प्रसन्नता झलक उठी और उन्होंने सांसद मनीष जायसवाल के प्रति गहरी आत्मीयता और आभार व्यक्त किया। वितरण कार्यक्रम को सफल बनाने में भुरकुंडा मंडल के सांसद प्रतिनिधि राकेश सिन्हा, मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, उपाध्यक्ष अमरेश सिंह, एससी मोर्चा के जिला प्रभारी जुगल नायक, मंत्री राजेश गुप्ता एवं राजू मल्होत्रा का विशेष योगदान रहा।

## रजरप्पा मंदिर में उमड़ी भीड़



**रजरप्पा।** माँ छिन्नमस्तिके मंदिर में रविवार को पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। पूजा करने वाले भक्तों की आस्था को कड़ी धूप भी डिगा नहीं पाई। श्रद्धालु अहले सुबह से ही मां भगवती के दरबार में पहुंचने लगे थे। झारखंड सहित बिहार, यूपी, बंगाल, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु यहां पहुंचे हुए थे। विभिन्न प्रांतों से मां भगवती दरबार में पूजा अर्चना आए श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। पूजा-अर्चना के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे हुए थे। लोग पूजा के लिए दामोदर-भैरवी संगम में स्नान कर हाथों में पूजा की थाली लिए अपनी बारी का इंतजार करते देखे गए। बारी आने पर मंदिर में प्रवेश कर मां की पूजा अर्चना उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान मंदिर के पुजारी छोटू पंडा एवं सुबोध पंडा ने कहा कि धार्मिक मान्यता के अनुसार ऐसा माना जाता है कि जो व्यक्ति सप्तमी के दिन पूजा अर्चना करने से सूर्य देव की कृपा प्राप्त होती है। जिससे उसके जीवन में तरक्क ी और सुख शांति बनी रहती है।

## विस्थापित विकास समिति की बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मां पंच बहिनी मंदिर प्रांगण में रविवार को लबगा विस्थापित विकास समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता लखन मुंडा और संचालन रंजीत यादव ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि एनटीपीसी प्रबंधन लबगा गांव को विस्थापित गांव की सूची में शामिल करने के संबंध में वार्ता नहीं करता है, तो समिति चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगी। जिसकी सारी जवाबदेही एनटीपीसी प्रबंधन की होगी। बैठक में मौजूद सदस्यों ने कहा कि लबगा गांव पर परियोजना का सीधा प्रभाव पड़ा है। इसके बावजूद उसे अब तक विस्थापित गांव का दर्जा नहीं दिया गया है। यह न सिर्फ अन्याय है बल्कि ग्रामीणों के अधिकारों का खुला उल्लंघन भी है। समिति ने ह्यहक नहीं तो पानी नहींह्व का नारा देते हुए अपने संघर्ष को तेज करने का संकेत दिया। साथ ही ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि वे अपने अधिकारों की लड़ाई शांतिपूर्ण लेकिन दृढ़ता के साथ लड़ेंगे। जब तक न्याय नहीं मिलता तब तक संघर्ष जारी रहेगा। बैठक में रामेश्वर गोप, सुरेश गोप, अविनाश तुरी, सुनील मुंडा, दीपक साव, दीपक मुंडा, विकास साव, विकास प्रेम, रौनक, अजीत, विशाल, अभिषेक, उमेश, निशांत सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय सेवा ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दुर-दराज ग्रामीण क्षेत्रो से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीबों के बीच भोजन का वितरण किया। मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह और सदस्यों द्वारा लगभग 150 गरीब-जरूरतमंद महिला-पुरुष और बच्चों के बीच पुरी-सब्जी का वितरण किया गया। मौके पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य कार्य है। ऐसे नेक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि जन सहयोग के माध्यम से पिछले 9 वर्षो से मंच द्वारा गरीबो को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा ही मंच उद्देश्य है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, उदयभान डूबे, सूरज शर्मा, बारीक अंसारी, रामशरण गिरी, मुस्कान परवीन, लखन राम, मो. शाहिद सहित कई लोगों का विशेष योगदान रहा।

## जीएम अजय सिंह हुये सम्मानित



**भुरकुंडा (रामगढ़)** ।वरिष्ठ नागरिक मंच भुरकुंडा के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंच के अध्यक्ष अशोक कुमार चौहान के नेतृत्व में शनिवार को बरका सयाल के महाप्रबंधक अजय सिंह से भेंट की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने श्री सिंह को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और भुरकुंडा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान मंच ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक स्थायी कार्यालय की मांग रखी गई। जिस पर महाप्रबंधक श्री सिंह ने आश्वस्त करते हुए कहा, कि मैं हमेशा आप लोगों के साथ हूं। यह भेंट क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक सकारात्मक पहल के रूप में देखी जा रही है, जिससे भविष्य में और भी सहयोगात्मक प्रयासों की उम्मीद जताई जा रही है। प्रतिनिधिमंडल में अशोक कुमार चौहान के अलावा प्रमजीत सिंह धामी, के.पी. मुखर्जी, प्रवीर चैटर्जी, प्रवीन शर्मा, ओम प्रकाश सिंह, अशोक कुमार मिश्रा सहित अन्य वरिष्ठ सदस्य उपस्थित थे।

# हजारीबाग में सरकारी योजनाओं की चमक फीकी

### आत्मनिर्भरता की राह में अब भी जुझती महिलाएं

**अभय कुमार सिंह**




**हजारीबाग।** सरकारें महिला सशक्तिकरण की दिशा में करोड़ों रुपये खर्च कर रही हैं। ह्लबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओह्व से लेकर ह्लमुद्रा योजनाह्व और ह्लस्वयं सहायता समूहह्व जैसे कार्यक्रमों का ढिंढोरा पूरे देश में पीटा जा रहा है। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। हजारीबाग ज़िले के कई गांवों में महिलाओं की स्थिति अब भी दयनीय बनी हुई है। आत्मनिर्भरता उनके लिए अब भी एक सपना है।

इचाक प्रखंड की गीता देवी (35) बताती हैं, हम लोग महिला समूह में जुड़ना चाहते हैं लेकिन कोई मार्गदर्शन नहीं मिलता। दो बार आवेदन किया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। गीता जैसी सैकड़ों महिलाएं आज भी घर की चारदीवारी में सीमित हैं, जबकि उनमें हुनर है, कोई सिलाई जानती है, कोई अचार बनाना, कोई बुनाई। लेकिन ये हुनर बाजार तक नहीं पहुँच पा रहे। बिजली, इंटरनेट और साक्षरता की कमी इस स्थिति को और गंभीर बनाती है। कई इलाकों में तो अभी तक महिलाओं को ये भी नहीं पता कि उनके लिए सरकार क्या योजनाएं चला रही है। वहीं, जिन गांवों में कुछ महिलाएं स्वयं सहायता समूह से जुड़ी भी हैं, उन्हें कागजी कार्यवाही और बैंक की तकनीकी प्रक्रिया के कारण काफी परेशानी होती है। हजारीबाग के सामाजिक कार्यकर्ता व नव झारखण्ड फाउंडेशन के केंद्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा कहते हैं कि महिला सशक्तिकरण सिर्फ कागजों में नहीं होना चाहिए। योजना बनती है, लेकिन जमीनी स्तर पर न सही प्रशिक्षण है, न निगरानी। पंचायत स्तर पर जागरूकता अभियान जरूरी है। राज्य सरकार की ह्यमइंया सम्मान, किशोरी समृद्धि योजना और पलाश, महिलाओं के लिए बहुत ही अच्छी योजनाए हैं। ये योजनाए भी कई गांवों में केवल पोस्टर तक सिमट कर रह गई है। कुछ पंचायतों में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल तो की गई, लेकिन वह टिकाऊ नहीं हो पाई। जरूरत है कि इन योजनाओं को केवल शुरूआत कर के छोड़ न दिया जाए, बल्कि गांव-गांव तक पहुँचाकर महिलाओं को प्रशिक्षित किया जाए, उन्हें बाजार से जोड़ा जाए और उनकी कमाई को स्थायी रूप दिया जाए। जब तक नीति और नियत में अंतर रहेगा, तब तक ग्रामीण महिलाओं की आत्मनिर्भरता की राह में मुश्किलें बनी रहेंगी।

# कुओं पर ताले, हैंडपंप बेदम

### गर्मी की दस्तक ने खोली हकीकत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



इचाक प्रखंड के तिलरा गांव में ग्रामीणों ने निजी कुओं में लगाया ताला।

**हजारीबाग।** गर्मी अभी आई ही है, लेकिन असर ऐसा कि आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो चुका है। महज दो दिनों की तीखी धूप और चिलचिलाती गर्मी ने लोगों को पसीने-पसीने कर दिया है। हालत यह हो गई है कि पानी के लिए हाहाकार मच गया है, गांव से लेकर शहर तक हर जगह बूंद-बूंद को तरसने की नौबत आ गई है। हजारीबाग जिले के इचाक प्रखंड अंतर्गत तिलरा गांव की स्थिति भयावह हो चली है। पानी की भारी किल्लत के कारण अब ग्रामीणों ने अपने प्राइवेट कुओं में ताले लगाना शुरू कर दिया है। हर घर में पानी की चिंता अब रोजमर्रा की समस्या बन चुकी है। कुओं और चापाकलों के आसपास लंबी लाइनें दिखाई देने लगी हैं, लेकिन उम्मीद टूटती नजर आ रही है।

इधर शहर की हालत भी कुछ खास अलग नहीं है। जगह-जगह लगे हैंडपंपों ने दम तोड़ दिया है। सैकड़ों हैंडपंप पानी देना बंद कर चुके हैं, जिससे शहरी इलाकों में रहने वाले लोगों के सामने भी पानी की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। नगर निगम की ओर से अब तक कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। तिलरा निवासी बबिता कुमारी ने बताया कि कुएं से पानी भरने के लिए अब अनुमति लेनी पड़ती है। पहले सभी के लिए खुले रहते थे, लेकिन अब ताले लटक रहे हैं। हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं।

वहीं, शहर के वार्ड नंबर 13 के रहने वाले संजय कुमार कहते हैं, हैंडपंप कब से खराब पड़ा है, किसी ने सुध तक नहीं ली। पीने का पानी खरीदना अब मजबूरी बन गया है। अगर दो दिन की गर्मी में ही सिस्टम दम तोड़ दे, तो मई-जून की प्रचंड लू में क्या हाल होगा? प्रशासन अभी भी नींद में है या किसी चमत्कार का इंतजार कर रहा है? आने वाले दिनों में अगर तत्काल समाधान नहीं निकाला गया, तो पानी को लेकर हालात और भी विकराल हो सकते हैं। गांव हो या शहर, हर जगह पानी अब सोने से भी कीमती होता जा रहा है। जहां जिंदगी की रफ्तार पानी से तय होती है, वहां प्यास एक त्रासदी बनती जा रही है।

## आरसीएमयू का कुजू क्षेत्रीय कमिटी गठित

**कुजू।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के कुजू क्षेत्रीय कमिटी गठन को लेकर यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष सह बेरमो विधायक कुमार जय मंगल सिंह ने पत्र जारी कर कुजू क्षेत्रीय अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा व क्षेत्रीय सचिव के रूप राजकुमार ठाकुर का मनोनयन किया है। वही कार्यकारी अध्यक्ष टीरु मांझी, सत्येंद्र नारायण सिंह, उपाध्यक्ष मोहम्मद अफजल, मोहम्मद आसिन अंसारी, सुधीर कुमार सिंह, सह सचिव हेमंत सिंह, रॉयल मांझी, जेके जॉन, कोषाध्यक्ष राम रतन सिंह का चयन किया है । कार्यकारिणी सदस्यों में बूटी तिवारी, जगदीश कुमार चौहान, गौतम कुमार सिंह, अजीत कुमार लिंडा, जुगल किशोर महतो, मोहम्मद आसिम अंसारी, अविनाश सिंह, देवो महतो, सुचिता कुमारी, अशोक साहू, मनवा भुइयां, जीतू प्रजापति, अनंत कुमार, सुदेश उरांव, तुलेश्वर प्रजापति, वासुदेव मांझी, महादेव भुइयां, संजय सिंह, कुमार महतो, अभिषेक सिंह, सुरेंद्र नोनिया, जितेंद्र नोनिया, अशोक सिंह, धीरेंद्र सिंह, रीना सिंह, जानकी भुइयां, कामेश्वर गंझू, संतोष टंडन, इनामुल, अनिल सिंह, शंकर मुंडा, सिराज अंसारी, इंदल सिंह, पवन ओझा, विनय सिंह, संजय घोषाल शामिल है।

## कई कार्यों को लेकर सांसद से मिला भाजपा का प्रतिनिधिमंडल



**कुजू।** सांसद मनीष जायसवाल से भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को मिला। प्रतिनिधिमंडल रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि मनोज गिरी के नेतृत्व में नगर परिषद क्षेत्र के प्राचीन शिव मंदिर टूटी झरना के विकास कार्य कराने का मांग किया। कहा कि मंदिर परिसर के चारों तरफ पेवर्स ब्लॉक लगाने, डीप बोरिंग एवं जल मीनार का निर्माण कराने, हाई मास्क लाइट लगाने, चेकडैम के दोनों तरफ लाइट का लगाने, 5 मंदिर परिसर से लेकर रेफरल अस्पताल तक सड़क के दोनों तरफ लाइट लगने, रेफरल अस्पताल के पास तोरणद्वार का निर्माण कराने, पार्किंग की व्यवस्था कराया जाए। मौके पर मनोज गिरी, आनंद बेदिया, संत राज पासवान, सुनील प्रसाद साहू, अर्जुन यादव, रामसहाय बेदिया, सुरेश गिरी, पिंटू कुमार पटवा, दिलेश्वर कुशवाहा, सुनीता रविदास, संगीता देवी, विनोद प्रसाद समेत अन्य लोग शामिल थे।

## वाटर पार्क में 300 बच्चों ने की मस्ती

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा के करीब तीन सौ विद्यार्थियों ने रांची स्थित वाइल्ड वादी वाटर पार्क का भ्रमण किया। बच्चों ने स्विमिंग कॉस्ट्यूम में वाटर पार्क में भरपूर मस्ती की। बच्चों ने वाटर स्लाइडिंग, वेभ पुल, रेन डांस, जिप लाइन, बर्ड पार्क, पेंडुलम, क्रिकेट सिमुलेशन, नेट जंपिंग, ट्रमपोलिन, गेम जोन, गायरो, भूल भुलैया का घंटो तक आनंद उठाया। साथ ही विभिन्न फिल्मी गीतों पर डांस भी किया। वाटर पार्क में कई प्रतियोगिता जीतने वाले बच्चों को उपहार भी मिला। स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि जो खुशी बच्चों को अपने दोस्तों के साथ आम पब्लिक प्लेस में घूमकर और मौज-मस्ती करके मिलती है।

# जमीन विवाद में पौत्र ने की दादा की हत्या, पांच घायल



**कटकमसांडी।** जमीन विवाद को लेकर कटकमसांडी थाना क्षेत्र के होरिया गांव में शनिवार शाम हिंसक झड़प हो गई, जिसमें वृद्ध सेवा महतो की हत्या कर दी गई। खूनी संघर्ष में दोनों पक्षों के पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के दौरान जब परिवार के बीच जमीन बंटवारे को लेकर विवाद बढ़ा, तो सेवा महतो बेटों और पोते-पोतियों को समझाने पहुंचे। लेकिन पौत्र सुधीर प्रसाद मेहता ने पहले दादा-दादी पर हमला किया और फिर पिकअप वाहन चढ़ाकर सेवा महतो की हत्या कर दी। घायल विमली देवी सहित परमेश्वर प्रसाद मेहता, प्रमोद प्रसाद मेहता, मनोज प्रसाद मेहता और लालजी प्रसाद मेहता को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही कटकमसांडी पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सेवा महतो कोलियरी से सेवानिवृत्त थे और उन्होंने परिवार के लिए दोमंजिला मकान भी बनवाया था, लेकिन उसी परिवार में बंटवारे को लेकर हिंसा में उनकी जान चली गई। घटना ने गांव में सनसनी फैला दी है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सेना और झारखंड पुलिस का सिनर्जी कान्क्लेव आयोजित

### सेना व पुलिस के तालमेल से देश को सेवा करने में मिलेगी मदद : मेजर जनरल भारद्वाज

**एजेंसी**



**रामगढ़।** मुख्यालय झारखंड और बिहार सब एरिया के तत्वाधान के तहत पंजाब रेजिमेंटल सेंटर रामगढ़ कैंट में झारखंड पुलिस के साथ शुक्रवार को को इंटर-एजेंसी सहयोग को गहरा करने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक पहल के तहत, एक सिनर्जी कान्क्लेव का आयोजन किया गया । यह कार्यक्रम दोनों बलों के बीच आपसी सूझ-बुझ, संयुक्त प्रशिक्षण पहलुओं और मधुर संबंध स्थापित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम था। इस सम्मेलन में सेना और झारखंड पुलिस के प्रतिनिधि मंडल ने भाग लिया ।जिसमें दोनों बलों के सीनियर अधिकारी शामिल थे। सेना का प्रतिनिधित्व मेजर जनरल विकास भारद्वाज, वीएसएम जनरल ऑफिसर कमाँडिंग, झारखंड और बिहार सब एरिया ने किया। पुलिस का प्रतिनिधित्व डीजीपी अनुराग गुप्ता ने किया ।मेजर जनरल विकास भारद्वाज, वीएसएम जनरल ऑफिसर कमाँडिंग, झारखंड और बिहार सब एरिया ने चर्चा के दौरान, दोनों बलों के बीच ऑपरेशनल सहयोग और संयुक्त प्रशिक्षण पहलुओं कर विशेष जोर दिया। उन्होने इस तथ्य पर जोर दिया कि राष्ट्रीय सुरक्षा कि उभरती प्रकृति के लिए एक सहयोगी और अनुकूली दृष्टिकोण कि आवश्यकता है और नियमित बातचीत, संयुक्त प्रशिक्षण मोडयूल और ज्ञान साझा करने के माध्यम से संस्थागत तालमेल के मजबूत करने से दोनों संगठनों को राष्ट्र की अधिक प्रभावी ढंग अब सेवा करने में मदद मिलेगी। उन्होने इस तथ्य पर जोर दिया कि राष्ट्रीय सुरक्षा कि उभरती प्रकृति के लिए एक सहयोगी और अनुकूली दृष्टिकोण कि आवश्यकता है और नियमित बातचीत, संयुक्त प्रशिक्षण मोडयूल और ज्ञान साझा करने के माध्यम से संस्थागत तालमेल के मजबूत करने से दोनों संगठनों को राष्ट्र की अधिक प्रभावी ढंग अव सेवा करने में मदद मिलेगी। अनुराग गुप्ता ने इस तरह के आयोजनों के लिए भारतीय सेना की पहल की सराहना की और इस बात पर जोर दिया कि पुलिस सैनिकों (सेवारत और सेवानृवित) द्वारा राष्ट्र के प्रति की गयी निःस्वार्थ सेवा के लिए सर्वोच्च सम्मान देती है। उन्होंने पुलिस कर्मियों के लिए सेना के साथ आवश्यक अल्पकालिक अनुलग्नकों की संभावना को रेखांकित किया ताकि उन्हे बेहतर अनुभव प्रदान किया जा सके। उन्होंने कहा कि किसी भी राज्य के पुलिस अधिकारी द्वारा सैनिकों के साथ की गयी मारपीट पर अफसोस है । पुलिस ऐसे गलतकाम करने वाले अधिकारियों से तुरंत और उचित तरीके से निपटती है। ऐसी घटनाओं की पुनरावृति से बचने के लिए, उन्होंने संयुक्त प्रशिक्षण कैप्सुल के महत्व और पुलिस कर्मियों के लिए सेना प्रशिक्षण प्रतिष्टनों के साथ कम समय के लिए संलग्न होने की संभावना को रेखांकित किया, ताकि उन्हे बेहतर अनुभव और समझ मिल सके।

एक नजर में

## गाड़ीसाड़म : तालाब से मिला मासूम का शव



**दारू।** कबलासी पंचायत के गाड़ीसाडम गांव में शुक्रवार को तालाब में डूबे 10 वर्षीय शक्ति कुमार का शव 72 घंटे बाद रविवार शाम ग्रामीणों ने बरामद किया। इससे पहले लगातार प्रशासन को सूचना देने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने खुद तालाब की तलाशी जारी रखी। शक्ति कुमार, स्व. राजेश राणा का पुत्र था। 18 अप्रैल की शाम वह अपनी बड़ी बहन श्रद्धा के साथ तालाब की ओर गया था। श्रद्धा कपड़े धो रही थी, उसी दौरान खेलते हुए शक्ति का पैर फिसल गया और वह तालाब में डूब गया। यह देखकर घबराई बहन किसी को कुछ बताए बिना घर लौट आई। जब देर शाम तक शक्ति घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसे ढूंढना शुरू किया। रातभर ग्रामीण और परिजन खोजबीन में जुटे रहे, लेकिन सफलता नहीं मिली। अगले दिन परिजनों ने दारू थाना में लिखित सूचना दी। थाना प्रभारी शफीक खान, अंचल अधिकारी राम बालक कुमार और बीडीओ हारून रशीद घटनास्थल पर पहुंचे। एनडीआरएफ को भी सूचित किया गया, लेकिन टीम गुमला में होने के कारण घटनास्थल पर पहुंचने में देर हुई। इस बीच, ग्रामीण लगातार खुद ही तालाब की तलाशी लेते रहे। रविवार शाम को जब प्रशासनिक टीम और एनडीआरएफ मौके पर पहुंची, उससे पहले ही शव पानी की सतह पर आ गया था। ग्रामीणों ने बिना देरी किए शव को बाहर निकाल लिया।

## गोरहर में श्रीमद्भागवत ज्ञान महायज्ञ शुरू



**बरकट्ठा।** गोरहर में रविवार को श्री श्री 108 श्री राधा-कृष्ण प्राण प्रतिष्ठा सह श्रीमद्भागवत ज्ञान महायज्ञ का विधायक अमित यादव ने उद्घाटन किया। विधायक ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल आध्यात्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण होते हैं, बल्कि यह हमारी सनातन संस्कृति और परंपराओं को भी मजबूती प्रदान करते हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उन्हें इस पावन आयोजन में भाग लेकर आत्मिक शांति और दिव्यता की अनुभूति हुई। श्री यादव ने यज्ञ समिति के पदाधिकारियों, ग्रामवासियों और सभी सहयोगियों को इस अनुकरणीय आयोजन की सफलता हेतु बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में एक सकारात्मक वातावरण का निर्माण करते हैं, जिससे सामाजिक एकता और भाईचारे को भी बल मिलता है।

## विष्णुगढ़ में पशु सखी प्रशिक्षण संपन्न



**विष्णुगढ़।** प्रखंड में 16 से 20 अप्रैल तक जन जागरण केंद्र हजारीबाग द्वारा आयोजित पांच दिवसीय पशु सखी प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य महिला किसानों की आय में सतत वृद्धि करना और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना था। प्रशिक्षण में विष्णुगढ़ के 11 गांवों के लगभग 2000 किसानों को उन्नत कृषि, बकरी व मुर्गी पालन, उच्च गुणवत्ता वाले बीज, और आधुनिक पशुपालन तकनीकों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान द गोट ट्रस्ट, लखनऊ से आए प्रशिक्षक मानिक कुमार चौधरी ने बकरी पालन प्रबंधन पर विस्तृत जानकारी दी। प्रतिभागियों को प्रजनन, आहार, स्वास्थ्य प्रबंधन, पशु आहार निर्माण, टीकाकरण, कृमिनाशक, प्राथमिक उपचार और घरेलू औषधीय विधियों जैसे पचपन प्रास, पचमोला, निम्ब तेल तैयार करने की जानकारी दी गई। परियोजना निदेशक अजय कुमार सिंह ने बताया कि यह पहल ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम है। परियोजना प्रबंधक कमलेश मिश्रा ने कहा कि नियमित टीकाकरण और इलाज से पशुपालकों को आर्थिक नुकसान से बचाया जा सकता है। कार्यक्रम में कई ग्रामीण महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## बरही में पलटी स्कार्पियो, तीन युवक घायल

**बरही।** बेलगोड़ा पहाड़ी के पास शुक्रवार रात ओरपरता मार्ग पर स्कार्पियो अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे ट्रेंच में गिरकर पलट गई। जिसमें स्कार्पियो पर सवार बरही पौड़ेया गांव का 30 रंजीत यादव, 25 वर्षीय किशोर यादव व 22 वर्षीय दीपक यादव घायल हो गया। जिनका ईलाज बरही अनुमंडल अस्पताल में किया गया। स्कार्पियो बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं स्कार्पियो पलटी करते ही उसका एयरबैग खुल गया, जिसके कारण चालक व आगे बैठा युवक को राहत मिली।

## बरही में हाथियों ने घर व स्कूल को किया क्षतिग्रस्त

**बरही।** बेहराबाद और तेतरिया भंडारों गांव में शनिवार रात जंगली हाथियों के एक झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। करीब 25-30 हाथियों का यह झुंड जंगल से निकलकर गांवों में घुस आया, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया है। तेतरिया भंडारों में हाथियों ने स्कूल की खिड़की तोड़कर दो क्विंटल मध्याह्न भोजन का चावल खा लिया और आंगनबाड़ी केंद्र की चहारदीवारी को भी नुकसान पहुंचाया। वहीं बेहराबाद गांव में हाथियों ने एक दलित परिवार के घर को तोड़ दिया, घर में रखा सारा खाद्यान्न व सामान बर्बाद कर दिया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी, जिसके बाद अधिकारी और वनकर्मी मौके पर पहुंचे। उन्होंने हाथियों को भगाने की कोशिश की, लेकिन झुंड के आकार के आगे वनकर्मी कम पड़ रहे हैं। हाथियों का समूह कई भागों में बंटकर आसपास के जंगलों में डेरा जमाए हुए है। फिलहाल हाथियों को भगाने के लिए वन विभाग की टीम लगातार प्रयासरत है और स्थिति पर नजर बनाए हुए है। वन विभाग ने ग्रामीणों से सतर्क और सुरक्षित रहने की अपील की है।

## केरेडारी में हाइवा ने युवक को रौंदा, मौत



**केरेडारी।** केरेडारी में रविवार को एनटीपीसी केडी परियोजना से कोयला ढुलाई कर रही ओएसएल कंपनी के हाइवा ने बाइक सवार युवक को कुचल डाला। मृतक विकास कुमार (40), निवासी अबेड़कर मोहल्ला, पांडू, बीजीआर कंपनी में काम करता था और ड्यूटी से लौट रहा था। हाइवा (खल्र 02 इर 0113) की टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक को कुछ दूर तक घसीटते हुए ले गया, जिससे उसकी कमर और पेट फट गया। घटना के बाद हाइवा चालक वाहन समेत भाग निकला, लेकिन एनटीपीसी के गेट पर बैरियर तोड़ते हुए वाहन में आग लग गई और हाइवा पूरी तरह जलकर खाक हो गया। पुलिस पिकेट से महज 1500 मीटर की दूरी पर आग बुझाने के कोई प्रयास नहीं किए गए। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने ट्रांसपोर्टिंग कंपनी ओएसएल पर सुरक्षा व्यवस्था में घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए 2:30 बजे से सड़क जाम कर दिया। उन्होंने मुआवजा, नौकरी और कंपनी के वाहनों पर प्रतिबंध की मांग की। मृतक विकास अपने पीछे पत्नी कविता देवी, दो बेटे और एक बेटी समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गया है। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी गई है।

# कोडरमा के छात्रों की जेईई मेंस में शानदार सफलता, दस छात्रों ने लहराया परचम

## उचित मार्गदर्शन से ग्रामीण क्षेत्र की छात्र-छात्राएं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में कर सकते हैं उत्कृष्ट प्रदर्शन : उपायुक्त








**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयास से शिक्षा क्षेत्र में एक नई सफलता प्राप्त हुई है। उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा संचालित 'संपूर्ण शिक्षा कवच' कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को बेहतरीन मार्गदर्शन और संसाधन उपलब्ध कराए गए, जिसका परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिख रहा है। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण छात्रों को मुख्यधारा की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिलाना है।

### जेईई मेंस में दस छात्रों ने लहराया परचम

जेईई मेंस में जिले के सरकारी विद्यालय के छात्र आदित्य प्रकाश (एसएस प्लस टू हाई स्कूल, बसोडीह) ने 99.15 प्रतिशत, राहुल राणा (आरएमएम प्लस टू हाई स्कूल, चंदवारा) ने 94.56 प्रतिशत, ओम प्रकाश वर्मा (आरएमएम प्लस टू हाई स्कूल, चंदवारा) ने 93.2 प्रतिशत, प्रितम पॉल (मॉडल स्कूल कोडरमा) ने 90.04 प्रतिशत, अनमोल कुमार (एचएस मसमोहना) ने 87.49 प्रतिशत, अभिषेक कुमार मोदी (आरएमएम प्लस टू हाई स्कूल, चंदवारा) ने 86.36 प्रतिशत, अंकित कुमार (प्रोजेक्ट प्लस टू हाई स्कूल, देवीपुर) ने 81.65 प्रतिशत, कुमकुम कुमारी (सीएच प्लस टू उच्च विद्यालय झुमरी तिलैया) ने 81.56 प्रतिशत, जयदीप दास (मॉडल स्कूल कोडरमा) ने 75.04 प्रतिशत और बिट्टू कुमार (आरएमएम प्लस टू हाई स्कूल, चंदवारा) ने 73.92 प्रतिशत प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। इसके लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक और शिक्षा विभाग के सभी पदाधिकारी, कर्मी और विद्यालय के शिक्षकों तथा बच्चों को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करा रही संस्था फिलो का योगदान सराहनीय रहा। 'संपूर्ण शिक्षा कवच' कार्यक्रम के अंतर्गत फिलो संस्था के द्वारा प्रतियोगिता परीक्षा की निरंतर तैयारी करायी गयी। समय-समय पर हर बिंदुओं पर गाइडलाइंस दिया जाता रहा। जिसका परिणाम है कि दस बच्चों ने जेईई मेंस पास किया।

### जिले के लिए गर्व का क्षण : उपायुक्त

उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने इस अवसर पर छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा यह हमारे जिले के लिए गर्व का क्षण है। इन 10 छात्रों ने यह साबित कर दिया कि संसाधनों की सीमाओं के बावजूद यदि उचित मार्गदर्शन और समर्थन मिले, तो ग्रामीण क्षेत्र की छात्राएं भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं। यह उपलब्धि न केवल छात्राओं की मेहनत का परिणाम है, बल्कि सम्पूर्ण शिक्षा कवच अभियान के तहत शिक्षकों और जिला प्रशासन द्वारा किए गए सतत प्रयासों की भी पुष्टि करती है। हम आगे भी इसी तरह छात्रों के समग्र सहयोग हेतु प्रयासरत रहेंगे। साथ ही कहा कि यह उपलब्धि यह भी दर्शाती है कि मेहनत सही दिशा में और संसाधनों के माध्यम से कोई भी विद्यार्थी अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। यह सफलता सिद्ध करती है कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी भी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। बता दें कि विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा विशेष कक्षाएं चलाई गईं और वन-ऑन-वन मार्गदर्शन दिया गया, जिससे विद्यार्थियों को अपनी तैयारी में सुधार करने में मदद मिली। यह पहल जिले के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक साबित होगी।

वहीं उप-विकास आयुक्त ऋतुराज ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि, सभी छात्र निरंतर आगे बढ़ते रहें और अपने बेहतरीन भविष्य संवारे। उन्होंने कहा कि, सरकारी विद्यालय के बच्चों को बेहतर प्लेटफार्म मिलने से वे बेहतर कर सकते हैं, इन्होंने जेईई मेंस पास कर साबित किया है।

### क्या है संपूर्ण शिक्षा कवच

उपायुक्त की पहल से शुरू किये गये 'संपूर्ण शिक्षा कवच' कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों को डिजिटल माध्यम से अध्ययन करने की सुविधा दी गई। गणित, भौतिकी, रसायन, जीव-विज्ञान और अंग्रेजी विषयों में विशेष ध्यान दिया गया, ताकि छात्रों को परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करने में सहायता मिले। यह कार्यक्रम उनकी जरूरतों के अनुसार अनुकूलित किया गया और लगातार उनकी प्रगति पर नजर रखी गई। साथ ही विद्यार्थियों को 24x7 शिक्षक उपलब्धता प्रदान की गई, जिससे वे किसी भी समय मार्गदर्शन प्राप्त कर सकें और अपनी पढ़ाई को सुचारू रूप से जारी रख सकें।

कोडरमा जिला प्रशासन के इस सफलता को ग्रामीण शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी बदलाव के रूप में देखता है और भविष्य में भी इसी प्रकार छात्र-छात्राओं को सहयोग प्रदान करने के लिए संकल्पित है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए सभी शिक्षकों, प्रशिक्षकों, और छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

## कोल वाहन के चपेट में आने से 28 वर्षिय युवक की मौत, दस घंटे रहा रोड जाम




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिमरिया।** सिमरिया थाना क्षेत्र के बाबा पेट्रोल पंप के समीप स्थानीय थाना क्षेत्र के खपिया पगार गांव निवासी 28 वर्षीय सुनिल राम पिता चरित्र राम की मौत शनिवार की देर शाम कोल वाहन की चपेट में आने से हो गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि घर में सुनिल के चचेरे भाई की शादी थी। वैवाहिक कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान वह डीजल लेने के लिए घर से निकला और बाबा पेट्रोल पंप के समीप तेज रफ्तार कोल वाहन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत मौके पर ही हो गई। सिमरिया पुलिस को सूचना मिलते ही शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं घटना की सूचना परिजन एवं ग्रामीणों को मिलने के बाद ग्रामीण कोल वाहन परिचालन को बंद करवाकर उचित कार्यवाही की मांग कर रहे हैं। मौके पर पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी व थाना प्रभारी, मामले को गम्भीरता को देखते हुए जाम स्थल पर पहुंच ग्रामीणों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया। परंतु ग्रामीण मुआवजे की मांग को लेकर अड़े रहे। अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों ने कोल ट्रांसपोर्टर से संपर्क कर मुआवजा दिलवाने का प्रयास किया। मुआवजे का आश्वासन के बाद जाम हटा। मौके पर झामुमो नेता मनोज चंद्रा, जिप सदस्य देवनंदन साहू, पंचायत समिति सदस्य परमेशवर यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे। मौके पर मनोज चंद्रा ने कहा कि कोल परिचालन से लगातार सड़क दुर्घटना में स्थानीय लोगों की मौत हो रही है। इस मार्ग से कोल परिचालन होगी तो जल्द ही स्थायी मुआवजा निति बननी चाहिए। ताकि दुर्घटना के बाद परिजनों को त्वरित सहायता मिल सके।

**खबर एक नजर में**

### हंटरगंज प्रखण्ड के कई गांवों में आयोजित विवाह समारोहों में शामिल हुए विधायक




**हंटरगंज/चतरा।** हंटरगंज प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत घंघरी, केंदली , डुमरिया, कोबना, गोखना, फतुहा चक आदि कई गांवों में एक दिवसीय दौरे पर रविवार को चतरा विधायक जनार्दन पासवान पहुंचे, जहां उन्होंने इन शुभ अवसरों पर वर-वधु को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखमय एवं सफल वैवाहिक जीवन की कामना की। इस दौरान उन्होंने कहा क्षेत्रवासियों से मिलकर समाज की खुशियों में शामिल होना और आशीर्वाद स्वरूप शुभकामनाएं देना, हम सभी की साझा संस्कृति और परंपरा का हिस्सा है। ऐसे आयोजन आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता को और भी मजबूत करते हैं ।मैं ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि सभी नवविवाहित जोड़ों का जीवन खुशियों से भरा रहे और उनके घरों में सुख-शांति बनी रहे।

### तेज रफ्तार कोल वाहन ने साउंड लदे बाराती गाड़ी को धक्का मार घर में जा घुसा, दो घायल



**सिमरिया।** थाना क्षेत्र के मुरवे गिरिजा होटल के समीप एक तेज रफ्तार कोल वाहन अनियंत्रित होकर साउंड लदा 407 बाराती गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया और पास के अल्बेस्टर वाले मकान में जा घुसा। इस भीषण हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिसमें घायलों में 19 वर्षिय अंशु कुमार पिता विशेश्वर राम एवं 17 वर्षिय अंकित कुमार पिता विशेश्वर राम केरेडाडी थाना क्षेत्र के पांडू गाँव निवासी है। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया एवं पैर में अधिक चोट होने के कारण अंकित कुमार को बेहतर उपचार के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया। कोयला वाहनों की अनियंत्रित रफ्तार और लापरवाही ने सिमरिया-टंडवा क्षेत्र में दहशत फैला रखा है। आए दिन होने वाले हादसों ने कई परिवारों को उजाड़ दिया है। कहीं स्थानीय लोग पुर्ण रुप से पब्लिक सडक पर कोल वाहन के परिचालन पर प्रतिबंध लगाने तो कहीं लोग कोल वाहनों की स्पीड पर अंकुश लगाने सहित रात्रि 9 बजे तक नो एंट्री की लगाए रखने की मांग कर रहे हैं।

## 14 वर्षीय खुशी कुमारी ने फांसी लगा कर की आत्महत्या



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत गांधी स्कूल रोड के वार्ड नं. 24 स्थित मास्टर मोहल्ला निवासी मंजीत मिश्रा की भगनी ने रविवार सुबह फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान औरंगाबाद (बिहार) निवासी 14 वर्षीय खुशी कुमारी पिता संतोष पांडेय के रूप में की गई है। घटना की जानकारी देते हुए मृतका की मामी सिम्मी मिश्रा ने बताया कि खुशी ने रविवार को सुबह 11 बजे घर के शौचालय की छत में बने लोहे की हुक में अपने दुप्पटे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जब उसे शौचालय से निकलने में देर होने लगी तो उसकी मामी को शक हुआ और उन्होंने खुशी को आवाज लगाई। जब अंदर से कोई जवाब नहीं मिला तो उन्होंने बाथरूम में लगे वेंटिलेटर से झांका तो देखा कि वह फंदे से झूल रही थी। जिसके पश्चात शौचालय के गेट का दरवाजा तोड़ दिया और अंदर प्रवेश किया। मामले को लेकर मृतका के मामा मंजीत मिश्रा ने बताया कि खुशी का किसी से भी किसी प्रकार का अनबन या लड़ाई झगड़ा नहीं था, वह हंसमुख थी। उसने ऐसा कदम क्यों उठाया यह समझ से परे है। आज सुबह भी जब मैं अपने काम के लिए निकल रहा था, तो उसने अच्छे से बातचीत की। जब मैं काम पर पहुंचा ही था कि घर से फोन आया कि खुशी ने फांसी लगा ली है। जिसके पश्चात जब मैं घर पहुंचा तो देखा कि उसकी मौत हो चुकी थी।

**बचपन में ही गुजर गई थी मां, मामा ने किया पालन पोषण :** इधर मृतका के मामा ने बताया कि खुशी की मां बचपन में ही गुजर गई थी, जिसके पश्चात हमने ही इसका लालन पालन किया। उन्होंने बताया कि फिलहाल खुशी गांव औरंगाबाद (बिहार) में कक्षा नौ में पढ़ाई कर रही थी। अभी हाल ही में रामनवमी के समय वह मेरे पास कुछ दिनों की छुट्टियां बिताने आई हुई थी, साथ ही वह कक्षा 10वीं की तैयारी भी यहीं से करना चाह रही थी। उन्होंने बताया कि खुशी के पिता भी पिछले दो वर्षों से झुमरीतिलैया में ही रहकर एक निजी अस्पताल में काम कर रहे हैं।

**पुलिस कर रही जांच :** इधर घटना की सूचना मिलते ही तिलैया पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। पुलिस आत्महत्या के कारणों को तलाशने में जुटी हुई है।

## जेईई मेंस रिजल्ट में आदर्श प्लस टू उवि ने किया अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन






- **सभी क्षेत्र में बेहतर रिजल्ट देकर चेहरे पर ला दिया है मुस्कान : पुनीत यादव**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** जयनगर प्रखंड स्थित आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड़ ने इस वर्ष जेईई की परीक्षा में चौंकाने वाला प्रदर्शन किया है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय ने एक बार फिर अपने क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। इस वर्ष विद्यालय के विद्यार्थियों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए जिले में दूसरा स्थान हासिल किया है, जो कि अपने क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। इस परीक्षा में विद्यालय के श्रेयांश दुग्गड ने 99.37 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। इसके अलावा अनीषा राज 99.24 प्रतिशत, आदित्य प्रसाद 98.97 प्रतिशत और धीरज कुमार यादव 98.29 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय के अलावे अपने क्षेत्र और कोडरमा जिला को गौरवान्वित किया है। उक्त चार विद्यार्थी के अलावे विद्यालय के 14 विद्यार्थियों ने जेईई मेंस में ऐतिहासिक प्रदर्शन कर जेईई एडवांस के लिए क्वालीफाई कर लिए हैं। वहीं विद्यालय की इस शानदार सफलता पर प्राचार्य पुनीत यादव ने कहा कि इस बार का परीक्षा में प्रदर्शन बहुत बेहतर रहा। विद्यालय ने प्रत्येक वर्ष हर क्षेत्र में बेहतर रिजल्ट देकर अपने क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। चाहे मेडिकल क्षेत्र हो, इंजीनियरिंग क्षेत्र हो, खेल का क्षेत्र हो या फिर किसी तरह का शैक्षणिक क्षेत्र हो, हमारे विद्यालय ने सभी क्षेत्र में बेहतर रिजल्ट देकर सभी के चेहरे पर मुस्कान ला दिया है। उन्होंने सभी सफलतम विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

वहीं विद्यालय के इस ऐतिहासिक प्रदर्शन पर क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों ने प्राचार्य, शिक्षकों और विद्यार्थियों को शुभकामना दी हैं। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय अपने क्षेत्र ही नहीं, पूरे कोडरमा जिले के शिक्षा क्षेत्र के लिए वो आंख हैं जिसकी रोशनी से सर्वत्र शैक्षणिक स्तर में उजाला फैला हुआ है। बधाई देने वालों में कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, उपाध्यक्ष निर्मला देवी, देवनारायण यादव, केदारनाथ यादव, गणपत यादव, रामेश्वर यादव, इंद्रदेव यादव, बिनोद दास, बलदेव यादव के अलावे उप-प्राचार्य अर्जुन चन्द्र यादव, रवींद्र कुमार रवि, महेन्द्र कुमार राणा, विद्यालय के प्रशासक दीपक कुमार, महेन्द्र कुमार पांडेय, गोपाल कुमार यादव, नरेश सिंह, फुलंगी चन्द्र यादव, सनोज कुमार, मुकेश राणा, शमशेर आलम, बिट्टू कुमार, सीताराम यादव, शाहिद हुसैन, सुनील कुमार यादव, पंकज कुमार साव, नीलम प्रभा, रिंकी देवी, सुनिता कुमारी, जन्नत परवीन, केदार यादव, रंजीत कुमार यादव, संदीप कुमार तिवारी, शरीफ अंसारी, रवि रंजन, सतीश कुमार, लक्ष्मण चन्द्र यादव, मिथलेश पांडेय, पम्मी रॉय के साथ साथ सभी शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### गड्ढा खोदो अभियान का बीडीओ किया शुभारंभ



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड के तेलोडीह पंचायत में बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत रविवार को गड्ढा खोदो अभियान का शुभारंभ बीडीओ हुलास महतो की उपस्थिति में किया गया। इस मौके पर बीडीओ ने कहा कि सरकार का यह महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना को धरातल पर उतरने की जिम्मेदारी हम सबों की है। उन्होंने यह भी कहा कि मरकच्चो प्रखंड में इस योजना के तहत 104 लाभुकों का चयन किया जा चुका है। इस योजना के तहत ग्रामीण स्तर पर आम बागवानी लगाकर जीवकोपार्जन का जरिया बनाया जा रहा है। मौके पर सहायक अभियंता चितरंजन कुमार, कनीय अभियंता मंतोष कुमार, बीएफटी संजय राम, भागीरथ ठाकुर, लाभुक सीताराम समेत कई लाभुक उपस्थित थे।

## सतडीहा में चलो चलें गड्ढा खोदें कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड में बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम बागवानी के लिए सतडीहा में चलो चलें गड्ढा खोदें का आयोजन किया गया। अभियान के पूर्व क्षेत्र में जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बीडीओ गौतम कुमार, मुखिया संगीता देवी एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी की उपस्थिति में हुई। मौके पर बीडीओ ने गड्ढा खोदो अभियान का आगाज करते हुए खुद फावड़ा उठाकर गड्ढा खोदने का कार्य किया, जिससे स्थानीय लोगों और कर्मचारियों में एक नयी प्रेरणा का संचार हुआ। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का



उद्देश्य न केवल बागवानी को बढ़ावा देना है, बल्कि रोजगार सृजन एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन जागरूकता भी फैलाना है। इस अवसर पर ग्रामीणों को आम के पौधों की देखभाल, गड्ढा खुदाई की मापदंडों एवं योजना से जुड़ी तकनीकी जानकारी भी दी गई। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विकाश कुमार सिंह ने बताया कि आने वाले समय में प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में आम बागवानी के लिए चयनित लाभुकों के बीच पौधों का वितरण किया जायेगा और इसकी निगरानी लगातार की जायेगी। मौके पर सहायक अभियंता तारिक अनवर, सतडीहा मुखिया संगीता देवी, पंचायत सचिव अजय साव, कनीय अभियंता विकास कुमार, रोजगार सेवक अजीत सरकार, पूर्व पंसस सुरेश यादव, समाजसेवी महेश यादव, मंटू पंडित, सत्यम पंडित, बालमुकूंद गोप, सुदामा यादव, संतोष यादव, सहदेव यादव व मनरेगा कर्मी मौजूद थे।

## होटल संचालक से लोन दिलाने के नाम पर 1.41 लाख की ठगी, जांच में जुटी पुलिस



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत जलवाबाद निवासी और होटल संचालक मो. मोबिन आलम से साइबर अपराधियों ने बैंक से लोन दिलाने के नाम पर 1 लाख 41 हजार 527 रुपये की ठगी कर ली। घटना को लेकर पीड़ित युवक ने थाना में आवेदन देकर उचित कार्रवाई करने की गुहार लगायी है। थाना को दिये आवेदन में युवक ने कहा है कि 17 अप्रैल की शाम करीब 4:30 बजे से लगातार साइबर अपराधी ने खुद को इंडसइंड बैंक का कर्मी बनकर मेरे मोबाइल पर फोन कर लोन देने का झांसा दिया, चूंकि पूर्व से उक्त बैंक में मेरा एक लोन चल रहा था, जिससे मुझे साइबर ठगी का एहसास नहीं हुआ। उसके द्वारा कहा गया कि आपका जो साप्ताहिक किशत है, उसे बंद कर मासिक किशत वाला नया लोन चालू कर दिया जायेगा। मैं सीधा साधा व्यक्ति हूं, उसकी बातों पर विश्वास कर लिया। 18 अप्रैल को करीब 12 बजे पुनः साइबर अपराधी ने मुझे फोन किया और सारी जानकारी लेने के बाद कहा कि आज शाम को आपकी दुकान पर आकर आपके लोन की सभी प्रक्रिया पूरी कर दूंगा, किंतु शाम तक वह नहीं आया, इसी बीच शाम करीब 5:47 बजे मेरे बैंक खाता से 1 लाख 41 हजार 527 रुपये की अवैध निकासी कर ली गयी। मामले की जांच पुलिस कर रही है।

## विधायक ने पहलवान आश्रम भखरा के भूमि दाता की प्रतिमा का किया अनावरण

- **25वां वर्षगांठ के उपलक्ष्य में भुमि दाता के वंशज को डॉ नीरा ने दी बधाई**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतगावां (कोडरमा)।** झारखण्ड सेवा संस्थान पहलवान आश्रम भखरा में रविवार को प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ नीरा यादव ने पहलवान आश्रम भखरा को भूमि दाता के अभिभावक स्व बैजनाथ पासवान उर्फ पहलवान बाबा की प्रतिमा का अनावरण किया। उनकी प्रतिमा पर उपस्थित लोगों ने माला अर्पण किया, इसके पश्चात राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य डॉ नीरा यादव, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य नीतू कुमारी, रविन्द्र शांडिल्य, प्रमुख प्रतिनिधि रामावतार चैधरी, उप प्रमुख मनोज कुमार, मुखिया सुशीला देवी, अनीता देवी ने संस्था के 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में भूमि दाता के वंशज को बधाई दी। कार्यक्रम की शुरुआत कोठीयार पंचायत के छात्राओं द्वारा स्वागत गान से की गई। कार्यक्रम में कोठीयार पंचायत की छोटी छोटी बच्चियां झारखंडी गानों पर खुब झुमीं। वहीं उन्होंने संस्था को भूमि दान करने वाले के सात भाइयों को बधाई देते हुए कहा कि आज इस भूमि दान करने वाले दाता के चलते एक संस्था खड़ी हुई है, जो गरीब परिवारों को पढ़ा-लिखा कर नौकरी



तक पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि संस्था विक्षिप्त लोगों, जो घर से भटक चुके हैं ऐसे लोगों को गोद लेकर पढ़ाई लिखाई कर आगे बढ़ाया है और कई लोगों को नौकरी तक भी पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि शोषित, पीड़ित, असहाय को सहारा दिया है। थोड़ी सी जमीन के लिए लोग अपने भाईयों से लड़ झगड़ जाते हैं, पर यह परिवार की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि कोडरमा से सतगावां आने के समय सड़क के किनारे हरी भरी झाड़ियां रहती थीं, लेकिन आज महुआ चुनने के बहाने लोग जंगल में आग लगा देते हैं। जंगल मैदान बन गया है। आग से छोटे-छोटे पेड़ पौधे जलकर नष्ट हो रहे हैं। आज जंगल से भटक कर हाथियों का झुंड तिलैया आ गया है, यही कारण है कि जंगल में खाने पीने रहने की सारी सामग्री जल चुकी है। जिससे जंगली जानवर शहर की ओर अपनी भूख, प्यास मिटाने के लिए भाग रहे हैं। जंगल कट रहे हैं तो जंगली जानवर कहां जाए। उन्होंने अंत में यह भी कहा कि ऐसा समाज का निर्माण करें जहां कोई भेदभाव ना हो सिर्फ विकास ही विकास हो, उन्होंने संस्था के भूमिदाता के परिजनों को शॉल देकर सम्मानित किया। वहीं कार्यक्रम को जिला परिषद सदस्य नीतू कुमारी, रविंद्र शांडिल्य, मानसिंह पासवान यदि ने भी संबोधित कर संस्था के सचिव व कार्यकर्ताओं को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान के सचिव मनोज दांगी ने किया।

मौके पर मनोज कुमार निराला, राम अवतार चैधरी, टेक नारायण यादव, विपिन सिंह, सुनील सिंह, सुशीला देवी, ब्यूटी कुमारी, अनीता देवी, राजेंद्र पंडित, अशोक प्रसाद, सदानंद सिंह, मनोज कुमार चैधरी, मनोज भगत, भूतेश्वर यादव, विजय दांगी, शिवदानी यादव, मानसिंह पासवान, मुनेश्वर यादव, सुखदेव प्रसाद यादव, गजाला परवीन, संगीता देवी, ललीता देवी देवी, जोसवीन एक्का, गीता देवी, रेखा देवी, प्रतिमा देवी, रूक्मिणी देवी समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के बाद खैरा गॉव के पास 27 लाख 81 हजार कि लागत से बनने वाले जीर्णोद्धार तालाब का शिलन्यास किया। उसके बाद नावाडीह बिनोद यादव सांसद प्रतिनिधि सतगावां की भगनी की शादी एवं ग्राम ईटाय में चल रहे शिव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में होने वाले कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं।

## बंगाल में हिंदू समाज के साथ हुए हिंसा को लेकर फूंका गया सीएम ममता बनर्जी का पुतला

# बंगाल में ममता बनर्जी कर रही हैं तुष्टिकरण की राजनीति : संतोष

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**गुमला।** वक्फ कानून के खिलाफ बंगाल में हिंदू समाज के साथ हुए हिंसा को लेकर रविवार को स्थानीय टावर चौक पर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन किया। इससे पूर्व बड़ाईक मुहल्ला स्थित हनुमान मंदिर से हिंदुओं के खिलाफ हुए हिंसा को लेकर आक्रोश पूर्ण रैली विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल व मातृ शक्ति संगठन के सदस्यों ने निकाली। जुलूस बड़ा दुर्गा मंदिर परिसर से आरंभ होकर जशपुर रोड, महावीर चौक, मेन रोड होते हुए टावर चौक पहुंचा। जहां पुतला दहन के दौरान विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने नारा लगाते हुए कहा कि बंगाल के हिंदुओं के सम्मान में बजरंग दल मैदान में, बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करो, ममता बनर्जी हाय-हाय, सेक्यूलर हिंदू जागो। ज्ञात हो कि विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भेजकर बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने, बंगाल के मुर्शीदाबाद सहित अन्य स्थानों पर हिंदू समाज पर हुए हमले की एनआईए से जांच कराने सहित कई मांग की है। मौके पर बजरंग दल जिला संयोजक संतोष यादव ने कहा कि बंगाल में जिस तरह की घटना हिंदुओं के साथ हुई है और ममता बनर्जी का जिस तरह से बर्ताव हिंदुओं के साथ कर रही है उससे ये साफ पता चल जाता है कि बंगाल को ममता बांग्ला देश और पाकिस्तान बनाने में लगी हुई है। बंगाल में जिहादियों की सरकार है और ममता बनर्जी तुष्टिकरण की राजनीति को पूरी तरह से अपना चुकी है। जिस तरह जिहादियों के द्वारा हिंदुओं के घर पे निशान लगा कर सुनियोजित तरीके से हमला व पत्थरबाजी की जा रही है। महिलाओं का बलात्कार धर्म देख कर किया जा रहा है। यह शर्मनाक है। विभाग संयोजक मुकेश सिंह ने कहा कि हिंसा में 6 महीने के बच्चे को उनकी मां की गोद से छीन कर आग में जेहादी भीड़ के द्वारा फेंक दिया गया।

ऐसी बहुत सारी घटनाएं हुई हैं जो भयानक और दर्दनाक हैं। ये सारी घटना सिर्फ हिंदू के साथ ही क्यों हो रही है। हिंदुओं को उनके ही घर से पलायन करना पड़ रहा है। ममता बनर्जी ने जिस तरह से बंगाल में रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों को राज्य में बसा के अपना वोट बैंक बनाया है ये साफ सिद्ध करता है कि उसको हिंदुओं से नफरत है। घर हिंदू का जल रहा है और बैठक ममता ईमाम के साथ कर रही हैं। ममता बनर्जी ये बात भूल गई है कि विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल बंगाल के हिंदू भाई और बहनों के इस मुश्किल समय में उनके साथ खड़ा है। अगर यही स्थिति बंगाल में बनी रही तो विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल हिंदुओं का कुंभ बुलाएगा। इस अवसर पर विहिप जिला अध्यक्ष अजय सिंह राणा, विभाग संयोजक मुकेश सिंह, जिला संयोजक संतोष यादव, प्रचार प्रसार प्रमुख अमित कुमार, विभाग मंत्री केशव चंद्र साय, सेवा प्रमुख अमन कुमार राणा, जिला उपाध्यक्ष पूनम सिंह, शैल सिंह, अखाड़ा प्रमुख रविन्द्र सिंह, सुरक्षा प्रमुख शिवा गुप्ता, नगर संयोजक ब्रिज गोप, गौ रक्षा प्रमुख श्याम मंत्री, नगर उपाध्यक्ष प्रकाश भगत,नगर अध्यक्ष मनोज साहू, धर्मू गोप, नितेश कुमार सिंह, कुमार शानू, पूर्णकालिक भीखेश्वर नागमणि, दीपक कुमार, अशोक यादव, दीपू सिंह, चंदन कुमार, विकाश सिंह, पुष्पांग गोप, शिवम चौधरी आदि सनातनी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### सरजामदा में मासिक जागरुकता अभियान चला

**जमशेदपुर।** आज 20 अप्रैल 2025 को विश्व जन सेवा ट्रस्ट के सौजन्य से सरजमदा में महिलाओं और किशोरियों के लिए मासिक धर्म जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सामाजिक कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को मासिक धर्म से संबंधित स्वास्थ्य, स्वच्छता और सामाजिक भ्रांतियों से बाहर निकालने हेतु जागरूक करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रोजेक्ट बाला के माध्यम से सैकड़ों महिलाओं को निःशुल्क सैनिटरी पैड वितरित किए गए। इस अवसर पर डॉ. मनीष झा ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मासिक धर्म कोई शर्म की बात नहीं, बल्कि यह स्त्री जीवन का एक स्वाभाविक और महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने स्वच्छता, पोषण और मानसिक स्वास्थ्य पर भी जोर दिया।

### अधिवक्ता व मुहर्रिर को दिया गया ई कोर्ट संबंधित प्रशिक्षण

**जमशेदपुर।** ई कोर्ट कमेटी सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया एवं झारखंड ज्यूडिशल अकैडमी के निदेर्शानुसार दिनांक 20/04/25 को जमशेदपुर बार एसोसिएशन एवं घाटशिला बार एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में एक ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमें कई अधिवक्ता एवं मुहर्रिर को ट्रेनिंग दी गई जिसमें उन्हें ई-फाइलिंग, कियोस्क, चेंज मैनेजमेंट , ई कोर्ट सर्विसेज ऐप, ई कोर्ट के प्रचार प्रसार में अधिवक्ता की भूमिका, वीडियो कांफ्रेंसिंग, आदि की जानकारी मास्टर ट्रेनर अमित कुमार सिंह (अधिवक्ता), रोहित कुमार सिंह(अधिवक्ता), विश्वजीत दे(अधिवक्ता) एवं धनंजय सिंह (अधिवक्ता) के द्वारा दी गई। इस ट्रेनिंग की रिपोर्ट झारखंड ज्यूडिशल अकादमी को भेजा जाता है।

### मंत्री हफीजुल अंसारी के खिलाफ भाजपा का आक्रोश मार्च आज

**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री और झामुमो नेता हफीजुल हसन अंसारी द्वारा शरीयत को संविधान से ऊपर बताने वाले विवादास्पद बयान ने राज्य की सियासत में हलचल मचा दी है। मंत्री के इस बयान को भारतीय जनता पार्टी ने देश की संवैधानिक व्यवस्था पर सीधा प्रहार बताया है और सोमवार को जमशेदपुर में विराट आक्रोश मार्च निकालने की घोषणा की है। भाजपा जमशेदपुर महानगर तत्वावधान में आयोजित होने वाले मार्च में हजारों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता भाग लेंगे। साकची स्थित भाजपा जिला कार्यालय से सुबह 10 बजे शुरू होकर यह आक्रोश मार्च उपायुक्त कार्यालय तक जाएगा। इस दौरान कार्यकर्ता हाथों में पार्टी का ध्वज, तख्तियां और पोस्टर लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध दर्ज करेंगे। वहीं, पार्टी की ओर से आक्रोश मार्च को सफल बनाने के लिए सभी मंडल अध्यक्षों और पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों से अधिकतम संख्या में कार्यकताओं के साथ शामिल होने का निर्देश दिया गया है।

### ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच के राष्ट्रव्यापी आह्वान के तहत 20 मई 2025 को

**जमशेदपुर/रांची।** रांची में आयोजित मजदूरों के राज्य स्तरीय संयुक्त कन्वेंशन में आठ केंद्रीय ट्रेड यूनियनों, स्वतंत्र फेडरेशनों और यूनियनों की अभूतपूर्व एकजुटता के तहत एक स्वर में यह घोषणा की गई कि देश का मजदूर वर्ग श्रम संहिताओं को उनके प्रस्तावित स्वरूप में लागू नहीं होने देगा और इसके लिए मजदूर वर्ग निर्णायक संघर्ष के उद्देश्य से 20 मई 2025 को देशव्यापी आम हड़ताल के अलावा पूरे देश में कार्यस्थलों से लेकर सड़कों तक अवज्ञा और प्रतिरोध के रूप में बड़े पैमाने पर कार्रवाई करेगा। कन्वेंशन की अध्यक्षमंडल में संजीव श्रीवास्तव (इंटक), अशोक यादव (एटक), भवन सिंह (सीआईटीयू),जगन्नाथ उराँव(एआईसीसीटीयू), राजीव कुमार तिवारी(एआईयूटीयूसी) शामिल थे। सम्मेलन का उद्घाटन वरिष्ठ ट्रेड यूनियन नेता कॉ0 रामेंद्र कुमार ने किया।

# 500 आकांक्षी प्रखंडों में गम्हरिया को मिला पहला स्थान

## पीएम से 21 को उत्कृष्टता पुरस्कार ग्रहण करेंगे डीसी रविशंकर शुक्ला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**


सरायकेला के डीसी रविशंकर शुक्ला।

**जमशेदपुर।** सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया प्रखंड को आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम श्रेणी में लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार, 2024 के लिए चुना गया है। सिविल सेवा दिवस समारोह के तहत, लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार, 2024 की आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम श्रेणी के तहत 5 शीर्ष प्रदर्शन करने वाले प्रखंडों को पुरस्कृत किया जाएगा। यह पुरस्कार 21 अप्रैल, 2025 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित होने वाले सिविल सेवा दिवस पर भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रदान किया जाएगा। देश भर के 500 आकांक्षी प्रखंडों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रखंड गम्हरिया के लिए यह पुरस्कार सरायकेला-खरसावां के उपायुक्त रविशंकर शुक्ला द्वारा ग्रहण किया जाएगा। आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम नीति आयोग की एक पहल है, जिसे 7 जनवरी 2023 को लॉन्च किया गया था, जो स्वास्थ्य और पोषण, शिक्षा, कृषि और संबद्ध सेवाएं, बुनियादी ढांचा और सामाजिक विकास जैसे पांच फोकस क्षेत्रों में बेहतर शासन, सेवा वितरण और प्रमुख संकेतकों की निगरानी के माध्यम से सामाजिक-आर्थिक विकास में तेजी लाकर देश के 500 अविकसित ब्लॉकों में जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार लाने पर केंद्रित है। जिला प्रशासन, सरायकेला खरसावां ऐसी उपलब्धि के लिए सभी हितधारकों की कड़ी मेहनत और योगदान की सराहना करता है और साथ ही प्रमुख संकेतकों के संदर्भ में जिले के समग्र विकास को प्राप्त करने और जिले भर में सेवाओं की समग्र गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करता है।

# गोपाल मैदान में जमशेदपुर समर ट्रेड फेयर 2025 शुरू


मेले का उद्घाटन करते अतिथिगण।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** 11 दिनों तक चलनेवाले कंज्यूमर एक्सपो जमशेदपुर समर ट्रेड फेयर 2025 का आगाज शनिवार की शाम भव्य रूप से हुआ। जमशेदपुर के भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता सह पश्चिमी विधानसभा विधायक के जनसुविधा प्रतिनिधि श्री धर्मेन्द्र प्रसाद जी के साथ समाजसेवी एवं शिव सेवक संघ के अध्यक्ष बी बी सिंह जी ने विधिवत फीता काट कर मेले का उदघाट्न किया। इस मौके पर मुख्य रूप से अतिथियों के अलावा विशिष्ट लोगों में डॉ डी के सिंह, राज सिंह, अनिल सिंह, उमेश सिंह, दिनेश सिंह, आकाश यादव, महबूब, कैफी, सत्या प्रामाणिक, दीपशिखा, रिशु सिंह आदि उपस्थित थे। मेले में महिलाओं द्वारा संचालित स्टालों को देख कर वे काफी उत्साहित हुए और उन्होंने शहर की महिला उद्यमियों को इस तरह के आयोजन में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही खुशी की बात है कि आज की महिला हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। गृहणी होते हुए भी अगर वे लोग स्टॉल लगा रही हैं तो इससे ज्यादा खुशी की बात क्या हो सकती है। उन्होंने जमशेदपुर के शहरवाशियो से आग्रह किया कि सपरिवार ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर इस मेले में खरीदारी करे एवं ऐसी महिलाओं के मनोबल को बढ़ाने में मदद करे। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए आयोजकों ने बताया कि इस एक्सपो में देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ स्थानीय 250 स्टाल लगे हैं। मेला प्रतिदिन 3 बजे से लेकर रात 9.30 बजे तक संचालित होगा। बताया गया कि छोटे बड़े हर प्रकार के उद्यमी को जोड़ना उनकी प्राथमिकता है। हर वर्ग के लोगों को ध्यान में रखते हुए उनके आवश्यकता की वस्तुएं किफायती एवं उचित मूल्य पर उपलब्ध कराना इस मेले की आकर्षण होगी।

# भीषण गर्मी में बेजुबान पशु-पंछियों की प्यास बुझा रहा जन सेवा संघ ट्रस्ट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** गर्मी के इस मौसम में जहां इंसान अपनी सुविधा के लिए तरह-तरह के इंतजाम कर रहा है वहीं बेजुबान जानवर और पक्षी प्यास से तड़प रहे हैं। शहर के कई हिस्सों में ये मासूम जानवर नाले का गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। लेकिन 'जन सेवा संघ ट्रस्ट' ने इनकी मदद के लिए एक अनोखी पहल की है। ट्रस्ट ने शहर के विभिन्न हिस्सों में पानी से भरे नाद रखे हैं जो इन पशु-पक्षियों के लिए जीवन रेखा बने हुए हैं। ट्रस्ट के सूरज कुमार ने लोगों से अपील की है कि वे अपने घरों में इन बेजुबान जानवरों के लिए पानी और भोजन रखें। यह छोटा सा प्रयास न केवल उनके जीवन को बचा सकता है बल्कि हमें पुण्य का सुख भी देगा। इस पहल से हमें यह याद दिलाया गया है कि इन बेजुबान जानवरों के प्रति भी हमारी जिम्मेदारी है। आइए इस गर्मी में हम सब मिलकर उनके लिए थोड़ा प्यार और सहारा बनें। इश अभियान में सोनी सर,प्रशांत सिन्हा, प्रभात साहनी, मनप्रीत सिंह, सपना थापा, अमृत कौर,ज्योति कुमारी, सीमा सिंह, अर्चना कुमारी,विशाल शर्मा,सूरज सिंह,अभिषेक कुमार,पवन गुप्ता, बिनोद सिंह, सुनील गुप्ता, मनी पांडेय, कुणाल शर्मा, रीना सोरेन, सभ्यची, उत्कर्ष कुमार,कृष्णा राव इत्यादि लोग शामिल थे।

# नियोजन नीति में मैथिली को स्थान मिलना चाहिए : रघुवर दास

## मिथिला की परंपरा को संरक्षित करने के संकल्प के साथ मिथिला महोत्सव 2025 का भव्य समापन

**मिथिला महोत्सव - 2025**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**


महोत्सव के समापन सत्र में मंच पर उपस्थित पूर्व सीएम रघुवर दास व अन्य अतिथिगण।

**इन्हें मिला सम्मान :** डॉ0 अजय झा, . डॉ0 रविन्द्र कुमार चौधरी, शिशिर मिश्रा, कौशलेंद्र दास, अजीत सिंह, मैथिली मंच रांची के पदाधिकारीगण

**जमशेदपुर।** ललित नारायण मिश्र सामाजिक एवं सांस्कृतिक कल्याण समिति, जमशेदपुर द्वारा आयोजित दो दिवसीय मिथिला महोत्सव के दूसरे दिन विभिन्न कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रथम चरण में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के पश्चात सुधानन्द झा आचार्य जी ने स्वस्तिवाचन एवं महिला शाखा की सदस्याओं ने डेजी ठाकुर के नेतृत्व में जय जय भैरवी भगवती गीत का गायन किया।

मंचीय कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री रघुवर दास, पूर्व राज्यपाल, ओडिशा, श्री मंगल कालिंदी, विधायक, जुगसलाई, स्व० ललित बाबू के पौत्र श्री सुमीत मिश्र, डॉक्टर अशोक अविचल पूर्व संयोजक नॉर्थ ईस्ट रीजन साहित्य अकादमी संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार ने संयुक्त रूप से किया। सभी अतिथिओं का स्वागत पाग,डोपटा और पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मान किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में महोत्सव को संबोधित करते हुए श्री रघुवर दास ने कहा कि मैथिल अपने भेष-भूषा,पारंपरिक परिधान के लिए प्रचलित है। मैथिली भाषा - भाषी कपनी मातृभाषा की रक्षा के लिए बराबर कर्तव्य निर्वहण करते रहते हैं। मैथिल लोग अपने संवर्धन के लिए अपने घर-परिवार में भी मैथिली भाषा का प्रयोग करते हैं। श्री दास ने झारखंड सरकार से मांग की कि नियोजन नीति में मैथिली को शामिल करने की मांग की। साथ ही मैथिली अकादमी का गठन करने की मांग की और कहा कि उपरोक्त दोनो मांगों के पूर्ण समर्थन में हूँ। संविधान की अष्टम अनुसूची में मैथिली को शामिल कर स्व० अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने सम्मान दिया।

उसी प्रकार नरेंद्र मोदी सरकार ने मखाना को उद्योग के रूप स्थापित करवाया संस्था को उनके नाम पर महोत्सव के आयोजन के लिए बधाई दी। वक्ता के रूप में स्व० ललित नारायण मिश्र के पोते और सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता सुमीत मिश्रा एवं विधायक, जुगसलाई श्री मंगल कालिंदी ने भी अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के लिए अध्यक्षीय उद्बोधन श्री जयचंद्र झा ने किया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण नवकान्त झा ने दिया और धन्यवाद ज्ञापन महासचिव शंकर कुमार पाठक ने किया। मंच संचालन अशोक अविचल ने किया।

उद्घाटन सत्र के बाद रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ जिसमें मनमोहन विद्यापति गीतों की प्रस्तुति से रंजना झा ने तालियां बटोरीं । नेपाल से आये भाव-नृत्य के समूह द्वारा झिझिया, सामा-चकेवा आदि का नृत्य प्रस्तुत किया गया। मीनाक्षी ठाकुर के लोकगीतों ने भी लोगों को काफी झुमाया और दिलीप दरभंगिया के गीतों ने श्रोताओं को झूमने पर मजबूर किया। आज के लिए मंच के उद्घोषक आशुतोष झा रहे।

## एक नजर में

### परसुडीह मंडी में सुरक्षा गार्ड मुहैया कराये सरकार : अनिल

**जमशेदपुर।** कृषि उत्पादन बाजार समिति समस्याओं से ग्रसित है।इन समस्याओं के समाधान हेतु सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स लगातार प्रयत्नशील है।समस्याओं के मकड़जाल में फंसी बाजार समिति के व्यापारियों को अब एक ओर नई समस्या से दो चार होना पड़ रहा है।कृषि उत्पादन बाजार समिति की सुरक्षा हेतु सुरक्षा गार्ड मुहैया करवाने वाली एजेंसी का करार समिति से समाप्त हो गया है।और एजेंसी में अपने सुरक्षा गार्ड्स को वापिस बुला लिया है।इस कारण परसुडीह बाजार समिति अब सुरक्षा विहीन हो गई है।इस संदर्भ में सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के उपाध्यक्ष (ट्रेड एंड कॉमर्स) अनिल मोदी ने झारखंड सरकार की कृषि मंत्री श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की को पत्र लिखकर बाजार समिति में सुरक्षा बहाल करने की गुहार लगाई है।उन्होंने कहा कि बाजार समिति में लगभग 150 दुकानें एवं गोदाम है।बाजार समिति में प्रवेश हेतु दो द्वार है।पहले इन द्वारों पर सुरक्षा गार्ड तैनात रहते थे। उसके बावजूद दुकानों में चोरी की लगातार शिकायतें मिल रही थी।असामाजिक तत्व रात के अंधेरे में समिति की दीवार फांद कर गोदामों का ताला एवं दीवार तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दे देते है।मंडी में सुरक्षा गार्ड होने से इन तत्वों पर थोड़ा अंकुश लगता था।परन्तु अब सुरक्षा गार्डों को हटा लेने से यह असामाजिक तत्व स्वछंद हो जाएंगे एवं इनका मनोबल बढ़ जाएगा।इसी आशंका से व्यापारी भयाक्रांत है।

### महंगाई, बेरोजगारी के मुद्दे से भटकाने के लिए गांधी परिवार के पीछे पड़ी है मोदी सरकार

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी, झारखंड प्रदेश कांग्रेस, पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के आह्वान पर गोलमुरी प्रखण्ड कांग्रेस एवं मण्डल कमिटी के तत्वावधान में नुक्कड सभा का आयोजन गोलमुरी सत्कार होटल के निकट रविवार को आयोजित किया गया। नुक्कड सभा को मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने संबोधित कर करते हुए कहा कि देश में महंगाई चरम पर है। आनाज का किमत 2014 में और 2025 में दोगुने, तीनगुने के भाव पर है। मध्यम और गरीब परिवार क्या खायेंगे, अब तो भाजपा सरकार ने रसोई गैस सिलेंडर के मुल्य में 50रु बढा कर हर रसोई घर पर कहर ढा रही है। देश में दिनों दिन शिक्षित बेरोजगारों की संख्या बढ़ रही है। भारत सरकार और सार्वजनिक उपक्रमों से नौकरी के अवसर कम किये जा रहे है। मोदी सरकार महंगाई और बेरोजगारी से ध्यान हटाने के लिए कांग्रेस पार्टी के मुख्य पत्र नेशनल हेराल्ड के सम्पति का गलत उद्देश्य से ईडी विभाग द्वारा अधिग्रहण करने तथा कांग्रेस नेता श्रीमती सोनिया गाँधी, प्रतिपक्ष के नेता राहुल गाँधी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेतागण को नेशनल हेराल्ड मामले में आरोप पत्र दाखिल करवा रही है, जो अत्यंत ही अमर्यादित है। सभा का अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष अतुल गुप्ता ने किया तथा स्वागत भाषण जे एस बदरी ने दिया।

### भालुबासा में श्याम महोत्सव 11 मई को विभागवार जिम्मेदारियां सौंपी गयी

**जमशेदपुर।** शहर की धार्मिक संस्था श्री श्याम भक्त मंडल भालुबासा द्वारा आगामी 11 मई रविवार को आयोजित होने वाले भव्य श्याम महोत्सव की सफलता हेतु बाबा श्याम की सेवा में समर्पित भक्तों के बीच विभागवार कार्यों का वितरण किया गया ताकि आयोजन की तैयारियाँ संगठित और व्यवस्थित रूप से पूरी की जा सके। महोत्सव भालुबासा स्थित हरिजन स्कुल मैदान में होगा। यह जानकारी संस्था के संयोजक पवन अग्रवाल, अध्यक्ष मुरारी लाल अग्रवाल एवं सचिव बजरंग केवलका ने रविवार को संयुक्त रूप से एक प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर दी। पवन अग्रवाल ने आगे बताया कि 11 मई रविवार की सुबह 08 बजे से श्याम अखंड ज्योति पाठ और रात 08.30 बजे से भजनों की अमृत वर्षा (संकीर्त्तन) होगी। श्याम महोत्सव को भव्य बनाने हेतु सभी भक्त अपने-अपने कार्यों को लेकर उत्साहित और समर्पित भाव से जुट गए हैं।

### रेडक्रॉस के शिविर में 34 का हुआ मोतियाबिंद ऑपरेशन

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय द्वारा द्रोपदी देवी चिमनलाल भालोटिया फैमिली ट्रस्ट, राजस्थान सेवा सदन तथा जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति के सहयोग से बर्जर पेन्ट समुह की कम्पनी एसटीपी लि. के सीएसआर कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित 768वां नेत्र शिविर के दूसरे दिन ऑपरेशन सत्र के दौरान आज आज बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में 34 नेत्र रोगियों का ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण सम्पन्न हुआ। नेत्र चिकित्सक डॉ. भारती शर्मा, डॉ. पूनम सिंह, डॉ. विवेक केडिया एवं उनके सहयोगी चिकित्सीय टीम द्वारा नेत्र रोगियों का ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण किया गया। ऑपरेशन सत्र का उद्घाटन राम मनोहर लोहिया नेत्रालय परिसर में रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह तथा वरीय सदस्य चन्द्रमोहन सिंह ने ऑपरेशन थियेटर का फीता काटकर किया। आज ऑपरेशन सत्र के दौरान समाजसेवी राकेश मिश्र, कार्यकर्ता अशोक कुमार घोषाल, अशोक कुमार सिंह, दीपक शर्मा, राजेश मोहन प्रसाद, राधेश्याम कुमार, तरन्नुम, आशीष सिंह, हीरालाल, प्रकाशभानु महतो मुख्य रूप से उपस्थित थें। कल सोमवार को ऑपरेशन कराये नेत्र रोगियों के आँखों की पट्टी खोलकर अंतिम जांच के पश्चात उन्हें आवश्यक दवा चश्मा के साथ ऑपरेशन कराये आंखों की देखभाल की जानकारी प्रदान कर विदा किया जायेगा।

### रेडक्रॉस और यूसील का नेत्र शिविर कल

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा भारत सरकार के उपक्रम यूरेनियम कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के साथ इस महीने का चौथा ग्रामीण स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर 22 अप्रैल को उत्क्रमित प्राईमरी स्कूल, हरिजन बस्ती, तिलाईटांड में आयोजित किया जायेगा। शिविर का लाभ तिलाईटांड, डुंगरीडीह, जादूगोड़ा के ग्रामीण उठा सकेंगे। रेड क्रॉस के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने ग्रामीणों से आग्रह किया है कि वे शिविर में स्वास्थ्य जांच के साथ गर्मी के दिनों को बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम में भाग लें।

### सालखुडीह गांव के संथालो ने सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

**जादूगोड़ा।** पोटका में विकास के बड़े_ बड़े दावे जनप्रतिनिधि भले ही कर रहे है लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग है। जिसका जीता जागता उदाहरण है पोटका प्रखण्ड अंतर्गत माटकू पंचायत का सालखुडीह टोला ।इधर विकास से अनदेखी की लेकर 50 संथाल परिवारों ने झारखंड सीजर के खिलाफ प्रदर्शन कर अपने गुस्से का इजहार किया व झारखंड सरकार से सड़क समेत बुनियादी जरूरतों को पूरा करने की मांग उठाई। यहां बताते चले कि इस गांव में विकास की किरणे झारखंड अलग राज्य के 24 साल बाद भी नहीं पहुंची। यहां के ग्रामीण सम्राट बास्के, जगन्नाथ मुर्मू, भागीरथी बास्के ,कहते है गांव में आज तक कोई सांसद _विधायक आज तक नहीं पहुंचा। चलने के लिए कीचड़युक्त सड़क ।यहां से प्रखण्ड कार्यालय 10 किलो दूर है।बरसात के मौसम में ग्रामीण बीमार पड़ने पर करीबन एक किलोमीटर कंधे में लाद कर कीचड़युक्त रास्ते मरीज को रागा मटियातक लाना पड़ता है। तब जाकर पोटका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीज की इलाज संभव होता है। गांव में कोई वाहन नहीं आता।प्रधानमंत्री आवास से यहां के 10 संथाल परिवार आज भी वंचित है।स्कूल के लिए बच्चों की तीन किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। बरसात में बच्चों की पढ़ाई बाधित हो जाती है। कीचड़युक्त सड़क की वजह से बच्चे बरसात के दिनों में स्कूल से वंचित हो जाते है।गांव में आंगनवाड़ी तक नहीं है।

## संत मरियम स्कूल के दो खिलाड़ी नेशनल एसजीएफआई में लेंगे भाग

### खेल के क्षेत्र में मेहनत ईमानदारी पूर्वक करें तो सफलता दूर नहीं : अविनाश देव



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** दिल्ली में 22 अप्रैल से 26 अप्रैल तक आयोजित होने वाली नेशनल स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया में संत मरियम स्कूल के दो विद्यार्थी रोशन कुमार और सनी कुमार का चयन झारखंड एजुकेशन प्रोजेक्ट काउंसिल के नेतृत्व में गतका खेल में एसजीएफआई के लिए चयन किया गया। खिलाड़ियों का हौसला वर्धन करते हुए स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि खेल के क्षेत्र में मेहनत ईमानदारी पूर्वक करें तो सफलता दूर नहीं आप दोनों खिलाड़ियों को मेरा आशीर्वाद है। आप जाएं और नेशनल में जीत कर झारखंड राज्य को गौरवान्वित करें। यह सभी खिलाड़ी 19 अप्रैल को खेल गांव रांची में रिपोर्ट करते हुए नई दिल्ली के लिए प्रस्थान किये। इन सभी खिलाड़ियों को स्कूल के शारीरिक प्रशिक्षक सुमित बर्मन ने मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दिया है। विद्यालय के दो छात्रों को का चयन होने पर संत मरियम स्कूल में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के प्राचार्य आदर्श कुमार, उप प्राचार्य शाहा कुमार, कोऑर्डिनेटर अमरेंद्र सिन्हा, शैक्षिक प्रबंधन डॉ स्वाधीन एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

ज्ञात हो गत वर्ष छत्तीसगढ़ के दुर्ग में आयोजित राष्ट्रीय स्कूल गेम गतका प्रतियोगिता के 12 खिलाड़ियों ने पदक जीते थे जिसमें संत मरियम स्कूल के रोशन कुमार को झारखंड सरकार ने 75000 रुपये देकर सम्मानित किया था।

# संत मरियम के सैकड़ों छात्रों ने मोहन सिनेमा में देखी फिल्म 'छावा'

- संत मरियम विद्यालय पलामू का कोहिनूर : अरुणा शंकर
- ऐतिहासिक फिल्म देखने से छात्र अध्ययन को अनुभव के रूप में जोड़ पायेंगे : अविनाश देव







खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नावाटोली स्थित संत मरियम आवासीय विद्यालय के लगभग 400 बच्चों ने रविवार को मोहन सिनेमा हॉल में 'छावा' फिल्म का आनंद लिया। यह सिनेमा हॉल कुछ समय पहले नवनिर्माण के लिए बंद था, किंतु हाल ही में इसका पुनः उदघाटन हुआ है। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने प्रथम महापौर अरुणा शंकर को पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र देकर शुभकामनाएं दीं। इसके अलावे, उन्होंने मोहन सिनेमा को पुनर्जीवित करने के लिए मोहन सिनेमा के प्रोपराइटर ज्ञान शंकर एवं आनंद शंकर को भी शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अविनाश देव ने कहा कि पुरानी विरासत को पुनर्जीवित करने के लिए वे आभारी हैं। मौके पर स्वागत से अभिभूत प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि मोहन सिनेमा हॉल को अत्याधुनिक तरीके से नवनिर्मित किया गया है और बच्चों के उत्साह और उमंग को देखकर लगता है कि यह हॉल फिर से अपनी पुरानी पहचान बना लेगा। उन्होंने कहा कि संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव बधाई के पात्र हैं, क्योंकि वे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और समय-समय पर बच्चों की पढ़ाई के अतिरिक्त अन्य गतिविधियों द्वारा बच्चों का मनोरंजन करवाते हैं। उसी कड़ी में रविवार को उन्होंने अपने विद्यालय के बच्चों को ऐतिहासिक फिल्म दिखाकर उनके अंदर राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करने का कार्य किया है। उन्होंने संत मरियम विद्यालय को पलामू का कोहिनूर बताया। इस अवसर पर बच्चों ने फिल्म का भरपूर आनंद लिया और सिनेमा हॉल में उत्साह और उमंग का माहौल था। अविनाश देव और अरुणा शंकर ने बच्चों के साथ बैठकर फिल्म का आनंद लिया और उनके चेहरों पर खुशी देखी जा सकती थी। मोहन सिनेमा हॉल के पुनः उदघाटन से मेदिनीनगर के लोगों को एक बार फिर से सिनेमा का आनंद लेने का अवसर मिला है।

इस मौके पर हॉस्टल इंचार्ज उत्कर्ष देव, उप प्राचार्य एस. बी. साहा, रौशन, डब्लू, डॉ. स्वाधीन समेत दर्जनों शिक्षक-शिक्षिकाएं व सैकड़ों बच्चे उपस्थित थे।

# लगन बढ़ते ही रेलवे ने की सवारी ट्रेनों की बोगी कम

- शटल पैसेंजर में जान जोखिम में डाल कर करते हैं यात्रा

गौतम पटेल



**हुसैनाबाद (पलामू)।** बढ़ते गर्मी व घमासान शादी विवाह लगन मुहूर्त के कारण डीडीयू रेलखंड में मात्र ट्रेन यात्रा ही एकमात्र विकल्प है, लेकिन इन दिनों जैसे जैसे भीड़ बढ़ती है डीडीयू रेल अधिकारियों की मनमानी के कारण रेल यात्री जान जोखिम में डाल कर यात्रा कर रहे हैं। रविवार को जपला स्टेशन पर यात्री ट्रेनों में बोगियों की संख्या कम होने से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। डेहरी ऑन सोन-बरवाडीह शटल पैसेंजर ट्रेन में कम बोगी होने के कारण जपला स्टेशन से होकर गुजरने वाले यात्रियों को ठूस ठूस कर सफर करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। भेड़ बकरी की तरह ठुसे यात्री बोगी के गेट पर जान जोखिम में डालकर यात्रा करने को अपनी दिनचर्या बना लिये हैं। शादी-विवाह और लगन के कारण यात्रियों की भीड़ बढ़ने के कारण यह समस्या यात्रियों के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है, क्योंकि वे अब ट्रेनों में पर्याप्त जगह नहीं पा रहे हैं, जिससे उन्हें यात्रा करना मुश्किल हो रहा है। डीडीयू रेलखंड पर चलने वाली कई यात्री ट्रेनों में बोगियों की संख्या कम हो गई है, जिसके कारण यात्रियों को यात्रा करने में परेशानी हो रही है। बोगियों की कमी के कारण, यात्रियों को अब ट्रेनों में पर्याप्त जगह नहीं मिल रही है, जिससे उन्हें यात्रा करना मुश्किल हो रहा है। वे अब ट्रेनों में खड़े होने के लिए मजबूर हैं, जिससे उन्हें बहुत परेशानी हो रही है। यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से बोगियों की संख्या बढ़ाने की अपील की है, ताकि उन्हें ट्रेनों में पर्याप्त जगह मिल सके और उनकी यात्रा सुगम हो सके। वहीं जपला आरपीएफ की टीम एसआई कार्तिक बिंझा के नेतृत्व में रेल यात्रियों को ट्रेन में बैठाने के लिए काफी मशक्कत करते दिखी।

## शहर थाना परिसर में आग लगने से कई वाहन जलकर खाक

- पुलिसकर्मियों और फायर ब्रिगेड टीम ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू
- थाना परिसर में आम लोगों की उमड़ी भीड़





खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर थाना परिसर स्थित हनुमान मंदिर के पास रविवार की दोपहर आग लगने से मालखाना में रखे कई वाहन जलकर खाक हो गये। जिस स्थान पर आगजनी की घटना हुई वहां से कुछ दूरी पर पुलिस कर्मियों का क्वार्टर, महिला थाना और टीओपी 1 है। आग लगने की सूचना शहर समेत बाजार में तत्काल फैल गयी। काफी संख्या में लोगों का जमावड़ा शहर थाना परिसर में लग गया। शहर थाना के पुलिसकर्मियों ने आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। फायर बिग्रेड की टीम वाहन लेकर शहर थाना पहुंची। टीम द्वारा घंटों मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस कर्मियों के अनुसार, रविवार की दोपहर टाउन थाना परिसर में झाड़ियों में आग लग गई थी। धीरे-धीरे यह आग झाड़ियों से मालखाना के वाहनों तक पहुंच गई। आगजनी की घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी गई। इस टाउन थाना के मालखाना से संबंधित कई बाइक और चार पहिया वाहन जल गए। मेदिनीनगर टाउन थाना के प्रभारी गुलशन बिरुआ ने बताया कि आगजनी की घटना हुई है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। दरअसल, आग लगने के बाद पुलिस के जवानों ने भी अपने स्तर पर आग पर काबू पाने की कोशिश की।

पुलिस के जवानों ने आग को फैलने से रोका और फायर ब्रिगेड के आने तक उसे बुझाने की कोशिश की। फायर ब्रिगेड के पहुंचने के बाद आग पर काबू पाया गया। अगर पुलिसकर्मी सजगता नहीं बरतते तो मालखाना में रखे अन्य वाहन भी जल जाते। आगजनी की घटना में कितनी गाड़ियां जली हैं इसका आकलन किया जा रहा है।

## स्पीड न्यूज

### गरीबों की सेवा मेरा सबसे बड़ा कर्तव्य : मो. हाशिम अली



**मेदिनीनगर।** शहर के सदीक चौक पर स्थित दुबई ट्रेडर्स के मालिक मोहम्मद हाशिम अली शुरू से ही नेक दिल इंसान हैं। चाहे गरीबों को खाना खिलाना हो, चाहे ठंड के मौसम में कंबल बांटना हो वे कभी चूकते नहीं हैं। आज उन्हें पता चला कि किसी गरीब के बेटी की शादी में कुछ सामान कम पड़ रहा है। उन्होंने अपनी दरियादिली दिखाते हुए तुरन्त समान मुहैया करवाया। इसे देखकर व सुनकर लोग उनके इस नेकदिली की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। उन्होंने बताया कि मैं उतना बड़ा आदमी तो नहीं हूं फिर भी कोशिश करता हूं कि मुझसे जितना बन सके उतना लोगों की सेवा करते रहें। अगर ईश्वर हमें देते हैं तो आगे इससे भी बढ़कर कार्य करूंगा।

### पोषण पखवाड़ा के तहत आज होगा कार्यक्रम का आयोजन

**पाटन (पलामू)।** पाटन प्रखंड कार्यालय परिसर में बाल विकास एवं समाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा संचालित की जा रही पोषण पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम का आयोजन 21 अप्रैल दिन सोमवार को किया गया है। इस कार्यक्रम में पोषण से संबंधित जानकारी के साथ साथ स्वास्थ्य चेकअप कैंप भी लगाया जायेगा। इसकी जानकारी पाटन बीडीओ सह सीडीपीओ अमित कुमार झा ने दी। श्री झा ने कहा है कि इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोग उपस्थित होकर लाभ उठायें। पोषण पखवाड़ा राज्य सरकार के लिए महत्वपूर्ण पहल है।

### अधिवक्ता संघ ने वित्त मंत्री से की सदर अस्पताल की व्यवस्था में सुधार की मांग

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव ने झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर को मेदिनीनगर सदर अस्पताल में फैले कुव्यवस्था व गंदगी से अवगत कराया है। श्री यादव ने पत्र के माध्यम से कहा कि वित्त मंत्री श्री किशोर जब मंत्री पद का शपथ लेकर मेदिनीनगर आये थे। वित्त मंत्री ने सदर अस्पताल निरीक्षण के दौरान जर्जर व्यवस्था पर नाराजगी जाहिर की थी। कहा था कि बालाजी संस्था द्वारा सफाई को लेकर फटकार भी लगाई थी। उन्होंने कहा कि अस्पताल में मरीजों की बेहतर सुविधा नहीं मिल रही है तथा गंदगी का अंबार लगा है। इस तरह की आपकी सजगता की शुरूआत से लगा पलामू में आपका कुशल नेतृत्व में एक बड़ी परिवर्तन सरकार के विकास कार्य में होने वाली है । साथ ही आम जनों में विश्वास जगा कि मंत्री जी व्यवस्था परिवर्तन करेंगे परंतु एक अधिवक्ता का तबियत खराब हुआ। सदर अस्पताल में भर्ती हुए तो देखने गये तो बेड पर बिना बेडसिट के लेटे हुए हैं, पंखा नहीं, बल्ब नदारत है, जब इमरजेंसी वार्ड में गये तो बद से बदतर स्थिति में मरीज पड़े मिले। जब डॉक्टरों से शिकायत करने गये तो बोले कि जहां बैठे हैं, इसकी सिलिंग ही नहीं है तो क्या करें। उन्होंने वित्त मंत्री से सदर अस्पताल मेदिनीनगर की व्यवस्था सुधारने की मांग की है ताकि आम लोगों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सके।

### स्वच्छ भारत मिशन को लेकर स्वच्छता अभियान जारी : सचिन कुमार

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा स्वच्छता को लेकर साफ सफाई अभियान रियाडा, स्थित मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर प्रांगण में की गई। इस अभियान का उद्देश्य न केवल सार्वजनिक स्थलों की सफाई करना है बल्कि आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर एक जिम्मेदार समाज की नीव रखना भी है। भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुआ स्वच्छ भारत मिशन आज एक जन आंदोलन बन चुका है और भाजपा कार्यकर्ता इसे निष्ठा के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। भाजपा सक्रिय कार्यकर्ता नीरज कुमार उर्फ बिट्टू ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं बल्कि या हर नागरिक का एक कर्तव्य है। नगर संयोजक सत्यम कुमार ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से भाजपा नया संदेश देने का प्रयास किया है कि जब समाज का हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी समझे तभी सच्चे अर्थ में स्वच्छ भारत का सपना साकार हो सकता है। मौके पर खुशबू कुमारी, मानसी कुमारी, विद्या कुमारी, आरती कुमारी, राखी कुमारी,मनोज कुमार, कुणाल कुमार, सत्यदेव सिंह, संतोष साहू, कृष्णा साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जल्द नियुक्ति नहीं हुई तो पलामू के अभ्यर्थी करेंगे उग्र आंदोलन

खबर मन्त्र संवाददाता





मेदिनीनगर/पंडवा। मेदिनीनगर के बैरिया हाउसिंग कालोनी के कुशवाहा भवन में सहायक आचार्य शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष परिमल कुमार ने की। जेएसएससी के विज्ञापन संख्या 13/ 2023 के तहत झारखंड सहायक आचार्य के कुल 26001 पदों पर होने वाली नियुक्ति को लेकर वर्तमान सरकार की उदासीनता एवं आयोग द्वारा किए जा रहे आवश्यक विलंब को देखते हुए रविवार को बैठक की गई।

सहायक आचार्य नियुक्ति को जल्द से जल्द पूरा करने को लेकर रणनीति एवं आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने के लिए पलामू जिला मुख्यालय एवं उसके भौगोलिक क्षेत्र में आने वाले सभी प्रखंडों के जेटेट 2013 एवं 2016 में सफल अभ्यर्थियों के महत्वपूर्ण बैठक की गई। बैठक में सैकड़ों की संख्या में जिले के पारा और गैर पारा अभ्यर्थी शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष परिमल कुमार ने कहा कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा 11 अप्रैल 2024 को झारखंड सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा में स्नातक प्रशिक्षित आचार्य के लिए माह 2025 नवंबर एवं इंटर प्रशिक्षित सहायक आचार्य के लिए जनवरी 2026 तक परीक्षा जारी करने की संभावित तिथि प्रकाशित की गई है। आयोग के द्वारा कैलेंडर से यह स्पष्ट हो गया है कि इस नियुक्ति को लेकर माह जनवरी 2025 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश के बावजूद भी झारखंड सरकार एवं आयोग दोनों सहायक आचार्य नियुक्ति को लेकर गंभीर नहीं है तथा टालमटोल करते हुए इसे ठंडा बस्ते में डालने की कोशिश की जा रही है। स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य कक्षा 6 से 8 कला एवं विज्ञान शिक्षक का परीक्षाफल प्रकाशित करने पर किसी तरह की अड़चन नहीं है, इसके बावजूद भी आयोग द्वारा इस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। प्रदेश अध्यक्ष परिमल कुमार ने सभी अभ्यर्थियों को आश्वस्त किया कि आसानी से हम इस नियुक्ति को अपने आप से जाने नहीं देंगे चाहे इसके लिए कुर्बानी ही क्यों नहीं देनी पड़े। इस नियुक्ति में सरकार एवं आयोग की कार्यशैली एवं नियुक्ति प्रक्रिया बाधित करने के लिए असफल प्रयास करने वालों पर संघ की पहली नजर है। समिति से संघ के जिला इकाई के लिए चार सक्रिय सदस्यों का चयन किया गया, जो प्रदेश कमेटी में हैं। जो संपर्क में रहेंगे तथा जिले के सभी जेटेट अभ्यर्थियों को संगठित करते हुए प्रदेश कमेटी के अध्यक्ष के निर्देशों के अनुरूप काम करेंगे।

मौके पर जिला अध्यक्ष जावेद महताब, अनिल कुमार सच्चिदानंद मेहता, जोमोरजिना, रविशंकर, बसंत कुमार समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे

## मिशन समृद्धि ने गरीबों के बीच रोटी सब्जी का किया वितरण



**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि संस्था की पूरी टीम की निःस्वार्थ सेवा अनोखी है। यह टीम जरूरतमंदों की पहचान है, पलामू में वंचित वर्गों के बच्चों के शिक्षा के लिए अग्रसर है। महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए क्षेत्र में प्रयत्नशील है। इस सेवा का कोई शुल्क नहीं, सिर्फ मानवता की सेवा और समाज के लिए काम करने का जज्बा है। शनि मंदिर में गरीबों, असहायों व जरूरतमंदों के बीच रोटी सब्जी का वितरण किया गया जो निरंतर चलता ही रहता है। सचिव दीप्ति शरण ने कहा कि मिशन समृद्धि संस्था की पूरी टीम के जज्बा को सलाम है। इनकी मानवीयता को भी सलाम है। रोटी देने वाले परिवारों का अभिनंदन है। मौके पर शेखर, संजीव कुमार, संध्या शेखर, बैजन्ती गुप्ता, वीणा राज, ममता, शिल्पी गोस्वामी, बेबी पाण्डेय, अन्य सबों ने महत्वूपर्ण योगदान दिये।

## लोगों को आबादी के अनुसार हिस्सेदारी दिलाना कांग्रेस की प्राथमिकता है : बिट्टू पाठक

- सदस्यता अभियान में सैकड़ों युवाओं ने कांग्रेस का थामा दामन



**चैनपुर (पलामू)।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता अभियान के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री पाठक ने कहा कि जिनकी जितनी आबादी है उसके अनुसार उनकी उतनी हिस्सेदारी दिलाना कांग्रेस की प्राथमिकता है। आज सैकड़ों की संख्या में युवाओं और महिलाओं ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण किये। उन्होंने राहुल गांधी की न्याय योजना का प्रस्ताव जिसका उद्देश्य गरीब परिवार को न्यूनतम आय प्रदान करना, किसानों के लिए समर्थन बढ़ाने और उनकी आय दुगनी करने के लिए कई योजनाओं का प्रस्ताव उनके पास है। महिला सशक्तिकरण के लिए कई कदम उठाए हैं। मौके पर प्रखंड पर्यवेक्षक शमीम अहमद राईन, ओम प्रकाश अमन, ईश्वरी प्रसाद सिंह, शैलेश चंद्रवंशी, अशोक तिवारी, मिट्ठू खान, देवांग शुक्ला, सौरव पांडेय, अमिताब शर्मा, छोटू चंद्रवंशी, प्रेमचंद तिवारी, चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष अखिलेश चौधरी, मंडल अध्यक्ष ग्येश सरवर, शहाबुद्दीन अंसारी, मुखलाल चौधरी, सुरेंद्र राम, सुनैना सिंह, सुरेंद्र भुइंयां, मदन राम, मनोज चौधरी, पिंटू, रामजी राम, शिव शंकर राम, अनीता देवी, सोनी देवी, सत्येंद्र उरांव, अजामुद्दीन अंसारी, नसीम अंसारी समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## डीएवी स्कूल में मनाई गई महात्मा हंसराज की जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** एम. के डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल में डी.ए.वी पब्लिक स्कूल के प्रथम प्रधानाचार्य महात्मा हंसराज की 161वीं जयंती मनाई गई। विद्यालय की प्रातः कालीन प्रार्थना सभा की समस्त गतिविधियां आज महात्मा हंसराज जी के जीवन पर आधारित थीं। इस सभा में हंसराज के जीवन के विविध पहलुओं पर चर्चा हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह प्राचार्यएम.के.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल के डॉ जी.एन खान ने महात्मा हंसराज के चित्र पर पुष्पार्चन कर किया। तत्पश्चात विद्यालय के सभी शिक्षकों ने महात्मा जी के चित्र पर पुष्पार्चन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर डॉ जीएन खान ने कहा कि महात्मा हंसराज जी ने 25 वर्षों तक अवैतनिक प्राचार्य के रूप में डी.ए.वी की सेवा की तथा आर्य समाज एवं दयानंद जी के आदर्शों को आगे बढ़ाया। आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती जी की मृत्यु के पश्चात उनके अनुयायियों ने उनके स्मारक के रूप में 1886 में लाहौर में प्रथम डी.ए.वी. स्कूल की स्थापना की, जो महात्मा हंसराज जी जैसे महापुरुषों के योगदान के कारण आज वटवृक्ष जैसे पुष्पित - पल्लवित हो रहा है। आज कुल 970 विद्यालय हैं जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल, इंजीनियरिंग कॉलेज एवं विश्व विद्यालय, लॉ कालेज, बीएड. कालेज, फार्मेसी कालेज, आयुर्वेदिक कालेज, आयुर्वेदिक शोध केन्द्र सम्मिलित हैं। इसमें लाखों छात्र अपने जीवन की नींव तैयार कर राष्ट्र के विभिन्न संस्थाओं में अपना योगदान देकर राष्ट्र निर्माण का कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक आलोक कुमार, मीनाक्षी करण, नीरज श्रीवास्तव, एके पांडे उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक विद्या वैभव भारद्वाज ने किया। कार्यक्रम संयोजक शिक्षक कन्हैया राय एवं शिक्षिका प्रियंका थी।

# किसान के बेटे ने जेई मेंस में सफलता पाकर क्षेत्र का नाम रौशन किया

- महुअरी गांव के छात्र रूपक कुमार ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 99 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए हैं

खबर मन्त्र संवाददाता




**हुसैनाबाद (पलामू)।** जेईई मेंस का परिणाम शुक्रवार को देर रात घोषित कर दिया गया है। इसमें हुसैनाबाद प्रखंड के महुअरी गांव के छात्र रूपक कुमार ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 99 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। रूपक ने 99.080 परसेंटाइल हासिल किया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने इंजीनियरिंग कालेजों में प्रवेश के लिए आयोजित जेईई मेन 2025 के दूसरे चरण का परिणाम शुक्रवार देर रात जारी कर दिया है। इसमें हुसैनाबाद प्रखंड के महुअरी गांव निवासी किसान सुरेंद्र मेहता व गृहणी निर्मला देवी के बेटे रूपक कुमार ने 99.080 परसेंटाइल पाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रूपक की प्रारंभिक शिक्षा बुन पब्लिक स्कूल जपला से हुई। जबकि वर्तमान में शहीद भगत सिंह इंटरमीडिएट महाविद्यालय के छात्र हैं। रूपक ने बताया कि रोजाना 10-12 घंटे की पढ़ाई करता हूं। उन्होंने बताया कि उनका आगे का लक्ष्य आइआइटी मुंबई से बीटेक करना है। उनकी इस सफलता पर पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, शहीद भगत सिंह महाविद्यालय के प्राचार्य प्रेम नाथ सिंह, बुन स्कूल के निदेशक मयंक भूषण सिंह, बीरेंद्र कुमार, अक्षय कुमार मेहता, दीपक मेहता, रंजन कुमार रवि, ललन प्रसाद मेहता, रबिन्द्र कुमार मेहता आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## पलामू गतका संघ के पांच गतकाबाज खेलेंगे नेशनल एसजीएफआई

खबर मन्त्र संवाददाता




**मेदिनीनगर।** पलामू गतका संघ के अध्यक्ष सोनू नामधारी ने नेशनल एसजीएफआई जाने वाले खिलाड़ियों को दही शक्कर खिलाकर उनका हौसला बुलंद किया। मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि सभी गतकाबाज खिलाड़ी पलामू जिला के लिए खेल में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। मुझे उम्मीद है इस बार फिर पलामू गतका टीम झारखंड के लिए पदक लेकर आएगी। एसजीएफआई के लिए चयनित आप पांचों गतकाबाज पलामू जिला की शान हैं। आपकी मेहनत रंग लायेगी। मौके पर जिला सचिव सुमित बर्मन ने कहा कि नेशनल एसजीएफआई का आयोजन दिल्ली में 22 अप्रैल से 26 अप्रैल तक किया जा रहा है। जिसमें पलामू जिला के द कराटे एकेडमी से काजल कुमारी, संत मरियम स्कूल से रौशन कुमार, सन्नी कुमार, गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल से चांदनी कुमारी, ब्राइट लैंड स्कूल से जीत तिवारी का चयन झारखंड सरकार ने किया है। इन सभी खिलाड़ियों को आने-जाने की सारी सुख सुविधा झारखंड सरकार उठा रही है। एसजीएफआई जाने वाले सभी खिलाड़ियों को झारखंड गतका संघ के अध्यक्ष केशव कुमार, सचिव विद्या, कोऑर्डिनेटर पप्पू सिंह ने बधाई दी। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर सैकड़ों की संख्या में कराटे एकेडमी के बच्चे और पलामू कबड्डी संघ के सचिव दीपक तिवारी, द्रोणाचार्य तीरंदाजी अकादमी के प्रशिक्षक अमरेश कुमार, गतका संघ के सहसचिव दिपेंद्र कुमार सिंह ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

# जेईई मेन- 2 में डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

## 55 से अधिक विद्यार्थी जेईई एडवांस्ड के लिए हुए सफल






AARUSH BANERJEE


PRINCE KUMAR PANDEY

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने जेईई मेन- 2025 की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना दमखम बरकरार रखा और जिले में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन का परचम लहराया। 99.76 परसेंटाइल के साथ विद्यालय के मेधावी छात्र आरुष बनर्जी ने विद्यालय में सबसे पहला स्थान प्राप्त किया। प्रिंस कुमार पांडेय 99.65 परसेंटाइल के साथ दूसरे और अभय शंकर सिंह 99.35 परसेंटाइल लाकर तीसरे स्थान पर रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार सफल विद्यार्थियों की फेहरिस्त में आरुष बनर्जी प्रिंस कुमार पांडेय व अभय शंकर सिंह के अलावा सैयद अशदुल्लाह उज्जवल सिंह अपूर्व झा अक्षित आकर्ष दुबे अभिनव राज हर्षवर्धन रितेश कुमार महतो ख्याति सिन्हा अभिनीत शरण मनीष कुमार मृत्युंजय कुमार आशीष कुमार नितिन कुमार सिंह आदित्य कुमार शर्मा श्रीश पाठक अभिनव कश्यप अर्पित कुमार सिंह आर्यन कुमार ऋषिमा तिवारी अनुप झा कनिष्ठ शर्मा शिवम कुमार उत्कर्ष राज सादिक कमर अधृत सिंह मयंक राज अनंत्य दुबे सिद्धांत शर्मा आर्यन बंदिता महता प्रिंस कुमार शिवम कुमार सुमित कुमार झा अनुपम शर्मा आयुष कुमार सुदर्शन आरोही अनुपम राज पलक्ष व कुमार विट्ठल शुभम कुमार निश्चय मेहता तन्मय कुमार युवा राज सहित 55 से अधिक विद्यार्थियों ने आगामी 18 मई को होनेवाली जेईई एडवांस्ड की परीक्षा के लिए क्वालीफाई किया है। डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए जेईई एडवांस्ड में भी उनके बेहतर परिणाम की उम्मीद जताई और इसके लिए उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं। सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहता है टॉपर आरुष तो आईएएस अफसर बनने की इच्छा है, अभय की। सर्वोत्कृष्ट परिणाम हासिल करने वाले आरुष बनर्जी की दिली ख्वाहिश आगे चलकर एक सफल सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनने की है। चिकित्सक डॉ देवाशीष बनर्जी एवं शिक्षिका बबीता बनर्जी के होनहार पुत्र आरुष को खगोलीय विज्ञान शतरंज वॉलीबॉल आदि खेल में भी काफी रुचि है।

अभय शंकर सिंह की इच्छा आगे चलकर एक आईएएस अधिकारी बनकर देश और जनता की सेवा करने की है। ईपीएफओ के दिल्ली मुख्यालय में बतौर क्षेत्रीय आयुक्त- 2 पदस्थापित ओम प्रकाश सिंह एवं गृहिणी सुमन कुमारी का पुत्र अभय पूर्व राष्ट्रपति मिसाइल मैन डॉ एपीजे अब्दुल कलाम को अपना आदर्श मानता है। पढ़ाई के अलावा उसे क्रिकेट और फुटबॉल खेलना काफी पसंद है। जितेंद्र पांडेय और ममता देवी के पुत्र प्रिंस कुमार को पढ़ाई के अलावा फुटबॉल आदि खेलों में काफी रुचि है। उसने अपनी सफलता का श्रेय डीपीएस के शिक्षकों व प्राचार्य को दिया है। उसके माता-पिता उसके आदर्श हैं।

## निशिकांत दुबे के सुप्रीम कोर्ट पर दिए गये बयान पर छिड़ी राजनीतिक जंग

# कांग्रेस मंत्री दीपिका पांडे ने इसे सुप्रीम कोर्ट पर हमला बताया



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** भाजपा सांसद डॉ निशिकांत दुबे के वक्फ बोर्ड के मामले में सुप्रीम कोर्ट पर दिए गए बयान पर राजनीति छिड़ गई है। एक तरफ जहां विपक्ष हमलावर है, तो दूसरी तरफ भाजपा ने भी निशिकांत दुबे के बयान से खुद को अलग कर लिया है। वहीं जेपी नड्डा ने बयान जारी कर कहा कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा दिए गए बयानों से भारतीय जनता पार्टी का कोई लेना-देना नहीं है ये उनका निजी बयान है, लेकिन भाजपा न तो ऐसे बयानों से सहमत है और न ही कभी ऐसे बयानों का समर्थन करती है, भाजपा इन बयानों को पूरी तरह से खारिज करती है। इसी बीच विपक्ष के नेताओं को बैठे बिठाए एक मुद्दा मिल गया खासकर स्थानीय नेताओं को , ग्रामीण विकास मंत्री सह महागामा विधायक दीपिका पांडे सिंह ने गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे के बयान को मोदी सरकार की सोची-समझी साजिश बताया है।

वहीं दीपिका पांडे सिंह ने सरकार पर सुप्रीम कोर्ट को दबाने, डराने और बदनाम करने की रणनीति बनाने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा है कि 'सत्ता के नशे में चूर निशिकांत दुबे का सुप्रीम कोर्ट पर हमला, संविधान और लोकतंत्र पर सीधे चोट -दीपीका पाण्डेय'

एक प्रश्न यहां उठता है जब पूर्व सीजेआई दीपक मिश्रा ने अनुसूचित जाति और जन जाति के कानून में संशोधन किया की झूठे मुकदमे की संख्या को देखते हुए इन कानूनों में संशोधन की आवश्यकता है और उच्चतम न्यायालय ने उसमें संशोधन कर विधायिका के पास भेजा लेकिन केंद्र में यही भाजपा सरकार थी और उच्चतम न्यायालय के आदेश को मानने से इनकार किया और सीजेआई के फैसले को ठुकरा दिया गया और उस कानून में कोई संशोधन नहीं हुआ ।उस निर्णय में विधायिका न्यायपालिका पर हावी रही ।लेकिन किसी ने पक्ष या विपक्ष ने एक शब्द नहीं निकाला न्याय पालिका बेबस बनकर रह गई। वक्फ बोर्ड कानून में संशोधन अगर संविधान के दायरे में रहते हुए संवैधानिक मयार्दाओं के अंदर रहते हुए हर अहताओं को पूर्ण करते हुए लोक सभा ,राज्य सभा और राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद अगर कानून बना तो कौन सी परंपराओं का उल्लंघन किया गया है ये एक सामान्य जनता की समझ से परे है। उच्चतम न्यायालय को पूरी प्रक्रिया को देखने का अधिकार है कहीं किसी धारा या कानून का उल्लंघन तो नहीं हुआ? अगर सारी प्रक्रियाएं पूरी की गई है तो फिर उसमें संशोधन या रद्द करने का कोई ओचित्य नहीं है। भाजपा पार्टी की अपनी विचारधारा है वोट बैंक हैं समस्याएं हो सकती हैं तो पार्टी डाक्ट दुबे के विचारों से सहमत नहीं हो सकती लेकिन ये प्रश्न तो उठेगी विधायिका और न्यायपालिका के अधिकार क्षेत्र की व्याख्या होनी चाहिए।

## जेईई मेंस में चिन्मय के प्रियांशु राज

# अतिन गौरव व अश्विन कुमार क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान



खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो। जेईई मेंस के दूसरे फेज में चिन्मय विद्यालय के छात्र प्रियांशु राज 99.55 परसेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय में पहले स्थान पर जबकि अतिन गौरव (99.35) एवं अश्विन कुमार (99.33) परसेंटाइल लाकर क्रमशः दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रहे। इसके अतिरिक्त समाचार लिखे जाने तक 77 से अधिक विद्यार्थियों ने 90 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किये। विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय के वरीय शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं बच्चौ की कड़ी मेहनत के कारण यह शानदार सफलता मिली है। उन्होंने सभी सफल छात्रों उनके अभिभावकों एवं विद्यालय के सभी शिक्षकों को इस प्रयास में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए हार्दिक बधाई दी है। साथ ही यह उम्मीद जताई है कि आईआईटी एडवांसड में और भी बेहतर परिणाम होगा। उन्होंने सभी सफल छात्रों का हौसला बढाते हुए कहा कि आने वाले समय में पूरा ध्यान एवं पूरा समय पढ़ाई पर दें। साथ ही समय प्रबंधन पर विशेष ध्यान दें। छात्रों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए परम पूज्या स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती अध्यक्ष बी मुखोपाध्याय सच महेश त्रिपाठी एवं उप-प्राचार्य नरमेन्द्र कुमार एवं वरीय शिक्षक अजय कुमार सिंह अशोक चौबे देवज्योति बराल एएन उपाध्याय प्रफुल्ल कुमार सिंह कुमोद रंजन सिंह राज कुमार चंदन कुमार सिंह आदि ने सभी सफल छात्रों को बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# जेल अदालत सह जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन



सुनवाई करते न्यायाधीश

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** केन्द्रीय कारा में जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन रविवार को हुआ। जेल अदालत की अध्यक्षता मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने किया। जेल अदालत झालसा, रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार अध्यक्ष सह प्रधान जज संजय कुमार चन्द्धरियावी के आदेशानुसार हुआ। जेल अदालत में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय में लंबित तीन वाद, अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय में लंबित एक वाद एवं न्यायिक दंडाधिकारी वॉटर भेंगरा के न्यायालय में लंबित एक वाद कुल पांच वादों का आवेदन जेल अदालत के लिए समर्पित किया गया। सभी वादों में बंदियों का समयावधि कम रहने के कारण आवेदन पर विचार नहीं किया जा सका। उपरोक्त अवसर पर प्राधिकार सचिव उत्तम सागर राणा, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी आदित्य, कारापाल एवं लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल सिकंदर मंडल, सरोज गोन, अंकित कुमार सिंह, रोबिन कुमार एवं न्यायालयकर्मी, काराकर्मी एवं बंदी उपस्थित थे। जेल अदालत -सह- विधिक जागरूकता शिविर में मेडिकल कैंप लगा करके सभी बंदियो के स्वास्थ्य की जांच भी की गई। जिन बंदियों को लिगल एड की आवश्यकता थी। उस पर प्राधिकार सचिव ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

## राजद ने प्रेस वार्ता जारी कर सरकार से

# बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित कर मामले को सुलझाने की अपील की



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** आज राजद कार्यालय में प्रदेश राजद सचिव दिनेश यादव एवं जिला महासचिव जाहिद इकबाल ने संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा कि पुराने समाहरणालय के निकट बाबा साहब आंबेडकर की प्रतिमा को लगाने को लेकर तरह तरह के आरोप और प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं जिसमें पूर्व विधायक अमित मंडल जी का भी बयान आया था। राजद ये स्पष्ट रूप से घोषणा करता है कि बाबा साहब के सच्चे अनुयायि राजद के लोग हैं और सब गरीब गुरबों को लेकर साथ चलने की हमारी परंपरा रही है।

संविधान की बात करने वाले संविधान की मयार्दाओं का पालन नहीं करते लेकिन हमें अपने नेतृत्व पर गर्व है जो संविधान की धाराओं के अंतर्गत चलते हुए अपनी बात रखते हैं। सरकार से हम मांग करते हैं कि प्रतिमा लगाई जाय और प्रशासन उसमें सहयोग करे ।प्रेस वार्ता में धनंजय महतो अंचल सचिव सहित और भी कई अन्य लोग शामिल थे।

## यूथ नेशनल बास्केटबॉल चैम्पियनशिप में झारखंड टीम ने दिखाए अपने जौहर, किया उम्दा प्रदर्शन

**बोकारो।** झारखंड बास्केटबॉल एसोसिएशन की बालक और बालिकाओं की 32 सदस्यों की टीम द्वारा पांडिचेरी के राजीव गांधी स्टेडियम में आयोजित 40वें यूथ नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2025 में 9 से 16 अप्रैल तक सफलतापूर्वक बेहतर प्रदर्शन के बाद वापसी पर जोरदार स्वागत किया गया। टीम में बालक वर्ग के हेड कोच मो आरिफ आफताब असिस्टेंट कोच किंकर कृष्णा टीम मैनेजर विशाल दास बालिका टीम के मुख्य प्रशिक्षक निजाम अली टीम मैनेजर शांत मिश्रा के रेलवे स्टेशन पर पहुँचने पर गर्मजोशी के साथ खिलाड़ियों का अभिनंदन किया गया। टीम ने काफी बेहतरीन प्रदर्शन किया और अच्छी से अच्छी टीमों को शिकस्त देते हुए झारखंड का परचम लहराया।

## सुव्यवस्थित संचालन के लिए बीएसएल ने की सार्थक पहल

**बोकारो।** स्थानीय सेक्टर-5 स्थित हटिया को सुव्यवस्थित करने के निमित्त बीएसएल प्रबंधन ने एक नई पहल करते हुए इसके संचालन की जिम्मेदारी स्थानीय विस्थापित वर्ग की एजेंसी मेसर्स सोनी इंटरप्राइजेज को सौंपी है। इस नई व्यवस्था की शुरूआत सीजीएम-टीए कुंदन कुमार ने बीएसएल अधिकारियों सेक्टर 5 हटिया के दुकानदार व जन सामान्य तथा मेसर्स सोनी इंटरप्राइजेज के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में की। मौके पर सीजीएम श्री कुमार ने बताया कि हटिया परिसर को स्वच्छ व हाईजीनिक और सुव्यवस्थित बनाने का लाभ दुकानदार और खरीदार- दोनों को मिलेगा। उन्होंने सेक्टर 5 हटिया के सभी दुकानदारों से इस नई व्यवस्था को लागू करने में सहयोग करने की अपील की। जीएम-टीए एके सिंह ने बताया कि चयनित एजेंसी मेसर्स सोनी इंटरप्राइजेज हटिया में दुकानदारों के बैठने के लिए निर्धारित शुल्क 40 रुपए प्रति दिन पर उन्हें 3 मीटर ७ 3 मीटर अथवा 30 रुपए प्रति दिन शुल्क पर 3 मीटर ७ 2 मीटर का स्थान उपलब्ध कराएगी। इसके अलावा ठेला संचालकों को भी निर्धारित दर 20 रुपए प्रति दिन पर स्थान प्रदान किया जाएगा। बदले में सम्बंधित एजेंसी हटिया की साफ-सफाई और हटिया के संचालन के लिए आवश्यक अन्य मूलभूत सुविधाएं दुकानदारों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगी। सेक्टर 5 हटिया के दुकानदारों को दुकान संचालन के लिए अस्थाई तौर पर विद्युत कनेक्शन भी प्रदान किया।

# कुड़मी जनजाति की अपनी भाषा, संस्कृति व परंपरा है सबसे विशिष्ट व अलगः दीपक





खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के मंजूरा गांव में सरहुल परब के उपलक्ष्य में आदिवासी कुड़मी समाज मंजूरा के द्वारा रंगारंग कुड़माली झूमर एवं ??पाता नाच कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें पश्चिम बंगाल के प्रसिद्ध कुड़माली लोकगीत गायक गोविन्द लाल हस्तुआर अंजना महतो व बिहारी लाल महतो के द्वारा एक से बढ़कर एक कुड़माली झूमर एवं अन्य गीत की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम की शुरूआत अखाड़ा वंदना के साथ की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कुड़मी जनजाति के शोधकर्ता दीपक कुमार पुनरिनयार पूर्व विधायक लंबोदर महतो ज़िप सदस्य अमरदीप महाराज जेएलकेएम नेत्री पूजा कुमारी व मुखिया ममता कुमारी उपस्थित थे। इस दौरान कुड़मी जनजाति के शोधकर्ता दीपक कुमार पुनरिनयार ने कहा कि कुड़मी जाति नहीं विशुद्ध रूप से जनजाति है जिसके अपने आदिम लक्षण विशिष्ट संस्कृति व भौगोलिक अलगाव का क्षेत्र है।? अपनी भाषा-संस्कृति-परब-त्यौहार व देवाभूता हैं। जन्म बिहा एवं मृत्यु संस्कार के अपने नेग-नियम है जो किसी हिंदू वैदिक संस्कृति से पूर्णतया भिन्न है। कहा कि अपनी विशिष्ट संस्कृति को पुनर्जीवित करने की जरूरत है। तभी कुड़मी जनजाति की पहचान सुरक्षित रहेगी। सरकारी दस्तावेज एवं हमारी विशिष्ट जनजातीय लक्षण बता रही हैं कि कुड़मी जाति नहीं जनजाति है लेकिन सरकार इन सब के बावजूद भी कुड़मी को जनजाति की सूची में शामिल नहीं कर रही है। इसके लिए और संघर्ष करने की जरूरत है। मौके पर मौके पर शिशुपाल केसरियार उमाचरण गुलिआर टुपकेश्वर केसरिआर प्रवीण केसरिआर सहदेव टिडुआर पियूष बंसरिआर महावीर गुलिआर ज्ञानी गुलिआर भागीरथ बंसरिआर मुरली जालबानुआर सुभाष हिन्दीआर सुलचंद गुलिआर मिथिलेश केटिआर उमेश केसरिआर अखिलेश केसरिआर अमरनाथ गुलिआर सदानंद गुलिआर विश्वनाथ केसरिआर शैलेश केसरिआर दिलीप केसरिआर निरंजन केसरिआर धनेश्वर जालबानुआर कमल जालबानुआर दुर्गा पुनअरिआर द्वारिका केसरिआर कुलेश्वर केसरिआर लालमोहन गुलिआर निरंजन केसरिआर समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### पास्का पर्व को लेकर रात्रि जागरण और पास्का रविवार पर यीशु गुणगान कार्यक्रम


प्रार्थना सभा में भाग लेते इसाई धर्मावलंबी

खबर मन्त्र संवाददाता

**शिकारीपाड़ा।** यीशु मसीह के चालीस दिनों के पश्चाताप-उपवास प्रार्थना, शैतान के मायावी परीक्षण पर विजयी प्राप्ति, अंतिम दुखभोग व सूली पर प्राण त्यागने, कब्रिस्तान पर दफनाये जाने और तीसरे दिन के अहले सुबह पर पुनर्जीवित होने की इस ईश्वरीय रहस्यमय चमत्कारिक घटनाक्रम के यादगार पर शनिवार रात्रि को संत रीता मिशन गिरजाघर में भारी तदाद पर मसीही अनुयायियों ने रात्रि जागरण के दरम्यान अग्नि को प्रकाश का प्रतीकात्मक चिन्ह दशार्ते हुए मोमबत्ती जलाकर प्रार्थना-अराधना करके पवित्र पास्का पर्व बड़े ही श्रद्धा और भक्ति गीत संगीत वातावरण में मनाकर संपन्न किया। इस दरम्यान, समस्त मनुष्य जाति के लिए ईश्वरीय वरदान स्वरूप समस्त ब्रह्मांड की सृष्टि, मनुष्य जीवन की उत्पत्ति और विकास, मनुष्य जीवन बचाव का ईश्वरीय संकल्प, नूह नबी के माध्यम से जल प्रलय से समस्त जीवों का बचाव, अपने चुने हुए लोगों को मूसा नबी के माध्यम से मिस्त्र की गुलामी से मुक्ति दिलाने जैसी ईश्वरीय रहस्यमय चमत्कारिक घटनाक्रमों का बाईबल पाठ पढ़ा गया। स्थानीय पल्ली पुरोहित ने अपने संदेश में यह बताते हुए कहा कि अंततः परम पिता परमेश्वर ने दुनियाभर के समस्त मनुष्य जाति को इतना प्रेम दिया कि उसने धरती पर अपने एकलौते पुत्र भेजकर समस्त मनुष्यों को सत्य, अहिंसा, प्रेम, बलिदान और मृत्यु पर विजय दिलाने की चमत्कारिक रहस्यमय घटना से जीवंत ईश्वर के प्रतिज्ञा को पूरा किए जाने मिसाल कायम किया। ईस्टर पर्व अथवा पास्का पर्व के इस पावन अवसर पर पास्का रविवार (ईस्टर संडे) के दिन के उजियाले में मसीही अनुयायियों ने शिकारीपाड़ा गिरजाघर में येसु मसीह के मृत्यु उपरांत जी उठने की यादगार घटना को संस्मरण करते हुए बड़े ही धूमधाम और भक्तिमय वातावरण में प्रार्थना व अराधना किया, ईश्वरीय प्रतिज्ञा के प्रति आभार अभिव्यक्त करते हुए परमपिता परमेश्वर का गुणगान किया। इस दरम्यान वे एक दूसरे को ईस्टर पर्व की मुबारकबाद दी।ईस्टर पर्व का मिस्सा पूजा प्रार्थना का नेतृत्व पल्ली पुरोहित जोस आलेमकल, सहायक पल्ली पुरोहित बिमल मरांडी, अतिथि पुरोहित जेम्स सोरेन मुख्य रूप से भूमिका निभाई। इस मौके पर भारी तदाद पर स्थानीय मसीही अनुयायी महिला-पुरूष, युवा और बच्चे शामिल हुए।

### प्रभारी प्रधानाचार्य मनोज कुमार साहनी का आकस्मिक निधन

**बेरमो।** राम रतन उच्च विद्यालय ढ़ोरी,फुसरो बेरमो के प्रभारी प्रधानाचार्य मनोज कुमार साहनी का आकस्मिक निधन। शोक व्यक्त करने वाले में विजय कुमार मिश्रा, मनेश अग्रवाल, अजीत सिंह, संजय कुमार, योगेंद्र प्रसाद ,अरविंद सिंह, प्रभा कुमारी, वीणा कुमारी, गायत्री कुमारी, अल्पना कुमारी सहित पूरा विद्यालय परिवार शामिल है।

### व्यापारी संजय बर्मन पर गोली चलाने वालों की शिनाख्त नहीं

**गम्हरिया।** बीते शनिवार में कांड्रा के व्यवसायी संजय बर्मन पर हुई गोलीचालन की घटना में अबतक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। अपराधी अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर है। इधर, कांड्रा थाना प्रभारी विनोद मुर्मू ने दावा किया है कि उंक्त मामले के अपराधी जल्द ही सलाखों के पीछे होंगे। उन्होंने बताया कि व्यवसायी संजय बर्मन को अपराधियों ने रंगदारी को लेकर गोली मारी थी। सभी अपराधियों की पहचान हो चुकी है, लेकिन अभी वे फरार हैं। पुलिस जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर इस गोली चालन की घटना का खुलासा करेगी। इधर, बताया जा रहा है कि संजय बर्मन की स्थिति अब भी गंभीर है। टीएमएच में उनका इलाज चल रहा है।

### बागबेड़ा महानगर विकास समिति के संयोजक विनोद राम के पिता का निधन

**जमशेदपुर।** बागबेड़ा महानगर विकास समिति के संयोजक विनोद राम के पिता आरजी राम निधन हो गया है। उनकी अंत्येष्टि आज पार्वती घाट पर कर दी गयी। स्वर्गीय आर जी राम अपने पीछे तीन पुत्र विजय राम, विनोद राम, राकेश राम और दो बेटी पोता पोती और नाती-नतनी का भरा- पूरा परिवार को छोड़ गए हैं। 19 अप्रैल को टाटा टेल्को हॉस्पिटल में संध्या 5:00 बजे उनका निधन हो गया था जबकि आज 12:00 बजे दिन में पार्वती घाट में उनका दास संस्कार के लिए अग्नि को समर्पित कर दिया गया।

### एडीएल सनसाइन स्कूल के एजीएम में दो पक्षों में मारपीट

**जमशेदपुर।** एडीएल सनशाइन स्कूल,कदमा की वार्षिक आम सभा में आज पक्ष-विपक्ष के बीच ठेला-ठेली और बहस मारपीट में तब्दील हो गई। एसडीओ से दोनों पक्षों ने इस मामले में शिकायत की हैं। अब एसडीओ इस विवाद को निपटायेंगी। रविवार को जैसे ही बैठक की प्रक्रिया शुरू होने वाली थी, माहौल अचानक गरमा गया। विपक्षी खेमे ने स्कूल परिसर के मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया और किसी को अंदर घुसने नहीं दिया। यह कदम बैठक को रोकने की कोशिश के तौर पर देखा गया, जिससे तनाव चरम पर पहुंच गया। कुछ ही देर में स्कूल की प्रबंधन समिति (सत्तापक्ष) और विरोधी गुट के बीच तीखी बहस छिड़ गई, जो हाथपाई में तब्दील हो गई। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।

### मछली पकड़ने गया युवक डूबा, मौत

**जमशेदपुर।** एमजीएम थाना के पोखारी डैम में मछली पकड़ने गए देवघर गांव निवासी 22 वर्षीय बहादुर सिंह की डूबने से मौत हो गई। वह शनिवार को अपने दस दोस्तों के साथ मछली पकड़ने गया था। जाल बिछाने के दौरान उसका पैर फिसल गया और वह पानी में डूब गया। पुलिस ने रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है। बताया जाता है कि बहादुर के साथियों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और लगभग दो घंटे की मशक्कत के बाद उसे पानी से बाहर निकाला। इसके बाद उसे एमजीएम अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### स्वास्थ्य विभाग में संविदा पर नवनियुक्त कर्मियों को आज मिलेगा नियुक्ति पत्र

**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत एएनएम-आरसीएच, स्टाफ नर्स-आरसीएच, जीएनएम-सीएचसी एनसीडी क्लिनिक,फार्मासिस्ट आरबीएसके,सोशल वर्कर :आरबीएस,ओफ्थालमी असिस्टेंट और न्यूट्रिसिनल काउंसिलर : एमटीसी के पद पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु चयनित अभ्यर्थियों को सोमवार, 21 अप्रैल 2025 को नियुक्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। टाउन हॉल, सिदगोड़ा में आयोजित कार्यक्रम में माननीय स्वास्थ्य मंत्री, झारखंड डॉ इरफान अंसारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

स्पीड न्यूज

## रामबन में बादल फटने से तीन लोगों की मौत

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में बादल फटने से तीन लोगों की मौत होने के साथ ही ओलावृष्टि और बाढ़ से कुछ परिवारों की संपत्ति को नुकसान हुआ। इसके अलावा भारी बारिश के कारण भूस्खलन के बाद जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग बंद हो गया। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि रामबन जिले में भारी बारिश से भूस्खलन और बाढ़ से राष्ट्रीय राजमार्ग पंथयाल, सेरी और अन्य इलाकों में बंद हो गया।

## चार फिल्मों में डेब्यू करेंगी अकांक्षा शर्मा



मुंबई। अभिनेत्री अकांक्षा शर्मा इस वर्ष धमाकेदार डेब्यू करने जा रही हैं। भारतीय सिनेमा 2025 में एक नए और प्रतिभाशाली चेहरे का स्वागत करने के लिए तैयार है, जब अकांक्षा शर्मा चार बहुप्रतीक्षित फिल्मों के साथ अपने बॉलीवुड करियर की शानदार शुरूआत करेंगी। उनकी पहली फिल्म ह्यतेरा यार हूं मैं है, जिसमें वे अमन इंद्र कुमार के साथ नजर आएंगी। इस भावनात्मक एंटरटेनर का निर्देशन मिलाप जावेरी कर रहे हैं, और यह दोस्ती एवं रिश्तों की गहराई को उजागर करेगा।

## गायक अरिजीत सिंह ने किया महाकाल का दर्शन



उज्जैन। बॉलीवुड इंडस्ट्री के प्रसिद्ध गायक अरिजीत सिंह रविवार को महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान महाकाल के दर्शन कर पूजन अर्चना किया। अरिजीत सिंह सपत्नीक महाकाल की भस्म आरती में भी शामिल हुए। दरअसल, अरिजीत सिंह का शनिवार की रात इंदौर में लाइव कॉन्सर्ट हुआ। वे इंदौर में रात्रि विश्राम के बाद रविवार सुबह करीब चार बजे महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे। वे यहां भस्म आरती में शामिल हुए। इसके बाद उन्होंने महाकाल की पूजा-अर्चना की।

## 2800 आयुष चिकित्सकों की बहाली शीघ्र : मंगल

पटना। बिहार में जल्द ही 2800 आयुष चिकित्सकों की बहाली की जाएगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत इनकी बहाली के लिए एक सप्ताह के अंदर विज्ञापन प्रकाशित किया जाएगा और रिक्त पदों को भरा जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने रविवार को अधिवेशन भवन सभागार में आयुष मेडिकल एसोसिएशन, बिहार के तत्वावधान में आयोजित हैनीमेन जयंती सह वैज्ञानिक सेमिनार में इसकी घोषणा की।

## खड़गे का बिहार दौरा महज एक पब्लिसिटी स्टंट : विजय सिन्हा

पटना। बिहार के उप मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय कुमार सिन्हा ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बिहार दौरे पर कहा है कि उनका दौरा महज एक पब्लिसिटी स्टंट है। सिन्हा ने कहा कि कांग्रेस के युवराज की जी-हजूरी में खड़गे साहब दौरा तो करते हैं, लेकिन वो कांग्रेस के किए पुराने कारनामों पर परदा नहीं डाल पाते हैं। राजद की मिलीभगत में उनका आओ भगत खूब होता है, लेकिन उसका बिहार की जनता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ने वाला क्योंकि केंद्र की राजग सरकार के दस वर्षों के कार्यकाल में बजट का आकार तीन गुना बढ़ा है।

# ट्रंप के खिलाफ पूरे अमेरिका में प्रदर्शन

## कई शहरों में सड़कों पर उतरे लोग, कहा-महाभियोग लाओ... ट्रंप को हटाओ

**न्यूयॉर्क, वाशिंगटन समेत कई शहरों में निकाली रैली**

एजेंसी

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के विरोधियों ने शनिवार को अमेरिका भर में बड़े और छोटे समुदायों की सड़कों पर प्रदर्शन किया और देश के लोकतांत्रिक आदर्शों के लिए खतरों की निंदा की। इन अलग-अलग घटनाओं में मैनहट्टन के मध्य शहर में एक मार्च और व्हाइट हाउस के सामने एक रैली से लेकर मैसाचुसेट्स में 19 अप्रैल, 1775 को पूरी दुनिया में सुनी गई गोली की स्मृति में एक प्रदर्शन शामिल था, जो 250 साल पहले क्रांतिकारी युद्ध की शुरूआत का प्रतीक था। बोस्टन के बाहर लेक्सिंगटन और कॉनकॉर्ड की लड़ाई के पुनः मंचन के दौरान प्रदर्शनकारियों में थॉमस बासफोर्ड भी शामिल थे। मेन के 80 वर्षीय सेवानिवृत्त राजमिस्त्री ने कहा कि उनका मानना है कि अमेरिकियों पर उनकी अपनी सरकार द्वारा हमला किया जा रहा है और उन्हें इसके खिलाफ खड़ा होना चाहिए। बैसफोर्ड ने कहा कि अमेरिका में आजादी के लिए यह बहुत ही खतरनाक समय है, जो अपनी साथी, बेटी और दो पोतों के साथ थे। मैं चाहता था कि लड़के इस देश की उत्पत्ति के बारे में जानें और यह कि कभी-कभी हमें आजादी के लिए लड़ना पड़ता है। डेनवर में, सैकड़ों प्रदर्शनकारी कोलोराडो राज्य कैपिटल में आप्रवासियों के साथ एकजुटता व्यक्त करने वाले बैनरों के साथ एकत्र हुए और ट्रम्प प्रशासन से कहा कि हाथ मत लगाओ। लोगों ने अमेरिकी झंडे लहराए, उनमें से कुछ ने संकट का संकेत देने के लिए उन्हें उल्टा कर दिया। हजारों लोगों ने पोर्टलैंड, ओरेगन के डाउनटाउन में भी मार्च किया, जबकि सैन फ्रांसिस्को में सैकड़ों लोगों ने प्रशांत महासागर के किनारे रेतीले समुद्र तट पर महाभियोग लगाओ और हटाओ शब्द लिखे, साथ ही एक उल्टा अमेरिकी झंडा भी था। लोग हाथ से बने संकेतों के साथ अलास्का के डाउनटाउन एंकोरेज से गुजरे, जिन पर प्रदर्शन के कारण बताए गए थे, जिनमें से एक पर लिखा था कि कोई भी संकेत इतना बड़ा नहीं है कि मैं यहाँ आने के सभी कारणों को सूचीबद्ध कर सकूँ! अन्य जगहों पर टेस्ला कार







डीलरशिप के बाहर अरबपति ट्रम्प के सलाहकार एलन मस्क और संघीय सरकार को छोटा करने में उनकी भूमिका के खिलाफ विरोध प्रदर्शन की योजना बनाई गई। अन्य लोगों ने भोजन अभियान, शिक्षण-सत्र और स्थानीय आश्रयों में स्वयंसेवा जैसे अधिक सामुदायिक सेवा-उन्मुख कार्यक्रम आयोजित किए। यह विरोध प्रदर्शन इसी प्रकार के राष्ट्रव्यापी प्रदर्शनों के दो सप्ताह बाद हुआ है।

**ओरेगन में लोगों का मार्च :** हजारों की संख्या में लोगों ने पोर्टलैंड के ओरेगन में डाउनटाइउन तक मार्च किया। उधर, सैन फ्रांसिस्को में सैकड़ों लोगों ने प्रशांत महासागर के किनारे विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया। यहां लोगों ने ट्रंप के खिलाफ महाभियोग लगाओ और हटाओ के बैनर लेकर पहुंचे। अलास्का के डाउनटाउन में भी ऐसा ही प्रदर्शन देखने को मिला।

**एलन मस्क भी निशाने पर :** कुछ स्थानों पर टेस्ला कार डीलरशिप के सामने भी लोगों ने अपने गुस्से का इजहार किया। टेस्ला के मालिक एलन मस्क डोनाल्ड ट्रंप के करीबी हैं। ट्रंप ने उन्हें सरकारी दक्षता विभाग की जिम्मेदारी दे रखी है। मस्क के आदेश पर ही कई विभागों में छंटनी की गई। इसी वजह से अमेरिका की जनता मस्क से भी खफा है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे ट्रंप के नागरिक अधिकारों और संवैधानिक उल्लंघनों के खिलाफ हैं। न्यूयॉर्क में हाथों में तख्तियां लेकर लोगों की भीड़ मुख्य पुस्तकालय के बाहर जुटी। इन तख्तियों में अमेरिका में कोई राजा नहीं और अत्याचार का विरोध करें जैसे नारे लिखे थे। एक व्यक्ति के कार्डबोर्ड पर लिखा था कि सामंती युग समाप्त हो गया है।

**पुलिस राज्य बनाने में जुटे ट्रंप :** कॉनकॉर्ड में विरोध प्रदर्शन में शामिल बोस्टन के रहने वाले जॉर्ज ब्रायंट का कहना है कि डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका को एक पुलिस राज्य बना रहे हैं। उनके हाथ में एक तख्ती थी। इस पर लिखा था कि ट्रंप के फासीवादी शासन को अब जाना चाहिए!

**मैनहट्टन में भी निकाली रैली:** साउथ कैरोलिना की राजधानी कोलंबिया में सैकड़ों लोगों ने विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया। उनके हाथों में जमकर लड़ो, हार्वर्ड, लड़ो जैसे नारे लिखे पोस्टर थे। मैनहट्टन में भी लोगों ने रैली निकाली। ढोल की थाप पर लोगों ने नारा लगाया कि हमारे देश में कोई डर नहीं, कोई नफरत नहीं, कोई आईसीई नहीं। ट्रंप प्रशासन ने सत्ता संभालने के बाद सामाजिक सुरक्षा प्रशासन के क्षेत्रीय कार्यालयों पर ताला लगा दिया। सरकारी स्वास्थ्य कार्यक्रमों के धन में भारी कटौती की।

# मुस्लिम आयुक्त थे कुरैशी : निशिकांत

## भाजपा सांसद ने सीजेआइ के बाद अब पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त पर बोला हमला

- कुरैशी ने संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठिया को सबसे ज्यादा वोटर बनाया
- नड्डा की चेतावनी के बाद भी सांसद निशिकांत दुबे की विवादित बयानबाजी जारी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की चेतावनी के बाद भी सांसद निशिकांत दुबे की विवादित बयानबाजी जारी है। सुप्रीम कोर्ट और भारत के मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ मोर्चा खोलने के बाद निशिकांत दुबे ने अब पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाइ कुरैशी पर निशाना साधा है। इंटरनेट प्लेटफॉर्म एक्स पर किए पोस्ट में निशिकांत दुबे में एसवाई कुरैशी को मुस्लिम आयुक्त करार दिया।

दुबे ने वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ कुरैशी के तीन दिन पुराने पोस्ट का जवाब देते हुए हमला बोला। दरअसल एसवाई कुरैशी ने गुरूवार को पोस्ट कर वक्फ अधिनियम को निस्संदेह मुसलमानों की जमीन पर कब्जा करने के गलत मंशा से लाई गई सरकार की एक योजना है।

उन्होंने भरोसा जताया था कि सुप्रीम कोर्ट सरकार की इस मंशा का पदार्फाश करेगा। कुरैशी के अनुसार वक्फ अधिनियम में संसोधन के पहले सरकार के दुष्प्रचार मशीन ने अच्छी तरह से इसके बारे में गलत जानकारी फैलाई थी। निशिंकांत दुबे में तीन बाद इस पोस्ट को संज्ञान में लेते हुए कुरैशी पर जमकर हमला बोला। निशिकांत दुबे में कुरैशी पर हमला करते हुए कहा कि आप चुनाव आयुक्त नहीं, मुस्लिम आयुक्त थे। दुबे ने आरोप लगाया कि कुरैशी के मुख्य चुनाव आयुक्त रहते हुए ही झारखंड के संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठिया को





सबसे ज्यादा वोटर बनाया गया। मुसलमानों की जमीन कब्जा करने की गलत मंशा से लाए गए वक्फ संशोधन कानून के कुरैशी के आरोप का जवाब देते हुए दुबे में कहा कि पैगंबर मुहम्मद साहब का इस्लाम भारत में 712 में आया। उसके पहले तो यह सारी जमीन हिंदुओं की या उसी आस्था से जुड़ी आदिवासी, जैन या बौद्ध धर्मावलंबियों की थी। निशिकांत दुबे में अपने गांव विक्रमशिला का उदाहरण दिया, जबां स्थित विक्रमशिला विश्वविद्यालय को बख्तियार खिलजी ने 1189 में जला दिया था। उनके अनुसार विक्रमशिला विश्वविद्यालय ने दुनिया को पहला कुलपति अतिश दीपांकर के तौर पर दिया। निशिकांत दुबे में एसवाई कुरैशी को देश को जोड़ने और इतिहास पढ़ने की सलाह दी।

## अमेरिकी गृह विभाग के खिलाफ छात्रों ने दायर की याचिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका द्वारा एफ-1 स्टूडेंट वीजा स्टेट्स रद्द करने से वहां पर पढ़ रहे छात्रों का गुस्सा चरम पर है। स्टूडेंट बीजा रद्द करने के खिलाफ भारत के तीन और चीन के दो छात्रों ने अमेरिका के गृह विभाग और इमिग्रेशन अफसरों के खिलाफ न्यू हैम्पशायर की डिस्ट्रिक कोर्ट में याचिका दायर की गई है। छात्रों का आरोप है कि गैरकानूनी तरीके से अचानक बीजा रद्द करने से उन्हें बीच में ही पढ़ाई छोड़कर जाना पड़ेगा। अमेरिकन सिविल लिबर्टीज यूनियन के मुताबिक याचिका दाखिल करने वाले भारत के छात्र लिंकिथ बाबू गोरेला, धनुज कुमार गुम्माडावेली व मणिकंता पासुला और चीन के हैंगरुई झांग व हाओयांग शामिल हैं। याचिका में कहा गया है कि एफ-1 स्टेट्स समाप्त होने के कारण छात्र न केवल अवैध प्रवासी की स्थति में आ गए हैं, बल्कि उन्हें डिटेंशन, डिपोर्टेशन के साथ ही शिक्षा के संकट का भी सामना करना पड़ेगा। अब वह अपनी डिग्री पूरी नहीं कर पाएंगे।

# कर्नाटक के पूर्व डीजीपी ओम प्रकाश की हत्या

- बिहार के चंपारण के रहने वाले आइपीएस अफसर का शव बेंगलुरु के पाश इलाके में तीन मंजिले घर पर मिला
- पत्नी और बेटी से पुलिस ने कर रही है पूछताछ

एजेंसी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी)ओम प्रकाश का खून से लथपथ शव संदिग्ध परिस्थितियों में रविवार को उनके बेंगलुरु स्थित आवास पर मिला है। पूर्व डीजीपी ओम प्रकाश के शव पर चाकुओं के कई घाव हैं। पुलिस के अनुसार बिहार के चंपारण के रहने वाले 68 वर्षीय आइपीएस अफसर का शव बेंगलुरु स्थित पाश इलाके एचएसआर में स्थित तीन मंजिले मकान के भूतल पर मिला। फर्श पर हर तरफ खून फैला था और हत्या में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया गया है। इस बात की जानकारी उनकी पत्नी पल्लवी ने दी थी। लेकिन पुलिस को शक है कि इस हत्या को अंजाम भी पत्नी ने ही दिया हो सकता है। फिलहाल शक के दायरे में परिवार के सदस्य ही हैं। पुलिस ने प्रकाश की पत्नी पल्लवी और बेटी से पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस



इस मामले में और जानकारियां जुटा रही है। ऐसी रिपोर्ट है कि सेवानिवृत्त हो चुके डीजीपी ओम प्रकाश ने अपने किसी करीबी से ही उनके जीवन को खतरा होने की आशंका जताई थी। प्रकाश को एक मार्च, 2015 को डीजीपी नियुक्त किया गया था।



लखनऊ में रविवार को सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक पदम श्री बिंदेश्वर पाठक की प्रतिमा का अनावरण करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अन्य।

# यूएइ में आज से शुरू होगा डेजर्ट फ्लैग

## सैन्य अभ्यास में जौहर दिखायेंगे भारतीय लड़ाकू विमान

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** संयुक्त अरब अमीरात के अल धफरा एयर बेस पर सोमवार से एक दर्जन देशों की वायु सेनाओं के बीच बहुराष्ट्रीय हवाई युद्ध अभ्यास 'डेजर्ट फ्लैग' शुरू होगा। इस हवाई अभ्यास में हिस्सा लेने के लिए भारतीय वायु सेना की टुकड़ी रविवार को यूएई पहुंच गई है। इस अभ्यास में भारतीय वायु सेना मिग-29 और जगुआर विमानों के साथ हिस्सा ले रही है। वायु सेना के मुताबिक एक्सरसाइज डेजर्ट फ्लैग यूएई




वायुसेना की ओर से आयोजित बहुराष्ट्रीय अभ्यास है, जिसमें भारतीय वायुसेना के अलावा ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, फ्रांस, जर्मनी, कतर सऊदी अरब, कोरिया गणराज्य, तुर्की, यूएई, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका की वायु सेनाओं की टुकड़ियां भाग लेंगी। यह अभ्यास 21 अप्रैल से 08 मई के बीच होगा। इस अभ्यास का उद्देश्य दुनिया की कुछ सबसे सक्षम वायु सेनाओं के साथ परिचालन ज्ञान और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान के साथ जटिल और विविध लड़ाकू अभियानों को अंजाम देना है। इस तरह के अभ्यासों में भाग लेने से आपसी समझ और अंतर-संचालन क्षमता बढ़ती है और भाग लेने वाले देशों के बीच सैन्य सहयोग मजबूत होता है। भारतीय वायुसेना की भागीदारी इस अभ्यास में मित्र देशों के साथ रक्षा संबंधों और अंतर-संचालन क्षमता को मजबूत करने की भारत की प्रतिबद्धता दर्शाती है।


# 10 कंपनियों का मार्केट कैप 3.84 लाख करोड़ बढ़ा

- एचडीएफसी बैंक व एयरटेल को हुआ सबसे ज्यादा लाभ
- बीते सप्ताह सेंसेक्स 3,396 अंक चढ़ा, निफ्टी में 1,023 अंकों की हुयी वृद्धि

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 3.84 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। छुट्टियों के कारण कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह में शेयर बाजार में तेजी के बीच एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल को सबसे ज्यादा लाभ हुआ।

बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 3,395.94 अंक या 4.51 प्रतिशत चढ़ गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 1,023.1 अंक या 4.48 प्रतिशत के लाभ में रहा। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा कि छुट्टियों के कारण कम



कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह में बाजारों में मजबूत सुधार देखा गया और यह 4.5 प्रतिशत से अधिक चढ़ गया। उन्होंने ने कहा कि मुख्य रूप से शुल्क को टाले जाने और चुनिंदा उत्पादों पर हाल ही में दी गई छूट से बाजार में उछाल आया।

समीक्षाधीन सप्ताह में एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 76,483.95 करोड़ रुपये बढ़कर 14,58,934.32 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। सबसे ज्यादा लाभ एचडीएफसी बैंक को ही हुआ।भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 75,210.77 करोड़ रुपये बढ़कर 10,77,241.74 करोड़ रुपये हो गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 74,766.36 करोड़ रुपये बढ़कर 17,24,768.59 करोड़ रुपये पर और आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 67,597 करोड़ रुपये बढ़कर 10,01,948.86 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का मूल्यांकन 38,420.49 करोड़ रुपये बढ़कर 7,11,381.46 करोड़ रुपये रहा। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की बाजार हैसियत 24,114.55 करोड़ रुपये बढ़कर 11,93,588.98 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 14,712.85 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 5,68,061.13 करोड़ रुपये रहा। आईटीसी की बाजार हैसियत 6,820.2 करोड़ रुपये बढ़कर 5,34,665.77 करोड़ रुपये रही। इन्फोसिस का मूल्यांकन 3,987.14 करोड़ रुपये बढ़कर 5,89,846.48 करोड़ रुपये हो गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 1,891.42 करोड़ रुपये बढ़कर 5,57,945.69 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का स्थान रहा।

